प्रकाशितवाक्य, अध्याय चार भाग 2

सो आज सुबह फिर से आकर खुशी हुई। मैं बस यही सोच रहा था कि किस तरह से यह बर्फ... अब, और यदि हम कोलोराडो में होते, तो यह बर्फ बहुत ही नरम और फूली हुई होती, और तापमान शून्य से लगभग चालीस नीचे होता, और आप "*फ्यूफ*" इस तरह से इसे उड़ा सकते हो, और इसे नीचे धूल में वापस गिरा सकते हो। और यह सारी सर्दियों में ऐसा ही रहता है। लेकिन अब, जब कि यहाँ पर, इस... दोनों क्षेत्रो के बीच एक तरह का फर्क है, अब ये बहुत ही गीला और सुस्त और खराब मौसम है, और—और ये ऐसा लगता है कि मैं—मैं बस काश उड़कर, एरिज़ोना की ओर जा सकता, और वसंत ऋतू आने तक प्रतीक्षा करता और फिर वापस आ जाता।

2 इसी तरह से हम सभी को सर्दी हो जाती है, अभी जीवाणु और इत्यादि बस जमीन पर पडे रहते हैं और यह जम जायेंगे और फिर पिघल जायेंगे, और फिर जम जायेंगे और फिर पिघल जायेंगे। और या ऊपर आता है और हम उसमें सांस लेते हैं, और इसे गले में खराश होती है, सिरदर्द और पीड़ा और बीमार होते है। और, मेरे, प्रभु, क्या समय है, क्या जगह है।

लेकिन नदी के पार वहां एक देश है,
जिसे वे हमेशा के लिए मधुर कहते हैं,
और हम उस किनारे तक केवल विश्वास की विधी के
द्वारा पहुंचते हैं;
एक–एक करके हम उस द्वार तक पहुँचते हैं,
वहाँ अमरहार के साथ रहने के लिए,
किसी दिन वे आपके और मेरे लिए सुनहरी घंटियां
बजाएंगे।

3 यही वो स्थान है जहां हम रहने के लिए घर पर जायेंगे, क्या ऐसा नहीं है? यही वो दिन है जिसके लिए हम देख रहे हैं।

4 अब, पिछली रात को मैंने निश्चय ही उन अद्भुत उपदेशों और बातों का आनन्द लिया जो मैंने अपने भाइयों से सुनी। पैट टायलर कहाँ है, क्या वो आज की सुबह उपस्थित है? पैट, ओह, मैंने आपको ठीक वहां पर बैठे

हुए नहीं देखा जीवन जितना बड़ा और स्वाभाविक से दोगुना। और—और मैंने—मैंने आपको वहाँ बैठे हुए नहीं देखा। पहली बार मैंने पैट को... पैट को बोलते हुए सुना; मैंने निश्चित रूप से इसका आनंद लिया, मुझे यकीन है कि हम सभी ने लिया है।

5 और उसके बाद वो छोटा सा भाई जिसने यहाँ एक उपदेश की उस आग से भरी गवाही को दिया जो वास्तव में मशीनगन से गोली चलाने की तरह लग रहा था। कोई तो भाई, मैं उनसे मिला था जो ओहियो से है। क्या वो आज सुबह यहाँ पर है? यहाँ कहीं पर वो है? भाई नेविल ने टिप्पणी की कि वो बहुत से तेजी से गोलियां चला रहा था।

6 उसके बाद भाई जे. टी. पार्नेल। और—और मैं सोचता हूँ कि वे भाई बीलर से कभी नहीं मिले। और क्या वो, भाई पार्नेल यहाँ है? भाई पार्नेल, भाई बीलर यहाँ है? मुझे पक्का नहीं है, मुझे लगता है कि मैंने भाई बीलर को देखा है।

7 यह रोशनी, यह एक... जब वे नए भवन का निर्माण करेंगे, मैं आशा करता हूँ कि वे उन चीजो को अलग तरह से करेंगे, कुछ अलग। यह हमारा पहला प्रयोग है। और इसलिए हम कभी भी एक नया भवन पायेंगे, इसलिए, हम इसे इससे थोड़ा अलग चाहते हैं; आप नहीं देख सकते; मैं एक ऐसा भवन होने के लिए पसंद करता हूँ जो *इस* तरह से नीचे की ओर तिरछा बनाया जाये, दर्शकों की ओर। आप हर समय सीधे अपने श्रोतागण की ओर देख रहे होते हैं। और फिर विशेष रूप से उन ह्रदय को परखने वाली सभाओं में, आप बस सीधे हर कहीं पर जा सकते हैं। देखो, उन्हें ठीक इस तरह से चारो ओर उठाते है, ठीक आगे–पीछे। और फिर, यहाँ तक यदि बाहर आने के लिए आपके पास एक छोटी सी बालकनी भी होती है, तो यह बेहतर होगा।

8 भाई लिटिलफ़ील्ड, क्या बिली यहाँ पर है, उसने मुझे कल रात को फोन किया और वह उस भवन का विवरण भेज रहा है जिसे मैंने वहाँ समर्पित किया था, जिसे शिल्पकार ने... भाई वुड, मैं सोचता हूँ कि इसे बनाने के लिए केवल शिल्पकार को इसका नक्शा बनाने के लिए ही पाँच सौ डॉलर खर्च हुए। और वो—वो लगने वाली लागत के साथ और सारी सामग्री की हर एक चीज भेज रहा है और हर एक दो गुना चार माप और अमुक गुना अमुक जो उसमें लगना है। और वह इसे हमारे पास भेज रहा है,

और वो आना चाहता है; और कहा कि वो लकड़ी काटने वाले लोगों और इत्यादि के पास जाएगा और देखेगा कि क्या वो उन्हें एक—एक नमूना बनाने के लिए कटवा सकता है जैसे उन्होंने उसके लिए किया था। बहुत सुंदर भवन, बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन यह एक सुंदर संरचना है।

9 इसलिए मैंने उससे कहा, मैंने कहा, "जैसे ही आप बिली को भेजेंगे, मैं—मैं इसे खजांचीयो और डीकनों को दे दूंगा और—और उसके बाद हम उन्हें यह देखने देंगे कि उन्हें अपना भवन का निर्माण आरंभ करने के लिए कितना खर्च लगेगा।"

10 उसने कहा, "जब आप ऐसा करते हैं, तो मैं आ रहा हूं, एक जोड़ी कपडा पहन लूंगा और उस दौरान बस आपके साथ रहूंगा।" भाई लिटलफ़ील्ड क्या ही अनुग्रह से भरे व्यक्ति हैं, दयालु व्यक्ति हैं, बहुत ही भले हैं।

11 अब, क्या आप सब इसके लिए सही महसूस कर रहे हैं, अब नया वर्ष आरंभ करने के लिए? आमीन! ठीक नए वर्ष में प्रवेश करे। हम इसे सही से आरंभ करना चाहते हैं, प्रभु की सेवा करते हुए। कितने लोग आज सुबह उठकर और उसे पुराने वर्ष के लिए धन्यवाद दिया और इसका क्या अभिप्राय था, और उससे माँगा हो, "पिछला भूल जाना"? सो, जब हम उठे तो हमने बिस्तर पर ऐसा किया, और फिर मेज पर आए और जहां आमतौर पर एक छोटी सी पारिवारिक वेदी होती है, वे मेज के चारों ओर इकट्ठा होते हैं और प्रार्थना करते हैं।

12 और इसलिए हम हमेशा ही सोने से पहले रात को प्रार्थना करने की आदत बनाने की कोशिश करते हैं। मैं ऐसा करता हूँ, जब से मेरा पहले मत परिवर्तन हुआ था। सुबह को उठता हूँ, और यह बहुत अंधेरा होता है और मेरे चलने के लिए बहुत ही धुंध होती है, मैं—मैं नहीं जानता कि मैं कहाँ जा रहा हूँ। लेकिन यदि मैं उससे बस कहता हूँ कि मेरे हाथ को पकडे और सारे दिन भर मेरा मार्गदर्शन करे।

13 फिर मुझे याद आता है, यहाँ सड़क के उस पार, जब मैं बस एक नौजवान पुरुष ही था, बिली पॉल लगभग तीन, या चार वर्ष का था, और तब हम सड़क के उस पार रहते थे। और एक रात वो पानी पीना चाहता था, और यह रसोई घर में, पानी बाल्टी में बहुत नीचे था। और मैंने कहा... ओह, मैं बहुत थक गया था, मैंने पूरे दिन बहुत मेहनत की थी और मध्य

रात तक प्रचार किया था। और—और उसने कहा, "डैडी, मुझे—मुझे पानी चाहिए।"

14 और मैंने कहा, "बिली, सीधे रसोई घर में जाओ, उस छोटी मेज पर रखा है।" मैंने कहा...

15 वो उठा, उसने अपनी आँखें मली, और वहाँ से देखा, उसने कहा, "डैडी, मुझे जाने में डर लग रहा है।" देखा?

16 और मैंने कहा, "ठीक है... तो ठीक है।" मैंने कहा, "बस दौड़कर जाओ, प्रिय, और पानी पी लो। पापा बहुत थके हुए हैं।" जो बस थोड़ी ही दूरी पर, उस खिड़की के पास था।

और उसने—उसने कहा, "लेकिन मुझे जाने से डर लग रहा है, डैडी।" देखा?

17 तो ठीक है, मैं छोटे बच्चे के साथ उठा। और वहां पर पहुँचा और उसने मेरे हाथ को पकड़ लिया, और यह अच्छी बात थी; हम चार या पांच कदम भी नहीं चले थे तब उसने एक कपडे के टुकड़े पर पैर रख दिया जहां मेडा ने फर्श पर मोम से चमकाया था, और लिनोलियम फर्श के टुकड़े पर रखा, और आप जानते होंगे कि यह कैसा होता है। और वो बस थोडा फिसलने लगा, लेकिन मैंने उसका हाथ पकड़ा था, और फिर उसने मुझे बहुत जोर से कसकर पकड़ लिया। और फिर मैं वहां कुछ समय खड़ा हो गया, और मैंने सोचा, "परमेश्वर, यह सही है।" देखा? "आप मेरे हाथो को पकड़े बिना मैं एक कदम भी नहीं उठाना चाहता, क्योंकि मैं नहीं जानता कि मैं कब फिसलने जा रहा हूं।" आपने देखा? "और जब तक मैं आपके बड़े, सामर्थ से भरे हाथ की पकड़ को महसूस कर सकता हूं, मैं जानता हूँ कि आप मुझे पकड़ लेंगे उस समय पर... " समझे?

18 इसलिए मैं इसी चीज की आदत बनाने की कोशिश करता हूँ कि—कि उसके हाथ में अपने हाथ को रखे रहूँ। और कभी–कभी मैंने ऐसी चीजें की हैं जो मुझे अपनी दृष्टि में हास्यास्पद दिखाई देती हैं, ऐसी चीजें जो मनुष्य के दिमाग के लिए बहुत ही अस्वाभाविक लगती हैं; लेकिन यदि हम इसे ऐसे ही छोड़ दें, तो समझता हूँ कि यह एकमात्र ऐसी चीज थी जिसे सही रीती से करना था।

19 आप जानते है, जो चीजें यहां सही नहीं दिखाई देती हैं, यदि परमेश्वर आपको उनमें अगुवाही करता हैं, तो वे यहाँ कहीं पर तो होंगी, आप देखिए,

क्योंकि वह जानता है कि किस तरह से अगुवाही करना है। इसलिए, यह देखते हुए कि वह हमारा सर्व–पर्याप्त अनुग्रह है, और जो कुछ हमें आवश्यकता है या जिसकी हमें चिंता है, वह उसी में है, तो आइए हम उसके अलावा बाकी की सारी चीजों को छोड़ दें और परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें।

20 हम यहाँ हमेशा एक गाना गाते थे, मैंने इसे लंबे समय से गाते हुए नहीं सुना है। अब, मैं गा नहीं सकता हूँ और वहां... मैं नहीं सोचता कि हमारे बीच कोई अनजान व्यक्ति है। तो मैं... यही कारण है कि मैं इन छोटे गीतों को गाने की कोशिश करता हूँ, आप जानते हैं, क्योंकि मैं इसे बस बहुत पसंद करता हूँ। और जीन, यदि तुम इसे उस टेप के जरिये से सार्वजनिक रूप से जाने दो! हमेशा ही यहाँ एक छोटा सा गीत गाया करते थे:

समय तेज रुपान्तरो से भरा हुआ है,
पृथ्वी पर कुछ भी चीज अटल खडी नहीं हो सकती।
अनन्त चीज़ों पर अपनी आशाओ को बनाये,
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!

आपमें से कितने लोगों ने कभी गीत को सुना है? ओह, मैं इसे पसंद करता हूँ, क्या आप नहीं करते है? आइए इसके एक छंद को गाने की कोशिश करते हैं:

परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!
अनन्त चीज़ों पर अपनी आशाओ को बनाये,
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!

आइए एक छंद को गाने की कोशिश करें:

जब हमारी यात्रा पूरी हो जाती है,
और हम परमेश्वर के लिए सच्चे रहते हैं,
महिमा में आपका घर उज्ज्वल और सुंदर है,
आपका उत्साहित प्राण उसे देखेगा!

परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!
अनन्त चीज़ों पर अपनी आशाओ को बनाये,
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!

21 आइए अब प्रार्थना के लिए बस एक मिनट खड़े हो जाये, यदि आप चाहें, तो हम अपने एक हाथ परमेश्वर की ओर उठाकर इसे फिर से गाये:

परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!
अनन्त चीज़ों पर अपनी आशाओ को बनाये,
परमेश्वर के न बदलने वाले हाथ को थामे रहें!

ना इस संसार की बेकार की दौलत का लोभ,
जो बहुत तेजी से सड़ती है,
अनन्त चीज़ों पर अपनी आशाओ को बनाये,
वे कभी भी नहीं मिटेंगी!

22 स्वर्गीय पिता, जब हम खड़े हुए हैं, प्रभु, हम बस उन पुराने गीतों को गाना पसंद करते हैं, वे हमारे हृदय के अंदरूनी भागो में गहराई तक चले जाते हैं और हमारे प्रेम के भाव को आपके लिए लेकर आते हैं, जीवित परमेश्वर। और जब हमने हाथ को उठाया, प्रभु, आज सुबह, यह एक छोटा सा निवेदन था कि "प्रभु, हमारे हाथ को पकडे।" जैसा कि मैं बिली पॉल के बारे में बता रहा था, कि उसने किस तरह से मेरे हाथ को कस कर पकड़ लिया, वह गिर गया होता यदि मैंने उसे पकडा नहीं होता था। और, हे परमेश्वर, हम कितनी बार गिर गए होते यदि आपने हमारा हाथ नहीं पकड़ा होता था! सोचते हुए किस तरह से वो, बिना माँ के, एक छोटे बालक के नाई... और कैसे यह... किस तरह से जीवन भर, वो मार्ग उसने ले लिया था, वह बहुत पहले ही मार डाला गया होता था, लेकिन वहां एक महान हाथ था जो वहाँ पहुँच सकता था जहाँ पर मेरा हाथ नहीं पहुँच सकता था, और उसे पकड़ लिया। अब, हम इसके लिए बहुत आभारी हैं।

23 इसलिए हम यह जानकर खुश है, प्रभु, कि जब हम महसूस करते हैं कि हमारा प्राण इस शरीर से अलग हो रहा है, कि वहां अब भी एक हाथ है जिस तक हम पहुंच सकते हैं और पकड़ सकते हैं, जो उस नदी एक ओर से दूसरी ओर तक हमारी अगुवाही करेगा। हम इन बातों के लिए आपका धन्यवाद करते है, इस भरोसे के लिए, इस आशीषित भरोसे के लिए जो हमारे पास है, प्राण का एक लंगर, यह हमें स्थिर रखता है जब हम इस यात्रा पर चल रहे होते हैं या जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सफ़र को करते हैं।

24 और हम प्रार्थना करते हैं, पिता, जैसा कि कवि ने कहा, "असहाय, और एक टुटा हुआ भाई, हमारी धैर्यता या स्थिरता को देखकर (उलटने पर), इसे देखकर, फिर से ह्रदय को संभाल लेगा, या फिर से साहस करेगा और फिर से प्रयास करेगा"; जानते है कि सर्व–पर्याप्त परमेश्वर, यदि हम ठोकर खाते हैं या गिरते हैं, तो उसका महान हाथ हमारी सहायता के लिए है। उसका अनुग्रह काफी है।

25 अब हम प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर, कि हम आज सुबह, स्तुती के गीतों में और गाते हुए और आनन्द करते हुए नए वर्ष की शुरुआत करें, और यह जानते हुए कि परमेश्वर हमें वहां जीवन की यात्रा में से होते हुए और मृत्यु की नदी के एक ओर से दूसरी ओर तक, उस प्रतिज्ञा किए हुए देश में मार्गदर्शन करेंगा। हमारी आंखें आज सुबह उस ओर यरदन के आसपास की जल धाराओं की ओर देखती हैं, जहां आनंद या तीन पत्तियों के—के खेत और सदाबहार के खेत बढ़ रहे हैं, और हम प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर, कि हमारे प्राण उस दर्शन को पकड़ लेगे और इसे कभी भी नहीं छोड़ेगे। किसी दिन जब हमें उस जलधारा में उतरना होगा, जहां से वो उसे पार करती है, जैसे वो पहले समय का एलिय्याह, तब परमेश्वर के वस्त्र को मृत्यु की धाराओ पर प्रहार करेगा, और हम इस ओर से दूसरी ओर तक निडर होकर चलेंगे। इसे प्रदान करे, प्रभु।

26 हमारी सहायता करे जब हम आपके वचन के समीप आते हैं। हे प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूं कि आपका पवित्र आत्मा इन वचनों का अभिषेक करे। ना ही शिक्षक होने के नाते, हम उन्हें निश्चित रूप से शिक्षा देने के लिए अयोग्य हैं। हम यह जानते है कि केवल एक ही तरीका है जो हम उस महान गुरु शिक्षक की ओर से ही इसे जान सकेंगे ताकि वो आकर और हमारे ह्रदयों में उसके—उसके निवास स्थान को ले ले, और—और हमारे मनो में एक तरह से अधिकार को करे (और हमारे विचारों पर) इतना तक कि हम... वो हमारे लिए पवित्र वचनों का अनुवाद करें। हम पूरी तरह से उसी पर निर्भर हैं।

27 और इसके बारे में सोचते है, परमेश्वर, ओह, कितना अद्भुत है कि इस तरह का एक जीवित पिता है, जो कि... बिल्कुल यही वो अनंतता का जन्म है, जो एक मरनहार जीवो के लिए नीचे आएगा और हमारी सहायता करेगा, और अपने वचन को लाएगा और इसे हमारे मुंह और ह्रदयो और

कानों में डाल देगा जिससे कि हम इसे सुन सके और जीये, हमें उस एक श्राप से छुड़ाने के लिए, कि इसके आने से हमारा कोई लेना–देना नहीं था, पिता, क्योंकि यह मनुष्य जाति के द्वारा किया गया था और हम उस—उस पहले जोड़े के वंश है। "और हमने पाप में जन्म लिया, अधर्मता में आकार लिया।" लेकिन एक न्यायी और जीवित परमेश्वर जानता है कि हमारा इसके साथ कोई लेना–देना नहीं है, लेकिन उसने बच निकलने के लिए एक मार्ग बनाया और हमें आने का सौभाग्य दिया। हम कितने खुश हैं कि हम पिता के घर आए हैं!

28 हम अब प्रार्थना करते है, कि आप यहां हमारे कलीसिया को आशीष दें, भाई नेविल, जो हमारे—हमारे साहसी पास्टर, आपका नम्र सेवक है। हम हमारे डीकनों और अपने खजांचीयों के लिए प्रार्थना करते हैं, कि आप उन्हें उनके लिए सबसे महान वर्ष को देंगे। इसे प्रदान करे, प्रभु। उन्हें लंबा जीवन दीजिये। उन्हें शक्ति प्रदान कीजिये, प्रभु, वे आपके सेवक हैं। होने पाए वे कर्तव्य के पद पर हमेशा साहसी बने रहें। सभी लोगो को आशीष देना, उन—उन सदस्यों को, आपके प्यारे प्रिय बच्चों को जो इस भवन में आते है। परमेश्वर, हम उनमें से हर एक के प्राण का दावा करते हैं जो इस भवन के द्वार को पार करके आते हैं। हम इसे आपके लिए दावा करते हैं, प्रभु। हमारी सहायता करे ऐसे सेवक होने के लिए जो पवित्र आत्मा के द्वारा वचन को बहुत ही सरल और बहुत ही सच्चा बना सके, कि वे आपके जैसे बनने की लालसा रखें, प्रभु। इसे प्रदान करे। बीमारों और पीड़ितों को जो अंदर आते हैं, उन्हें चंगा कीजिये। और सारे संसार भर में, परमेश्वर के हर एक भवन के लिए इसे प्रदान कीजिये।

29 अत:, जब आप समाप्त कर लेंते है, प्रभु, होने पाये हम आपके उस मुख्य द्वार में प्रवेश करे, परमेश्वर के स्वागत की उस मेज पर बैठ सके, और खा सके और कभी ना ख़त्म होने वाले युगों तक एक साथ रह सके। तब तक के लिए, हमारे पास अच्छी सेहत, बल, खुशी, आनंद, सामर्थ और शक्ति हो, और पवित्र आत्मा की आशीषें हों ताकि हमारा मार्गदर्शन करे। हम यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन। बैठ सकते है।

30 मैं आज सुबह उस बेहतरीन संगीत की सराहना करता हूँ। वो... मैं उसी समय पर अंदर आया, मैं वहां पीछे मेरे अच्छे मित्र, भाई स्कैग्स, और—और भाई जीन के साथ बात कर रहा था, और दरवाज़े पर दूसरे भाई भी

थे; उस समय तक मुझे इस गीत का कुछ भाग सुनने को नहीं मिला, लेकिन यह रिकॉर्डर पर बहुत सुंदर सुनाई पड रहा था।

31 आप सभी प्रकाशितवाक्य का कितना आनंद ले रहे हैं? क्या ठीक है? मैं अपनी छोटी लड़की सारा की तरह काफी कुछ विश्वास करता हूं, वो वहाँ पीछे थी, यह शब्द मेरे लिए "क्रांति" बन गया है, यह बस—यह बस बार–बार और बार–बार होने वाली क्रांतियाँ हैं। आप जानते है, मैं चाहता था हमारे पास अभी लगभग मार्च या अप्रैल तक होता, बस यहाँ पीछे एक बहुत ही बड़ा चित्र बनाने के लिए बोर्ड को लगाते और तब दिन के समय पर आकर और उन चित्रों को बनाते और पूरे चार्ट को, और तब उन्हें ऊपर उठाकर और नीचे खिड़की के झरोखे की तरह लगाते, आप समझ गए होंगे, जैसा कि मैंने हमेशा सपना देखा है कि कभी तो कहीं न कहीं एक बहुत ही बड़ा सा भवन हो जहां पर मैं पहुंच सकूं और इस चार्ट को नीचे उतार सकूं, मंच पर से सारी बातों को बता सकूँ; और उन प्रकाशन और अनुवाद को दूँ जो प्रभु ने मुझे दिए हैं, और एक संकेतक को लेकर और वहां से आरंभ करते हुए और नीचे इन युगों तक बताऊं। उसके बाद जब हम इसके साथ होकर जाते हैं, तो इस एक को ऊपर उठाएं, दूसरे को *इस* तरह से नीचे खींचें और उस पर बताना शुरू करें, और इसमें से होकर सिखाएं। ओह, यह बस एक छोटे से स्वर्ग की तरह होगा, क्या ऐसा नहीं है? बस पूरे शीतकाल में से होते हुए बैठे रहे, बस इसे प्रभु के साथ बिताये।

32 उसके साथ अकेले रहना बहुत अच्छा है! आप जानते होंगे, हम एक गीत गाया करते थे, "कभी–कभी मैं अपने प्रभु मसीह के साथ अकेले रहना पसंद करता हूं, मैं उसे अपनी सारी परेशानियां अकेले ही बता सकता हूं।" देखिए, पाने का यही जरिया है। वे हमेशा गाते थे, रॉय डेविस, एक छोटा गीत हमेशा गाते थे, *चुपके से दूर जाकर और यीशु से प्रार्थना करो।* हर एक चीज बस संकेत करती है... जो कुछ भी आप देख सकते हैं वो हमेशा यीशु मसीह की पंक्ति में वापस आता है, क्या ऐसा नहीं है?

33 अब, कलीसिया के उन युगों के बारे में जिन पर हमने बात की थी, पिछले आठ दिन की सभाओ में... फिर कल रात मैं सोचता हूँ कि हमने प्रकाशितवाक्य के 4 थे अध्याय के 2 रे पद को लिया। और मुझे लगता है कि आप सभी इन बातों को लेने के लिए—के लिए कल रात यहां पर थे।

और इसलिए मैं... हो सकता है यदि आज सुबह मैं आगे इसके एक या दो पद पर जाऊं, और... या प्रभु कितनी दूर तक ले जाएगा, मैं नहीं जानता। मैंने यहाँ लगभग 6वें या 7वें पद तक लिख कर रखा हुआ है, बस छोटे से विषय को लिख कर रखा है जहाँ मैं वचनों के भिन्न–भिन्न भागों में जा सकता हूँ और उन चीजों को निकाल सकता हूँ, और जहाँ पर मैंने कल अध्ययन किया था।

34 और अब, हम देखेंगे, हमने कल रात को जहां छोडा था, मैं सोचता हूँ कि, 2रे पद पर, 3रे से शुरू करते है, मुझे लगता है कि यही था। और हमने अब "तुरही की आवाज" के साथ समाप्त किया था। क्या यह सही नहीं है, "उस आवाज़ का ध्वनी करना"? मैं ये सब पढता हूँ जिससे कि हम अब वापस ले:

> *इन बातों के बाद जो मैं ने दृष्टि की, तो क्या देखता हूं कि स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ है; और जिस को मैं ने पहिले तुरही के से शब्द से अपने साथ बातें करते सुना था, वही कहता है, कि यहां ऊपर आ जा, और मैं वे बातें तुझे दिखाऊंगा... जिन का इन बातों के बाद पूरा होना अवश्य है।*
>
> *और तुरन्त मैं आत्मा में आ गया: और क्या देखता हूं, कि एक सिंहासन स्वर्ग में धरा है, और उस सिंहासन पर कोई बैठा है।*
>
> *और वो जो उस* सिंहासन *पर बैठा है... वो जो उस पर बैठा है, वह... यशब और मानिक पत्थर सा दिखाई पड़ता है: और उस सिंहासन के लगभग* चारों *ओर मरकत के* जैसा *एक मेघधनुष दिखाई देता है।*

35 अब, यह सुंदर, ओह, सुंदर विषय है! और आज सुबह, मेरे यहाँ आने से ठीक पहले, मैं यहाँ 6 वें पद में गया, मैंने सोचा, "ओह, मेरे प्रभु, मैं इससे आगे नहीं बढ़ सकता, क्योंकि यहाँ इस 6वें पद में कुछ तो है जो मैं चाहता हूँ कि सभी लोग अच्छी तरह से सुनें, जब हम इन *पशुओ* पर लेते हैं।" यहाँ इन पशुओ की भिन्न–भिन्न परिभाषाएँ हैं, मूल में पीछे जाकर देखते है, तो एक पशु, एक तरह का पशु है, और वे अन्य चार पशु दूसरे तरह के हैं। एक उस एक जानवर का है, यूनानी में, जैसे कि "जंगली जानवर।" इस दूसरे का किंग जेम्स संकरण में सही अनुवाद नहीं किया गया है, क्योंकि ये वे *पशु* नहीं है, यह "जीवित सृष्टियां" है। और किस तरह से वे सृष्टियां, वे

क्या थे, ये मानव नहीं थे और ना ही ये दूत थे। सो यह "जीवित सृष्टियां" है, और कैसे उनके चार मुंह थे और चार... ओह, मेरे प्रभु, हम इसे सीधे सुसमाचार में लाते हैं, और इसे ठीक वापस लाते हैं और इसे आज बिल्कुल उतना ही सिद्ध रूप से रखते है जितना कि यहाँ पर है। और, याद रखें, *चार,* एक धरती की संख्या है। देखा? और यह वहां बस एक सुंदर विषय है, और इसलिए मुझे—मुझे पूरा यकीन है कि हम इसमें नहीं जायेगे; हो सकता है हम जाये। लेकिन यह बहुत ही अद्भुत है!

36 फिर, प्रभु ने चाहा तो, यदि मैं यही–कहीं रहता हूँ, तो हो सकता है अगले रविवार को हम शायद फिर से इसे लेने की कोशिश करेंगे; कोशिश करेंगे, आगे, देखेंगे कि क्या हम आगे जाने से पहले इस 4 थे अध्याय को समाप्त कर सकते हैं। हम अभी तक ठीक से नहीं जानते हैं कि पहली शुरुआत कहाँ पर होगी।

37 अब, हम देखते हैं कि *बाद* में, "इन बातों के बाद।" *बाद* का मतलब है कि "कलीसिया के युग समाप्त होने के बाद।"

38 उसके बाद यूहन्ना को ऊपर आने के लिए बुलाया गया, "यहाँ ऊपर आ," जिसका अर्थ होता है "यहाँ पर ऊपर आओ।" उसने उसे वो सब दिखाया जो उस—उस कलीसिया के युग के संसार में होने जा रहा था। फिर कलीसिया के युगों के समाप्त होने के बाद, तब हम देखते हैं कि यूहन्ना हर एक सच्चे विश्वासी का एक प्रकार था जिसे मसीह के द्वारा ऊँचे पर बुलाया जाएगा। यह सही है? उसे बुलाया गया, "यहाँ ऊपर आ।"

39 और हम देखते है कि जिस आवाज ने उससे बात की थी, वो तुरही की आवाज थी, साफ़, स्पष्ट रूप से, और यह वही आवाज थी जिसने उससे यहाँ धरती पर बात की थी। देखिए, जब तक वह सुनहरे सात धुपदानो के बीच में था, तब तक वह बोल रहा था... मतलब वहां *से*। ओह, मुझे यह पसंद है, "धुपदानो में से बोल रहा था।" देखो, वो धुपदानो में था, उनमें से उसकी कलीसिया से बात कर रहा था। उसके बाद जब कलीसिया युग समाप्त हो गया था, उसने धरती को छोड़ दिया और स्वर्ग में चला गया और उसने उसके छुडाये हुओ को अपने साथ बुलाया। ओह, क्या यह सुंदर नहीं है? मैं—मैं... ओह, यह मेरे ह्रदय को उछलने को लगाता है।

40 और याद रखे, जैसा कि हम इन बातों को लाते हैं, मैं विशेष रूप से परिवार्तित हुए युवा लोगो को यहाँ पर चाहता हूँ जैसे यहाँ बहन इना है, या,

और इना, मेरा मतलब, और उसके पति, और रॉडनी और—और उसकी पत्नी, और चार्ली और वे लोग, ताकि इसे समझे जो ये बातें है, और आप में से बहुत से नौजवान लोग जो हाल ही में प्रभु में आये हैं, जो अभी तक बहुत आगे तक नहीं गये है, बस उसे चखा है और देखा है कि वह भला और अनुग्रहकारी है। अब, इस पर ध्यान दें, कि ये बातें जो हम बोल रहे हैं, हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं ये आपके विश्वास को स्थिर करता है, कि जब परमेश्वर कुछ भी कहता हैं तो इसे घटित होना ही है। यह बस विफल नहीं होगा! कोई फर्क नहीं... ये हो सकता है ऐसा लगे कि यह लाखो मील है... और कभी भी नहीं हो सकता है, लेकिन परमेश्वर इसे ठीक तभी घुमा देगा और इसे घटित करेगा। और वो आपकी परीक्षा लेने के लिए ऐसा करता है।

41 देखो जो उसने अब्राहम से कहा। "अपने पुत्र को यहाँ पहाड़ी के सबसे ऊपर ले जाओ और उसे मार दो," पच्चीस वर्ष तक उसके लिए उसने प्रतीक्षा की थी उसके बाद। और उसने कहा, "उसे यहाँ ऊपर ले जाकर मार डालो।" और कैसा... ? "मैं तुम्हें राष्ट्रों का पिता बनाने जा रहा हूँ।"

42 और अब्राहम, सौ वर्ष का था; उसकी पत्नी, नब्बे की थी; और उनका इकलौता बालक... अब्राहम उस समय लगभग एक सौ पंद्रह वर्ष का था। तो उसने कहा, "वो कैसे होगा, ये कैसे—कैसे हो सकता है? यदि मैं, एक बूढ़ा मनुष्य, जैसा कि मैं बूढ़ा हूँ, और पच्चीस साल तक प्रतीक्षा करता रहा... आपने मुझे पचहत्तर वर्ष की उम्र में प्रतिज्ञा दी, और यहाँ मैं सौ वर्ष का हूँ। और सारा पैंसठ वर्ष की थी, और अब वो नब्बे वर्ष की है। कैसे? हमारे इस बालक को जन्म देने के बाद... और आपने मुझे बहुत पहले बताया, पच्चीस वर्ष पहले जब मैं पचहत्तर वर्ष का था, मुझे 'बालक होने जा रहा था,' सारा के साथ इतने वर्ष रहने के बाद, मैं जीवाणुहीन था और वो बांझ थी। सो फिर कैसे? तौभी आपने मुझे फलदायक बनाया और उसे फलदायक बनाया, और फिर साथ ही आकर और हमें यह बालक दिया। और हमने उसे यहाँ पन्द्रह वर्ष की उम्र तक पाल पोसकर बढ़ा किया है, और इस बालक के जरिये से आपने कहा था कि तुम 'अन्यजातियों और संसार के हर राष्ट्र के लिए आशीष ठहरोगे,' और मुझे पिता बनाओगे यहाँ तक अन्यजातियों का भी, मुझे पिता बनाओगे। फिर आने वाले युगों में, जो आने पर है, प्रभु, कि आप मुझे इस बालक के जरिये से इस आकाश के

नीचे के हर एक राष्ट्र का पिता बनाओगे। और इस बालक के जरिये से एक छुड़ानेवाला आएगा, और उस छुड़ानेवाले के जरिये से पूरी मनुष्य जाति को छुड़ाया जाएगा। आप इसे कैसे करने जा रहे हैं, प्रभु? " ऐसा अब्राहम का विचार नहीं था, यह अब्राहम का सवाल नहीं था। आज्ञाकारी! ऐसा नहीं कहा, "आप इसे कैसे करने जा रहे हैं? "

43 "ये मेरा काम नहीं है। आपने ऐसा कहा है, इसलिए मैं आपके वचन के अधिकार को जानता हूँ, यदि आप अपने वचन को मेरे लिए बनाये रख सकते हैं और मुझे दिखा सकते हैं कि जब मैं पचहत्तर वर्ष का था; जब आपने मुझे बुलाकर कहा, 'अपने आप को अलग कर, और पराए देश में चला जा,' तो मैं इस देश में पच्चीस वर्ष से रह रहा हूं। छुटा हुआ, एक बूढ़ा मनुष्य, एक पत्नी के साथ रह रहा है जिसके साथ मैं तब से रह रहा हूँ जब वो एक लड़की थी, वो मेरी चचेरी बहन थी। और तब मैं छो–... इस सारे समय में। और आपने मुझे यह बालक दिया जिसकी आपने प्रतिज्ञा की थी; मैंने उसे निर्जीव में से एक के नाई पाया है। और यदि आप कहते हो, 'उसे मार डालो,' तो आप उसे फिर से मरे हो में से जिलाने में सक्षम है।" ओह, प्रभु! यह इसी तरह से है, यही है। और उसने किया।

44 और जैसे ही उसने पूरी तरह से परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया, इसहाक के बालों को उसके चेहरे पर से हटाया, मारने के लिए खंजर को बाहर निकाला... उसके अपने पुत्र को, उसके इकलौते पुत्र को। परमेश्वर एक नमूने को दिखा रहा था, हमें दिखा रहा था। उसने ऐसा किस लिए किया? उसे ऐसा नहीं करना था। लेकिन उसने ऐसा इसलिए किया कि आप और मैं, जिससे कि हम इस अधेरे भयानक दिन में इन बातों की ओर देख सके जहां मनुष्यों के ह्रदय बुराई से भरे हुए हैं, जिससे कि हम जान सकें कि परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञा को बनाये रखता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना असक्षम दिखाई दे सकता है, कितना असंभव दिखाई दे सकता है, परमेश्वर अब भी परमेश्वर बना रहता हैं और वो उसके द्वारा की गयी हर एक प्रतिज्ञा को पूरा करता है।

45 यही है जो मैं आपको बताने की कोशिश कर रहा हूँ जब हम यहां एक चंगाई की सभा में खड़े होते हैं। यहाँ खड़े होकर, आप कहते हो, "मैं बीमार हूँ।" और आप... इसमें कोई सन्देश नहीं, आप बीमार हो। लेकिन परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करता है! तब वह नीचे उतर आएगा। अब, देखो,

उसने यहाँ प्रायश्चिता को किया कि वह—कि वह आपको चंगा करेगा। यही है जो उसने किया है। अब, केवल एक चीज है जो वह आपसे करने के लिए कहता है, आप इसे विश्वास करे, इसे वैसे ही थामे रहे जैसे अब्राहम ने किया था।

46 "तो ठीक है, डॉक्टर कहता हैं कि मैं—मैं एक दिन ही और जीवित रहूँगा।"

47 मैं परवाह नहीं करता हूँ। यह ठीक बात है, मनुष्य बस इतना ही जानता है, वही सबसे अच्छा है जो वह जानता है। अब्राहम इस बालक को यहाँ कैसे प्राप्त करने जा रहा था उसके उसे पहले से यहाँ पर लेटाने के बाद, और परमेश्वर के वचन ने उससे कहा कि "जाकर लड़के को मार डालो"? वो भला कैसे इसे करने जा रहा है? सवाल यह नहीं है। परमेश्वर ने कहा कि करो और इससे बात ख़त्म हो जाती है। "मैं भला कैसे ठीक होऊंगा और डॉक्टर कहता है कि मैं ठीक नहीं हो सकता हूँ? " मैं... वह मुझे नहीं... मुझे सवाल को नहीं करना है; ये परमेश्वर के वचन को लेता है। और जैसे ही यह आप पर प्रकट हो जाता है कि आप चंगे होने जा रहे हैं, तब आपको—आपको बस यही याद रहता है कि आप चंगे होने जा रहे हैं। कोई भी बात आपको इससे रोक नहीं सकती। ये सही है। समझे?

48 तो जब अब्राहम पूरी तरह से आज्ञाकारी रहने में... वह इसे कैसे करने जा रहा है? अंतिम समय, अंतिम पांच मिनट रह गए, अंतिम तीन मिनट, अंतिम दो मिनट, अंतिम एक मिनट, अंतिम तीस सेकेंड, अंतिम सेकेंड आता है, जब लड़के की जान को लेने के लिए हाथ को ऊपर उठ गया था, तो परमेश्वर ने कहा, "इसे वहीं पर रोक दो। वहीं पर इसे रोक दो, देखो। मैं देखता हूँ कि तुम सच में मुझ पर भरोसा करते हो। अब, अब्राहम, मैंने बस ऐसे ही इसे किया ताकि आने वाले दिनों में ब्रंहम टेबरनेकल को दिखाऊं, देखो, कि क्या हो रहा है, जिससे कि उन्हें मुझ पर अवश्य ही भरोसा हो जाये। उन्हें बिल्कुल ही मुझ पर संदेह नहीं करना चाहिए। मुझ पर भरोसा करो!"

49 बस लगभग उस समय में, वो... यहाँ एक बलिदान था, उसने इसे कभी भी व्यर्थ में नहीं किया। नहीं, उसने इसे कभी भी व्यर्थ नें नहीं किया, क्योंकि उसी समय पर एक—एक मेमना मिमिया रहा था, एक छोटा मेढ़ा वहां के झाडीयो में सींगों से जकड़ा हुआ था। और हम इसमें से कितनी बार

होकर गए हैं। वह मेढ़ा वहां कैसे पहुंचा? कैसे, उन सारे जंगली जानवर में से होते हुए वहां पहुंचा? सौ मील दूर रोजाना के जीवन से, शेरों के बीच में से, गीदड़ों के, भेड़ियों के बीच, वहाँ पीछे हर तरह के जंगली जानवर थे, वहां ऊपर पहाड़ की चोटी पर जहाँ न पानी है और न ही घास, वो वहाँ पर क्या कर रहा था? परमेश्वर ने इसकी सृष्टी की, बस उसे वहीं पर रख दिया।

50 और उसे हमारे दिनों में देखने के लिए जिसमें हम रह रहे हैं! अब, आज सुबह मैं बहुत सी—सी व्यक्तिगत बातें करनी होगी इसे कहने के लिए, उसे समझाने के लिए जो मैं कहना चाहता हूं। यही कारण है मैं इस तरह से इसकी बुनियाद को रख रहा हूं, इस पर शुरुआत करने से पहले। मैं चाहता हूं कि आप समझें कि ये चीजें जो व्यक्तिगत दिखाई देती हैं, उनका मतलब व्यक्तिगत से नहीं है। वे केवल आपको बस एक उदाहरण को देने के लिए लाया गया है जिससे कि आपका विश्वास पूरी तरह से विश्राम कर सके उस विश्वास में जो मसीह में है, जिससे आप उसकी प्रतिज्ञा पर विश्राम कर सके। क्योंकि परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञा को उतना ही सिद्ध रूप से पूरा करता है जितना इसे किया जा सकता है, अभी हमें दिखा रहा है।

51 और उसी *यहोवा यिरे* की ओर देखो, जो अब्राहम ने उसे कहकर बुलाया था, जिसका इब्रानी में अर्थ होता है "परमेश्वर अपने लिए एक बलिदान का उपाय करेगा।" परमेश्वर ऐसा कर सकता है। उसने अपना मार्ग बनाया। यदि उसने कहा... उसने नूह से कहा...

52 आपने कहा, "ठीक है, वह अब्राहीम ही था।" नहीं। उसने सारे युगों में से होते हुए बताया, और वह अभी भी बता रहा है।

53 उसने वहाँ पीछे नूह से कहा, कि, जैसा कि हम आज सुबह इसमें जा रहे हैं, "क्योंकि, ये बारिश होने जा रही है।" क्योंकि वहां ऐसा नहीं था... आसमान में कोई भी बादल नहीं था। जल की सबसे बड़ी धारा का एक विभाग था जहां से परमेश्वर ने भूमि की सिंचाई की, कहीं तो एक छोटा सा जल–स्रोत था। जो कि वहां पर जल की सबसे बड़ी धारा थी।

54 अब, लोग कहते हैं, "जगत में भला कैसे कोई जल वहां ऊपर से नीचे उतरेगा? मुझे दिखाओ कि यह उस पूरी तरह से उस तेज सूरज में कहाँ पर है, यदि वहाँ कोई नहीं है।"

55 "यदि परमेश्वर ने कहा, 'एक जहाज बनाओ, कि बारिश आ रही है,' तो यह मेरा काम है कि मैं जहाज को बनाऊं और तैयार हो जाऊं, क्योंकि ये आने वाली है। वो यहोवा–यीरे है, वही ऊपर जल का उपाय कर सकता है।"

56 और केवल एक ही काम उसने किया वो था, कि मनुष्य, मूर्ख, ना समझ मनुष्य, अपने विज्ञान के साथ बिल्कुल ठीक वैसा ही करे, जिससे कि वह इसे पूरा होने दे जो वो जानता था वो होगा। परमेश्वर ने कभी संसार का नाश नहीं किया; मनुष्य संसार का नाश करता है। परमेश्वर कुछ भी नाश नहीं करता, परमेश्वर सब चीजो को बनाये रखने की कोशिश करता है। मनुष्य अपने ज्ञान के द्वारा अपने आप को नाश कर लेता है, जैसे उसने अदन की वाटिका में उस पेड़ और इत्यादि पर किया। और सो कुछ कट्टरपंथियों को कहीं न कहीं परमाणु शक्ति का अधिकार मिल गया है, जो उनके पास दिया है।

57 वे—वे इसके साथ तब काम कर सकते थे, क्योंकि वे इसके साथ ऐसे कामो को कर सकते थे जो हमने अभी तक कभी नहीं सीखा है। हम इतने प्रगतिशील नहीं हुए हैं। हो सकता है कि अभी भी तीन या चार वर्ष लगेंगे, या इससे अधिक, इससे पहले हम इसे कर सके, जो उन्होंने किया। उन्होंने पिरामिड और रहस्यमयी मूर्तियाँ और आदि का निर्माण किया। हम ऐसा कभी नहीं बना सकते। हम इसे फिर से उत्पन्न नहीं कर सकते, हमारे पास ऐसा करने का कोई तरीका नहीं है, केवल जब तक हम परमाणु शक्ति को नहीं पा सकते है। पेट्रोल शक्ति, बिजली की शक्ति, उनमें से एक भी पत्थर नहीं उठा पाएगी, उसे जमीन से नहीं हिला पायेगी। और उनमें से कुछ एक शहर के शिलाखंड ऊंचे है, हवा में ऊपर है, और उनका वजन एक अरब टन है। वे उन्हें वहां ऊपर कैसे ले गए? देखो, वे जानकार थे।

58 और वे उसे छोड़ देते, कोई तो उनमें से एक परमाणु बम को छोड़ देता किसी और के स्थान में उड़कर जाता, उन पुराने दिनों में। क्योंकि, "जैसा ये नूह के दिनों में हुआ था," जैसा कि यह था, उस तरह का सामाजिक विकास, उस तरह के एक बुद्धिमान लोग; "जैसा यह नूह के दिनों में था, ऐसा ही होगा, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आगमन में होगा।" एक दोहराया जाना जैसा यह था! देखा?

59 यहाँ ज्यादा समय नहीं हुआ उन्होंने एक आधुनिक जलाशय को खोद निकाला था, यहां नीचे—नीचे मेक्सिको में, प्रलयपूर्व बाढ़ आने से पहले। आपने इसे देखा है? यह अखबार में आया था, जहां एक आधुनिक जलाशय था बिल्कुल जैसे हमारे पास अभी है, जो जमीन के नीचे बहुत दूर तक नीचे समा गया है; किसी परमाणु किसी चीज ने इसे ढाक लिया था। वो चीज बस उड़ गई और उसके ऊपर इस तरह से चली गई। देखा?

60 अब, "जैसा कि नूह के दिनों में था," बुद्धिमान मनुष्य, अपनी परमाणु शक्तियों और सारी चीजो के साथ बुद्धिमान मनुष्य, जो पिरामिड और रहस्यमय मूर्तियों और आदि का निर्माण कर सकते थे। "जैसा ये उस दिन में था, वैसा ही ये होगा।" लेकिन इस दिन काम को घटाया जाना है, क्योंकि वहाँ एक रेपचर हुए लोगों को बाहर निकाला जाना है। जैसे कि हनोक, वहां पर लोगो को आगे ले लिया जायेगा। हम आज सुबह उसी वर्ग में हैं, उन लोगो को आगे ले जाया गया था, जैसे की नूह को बाढ़ में से होते हुए किया था।

61 लेकिन याद रखें, इससे पहले... इसे मत भूलना! इससे पहले बारिश की एक बूंद गिरे, इससे पहले आकाश में एक चीज होती थी, इससे पहले नूह से कभी—कभी जहाज को पूरा करता, हनोक घर उठाया गया था। हनोक का बिना मृत्यु के रेपचर हुआ था, बस उसने एक दिन चलना आरंभ किया, और—और धरती की चुम्बकीय शक्ति ने उस पर अपनी पकड़ खो दी। और उसने पाया कि उसका एक पैर थोड़ा ऊंचा उठा है, और दूसरा पैर थोड़ा और ऊंचा उठा है, और दूसरा पैर थोड़ा और ऊंचा उठा है, और पहली बात जो आप जानते हैं, उसने कहा, "अलविदा, दुनिया।" बस महिमा में ऊपर चला गया।

62 और जब नूह ने चारों ओर देखा और हनोक को कहीं नहीं पाया, तो उसने यहाँ वहां देखा, और वह नहीं जानता था कि हनोक कहाँ गया था, तब उसने कहा, "अब जहाज बनाने का समय आ गया है।" समझे? और वह बचे हुओं को आगे ले जाने के लिये जहाज बनाने के काम पर चला गया।

63 यह वही बात है जो ठीक यहाँ पर जगह लेती है। कलीसिया को स्वर्ग में उठा लिया गया था, और यूहन्ना अब इसके साथ ऊपर लाया गया था जो एक पुनरुत्थान के हो जाने का नमूना है, जैसा कि हमने पिछली रात को

इसे बताया था। और हम यह देखते है कि वही आवाज जिसने उसे पीछे धरती पर देखने के लिए बुलाया था, ये वही आवाज थी जिसने उसे ऊपर आने के लिए बुलाया था।

64 ओह, हर एक मसीही! उसी आवाज को, चार्ली, जिसने आपको एक दिन वहां नीचे केंटकी में बुलाया, "पीछे मुड़ो," ये वही आवाज है जो आपको बुलाएगी, "ऊपर आ!" क्या आप इससे खुश नहीं हैं, भाई इवांस? वह आवाज जिसने कहा, "पीछे मुड़ो," वही आवाज ने कहा, "ऊपर आ!" ओह, प्रभु! वहाँ, क्या ही पुकार है! क्या ही वास्तविकता है! स्पष्ट, सुनिश्चित एक तुरही की तरह, "पीछे मुड़ो, मेरी सेवा करो! ऊपर आ जहां मैं हूं।"

65 वहाँ हमने उसे उन मरे हुओ का प्रतिनिधित्व करते देखा, मूसा को जो मरे संतो प्रतिनिधित्व करता है; जी उठा। एलिय्याह, अंतिम दिन में अपने झुण्ड के साथ, उसके रेपचर हुए झुण्ड के साथ वहाँ खड़ा था। सारे प्रभु यीशु के सामने! यूहन्ना ने यह प्रकट किया... यीशु ने उनसे कहा कि वो—वो नहीं मरेगा, और उन्हें क्या यदि वो उसके आगमन तक जीवित रहता है। और चेले ऐसा ही कहते जा रहे थे।

66 ओह, काश, मैं ठीक अभी कुछ मिनटों के लिए, कलीसिया के लिए वास्तव में, वास्तव में गहराई में जा पाता। हर कोई जानता है... और हर एक जन परमेश्वर के साथ एक—एक व्यक्तिगत जीवन को जीता है। यह एक का व्यक्तिगत मामला है, आत्मा की बातें जो आपको आगे उन स्थानो पर ले जाती हैं जहां आप इसके बारे में बात करने की भी साहस नहीं करेंगे।

67 मैंने अपनी खुद की छोटी, नम्र सेवकाई में इस पर ध्यान दिया है, कि बहुत सी बार मैं कुछ तो कहूंगा और मैं नहीं जानता कि मैंने ऐसा क्यों कहा, और यह ठीक नहीं दिखाई देता (लेकिन फिर भी, कोई कुछ तो कहेगा।), लेकिन मैं देखूंगा और यह बात बस उतनी ही पूरी सिद्ध रूप से आएगी जितनी ये आ सकती है। परमेश्वर इसे घटित करेगा! जब मैं बस कुछ तो कहना चाहता हूं, मैं कहूंगा, "अच्छा, अब, एक मिनट रुकना। वह *व्यक्ति, फलां–और–फलां, यह* यहाँ पर होना है, अब यह—यह बस उसी तरह से होना है।" तो ठीक है, मैं—मैं सचमुच नहीं जानता कि मैंने ऐसा क्यों कहा। और पहली बात जो आप जानते होंगे, वह बस इसी तरह से होता है। परमेश्वर करता है!

68 अब, जब इन चेलों ने कहा था, "ओह, यीशु ने कहा, 'यह मनुष्य नहीं मरेगा।'" यीशु ने ऐसा कभी नहीं कहा।

यीशु ने कहा, "यदि वह मेरे आने तक जीवित रहता है तो तुम्हें क्या? "

69 लेकिन देखते हुए चेले ऐसा कह रहे है, तब यीशु नीचे आया और यूहन्ना को लिया और उसे ऊपर लेकर आया और उसे सारी बातों का पूर्वाभ्यास कराया, प्रभु के आगमन के पूर्वाभ्यास को दिखाता है। यूहन्ना ने कलीसिया को देखा, उसने कलीसिया युग की समाप्ति को देखा, उसने यहूदियों की समाप्ति को देखा, उसने दूसरा आगमन देखा, उसने सारे क्रम को देखा।

70 और देखो परमेश्वर को क्या करना पड़ा; उसे वहां लगभग चौबीस घंटे तक तेल में उबलने दिया, जिससे कि वे देख सकें कि वह दिव्य था, कि दिव्य आत्मा ने उस—उस प्राण का अभिषेक किया... (वो बाहर से, मिट्टी–राख का है, या जो कुछ भी आप इसे कहते हैं, मनुष्य की देह), इसे इतना दिव्य रूप से प्रभावित किया था इतना तक कि चौबीस घंटे तक गर्म जलते हुये तेल ने भी उसे नहीं जलाया। मनुष्य में से पवित्र आत्मा को उबालने की कोशिश कर रहे थें; वे ऐसा नहीं कर सके। फिर उसे पतमुस के टापू पर डाल दिया, और उसने किताब को लिखा, और वापस लौटकर बहुत वर्षो तक प्रचार किया। हम्म। हम्म।

71 नि:सन्देह, अब, उसे एक बुरा नाम रखा जाना था, "वो एक ज्योतिष विद्या बताने वाला है, वो एक जादू–टोना करने वाला है।" कितने लोग जानते हैं कि यूहन्ना को जादू–टोना करने वाला कहा जाता था? निश्चित रूप से! यीशु को भी ऐसा कहा जाता था। देखा? देखिए, संसार इन चीजों के बारे में कुछ नहीं जानता है। "वो एक मनो को पढने वाला था।" समझे? उन्होंने कहा कि "वह एक ऐसा जादू–टोना करने वाला था इतना तक कि उसने उस तेल को भी सम्मोहीत कर दिया, जिससे कि वो तेल उसे जला नहीं सका क्योंकि उसने इसे सम्मोहित कर दिया था," सिर्फ इसलिए कि वो उनके कैथोलिक विचारों के साथ सहमत नहीं था। बस ऐसा ही था।

72 वो परमेश्वर का एक सेवक था जो... नम्र, उसके पास एक छोटा सा लक्ष्य था जिसे उसने रखा था। वह उनके साथ बड़ी पुरानी बातों को सहन नहीं करता होगा, और इसलिए परमेश्वर ने उसे बचाए रखा और

उसे सुरक्षित रखा। वैसा ही उसने किया: संत मार्टिन के साथ और—और इरेनियस, और सारे युगों में से होते हुए आगे।

73 और वो आज उसी बात को कर रहा है, ठीक आगे की ओर आते हुए। अब, यह कभी मत भूलना, कि परमेश्वर ने बडी हिलावट की, और महान, पराक्रमी कामो की प्रतिज्ञा की थी। अब, इसे अपने नोट्स पर लिखे ले आप जो लिख रहे हैं (देखो। समझे?), जिसे मनुष्य "सामर्थी और महान," कहता है, परमेश्वर उसे "मूर्ख" कहता हैं! और जिसे मनुष्य "मूर्ख," कहता है, परमेश्वर उसे "महान," कहता है! इसे मत भूलना, देखो, इसे मत भूलना। यह आने वाले वर्षों में आपकी सहायता करेगा, क्योंकि हम हर समय कुछ तो बहुत महान के लिए देख रहे हैं। और हम हर समय बहुत ही महान को प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन संसार के लोग इसे नहीं जानते हैं। न तो उन्होंने इसे नूह के दिनों में जाना, और न ही उन्होंने इसे यूहन्ना के दिनों में जाना, यीशु के दिनों में, प्रेरितों के दिनों में, इरेनियस के दिनों में, उन दिनों में से किसी में भी नहीं जाना, उन्होंने इसे कभी भी नहीं जाना था।

74 यहाँ तक कि जोएन ऑफ आर्क, वह एक संत, छोटी महिला थी। जब वो कुछ नहीं पर एक सी लड़की ही थी, परमेश्वर ने उससे दर्शन में बात की, और एक दूत ने उससे बात की। आप जानते है कैथोलिक कलीसिया ने क्या कहा? "वो एक जादू–टोना करने वाली है।" और उन्होंने उसे खूंटे से बांध दिया, और उसे जला कर मार डाला, ऐसा कैथोलिक याजकों ने किया; उसे मार डाला, उसे "एक जादू–टोना" करने वाली मानकर मौत की सजा सुनाई, और जोएन ऑफ आर्क को एक जादू–टोना करने वाली के रूप में मर गयी। लगभग दो सौ वर्षो के बाद, उन्होंने पाया कि वह जादू–टोना करने वाली नहीं थी, वह मसीह की एक—एक शिष्या थी।

75 उन सारे संतों के साथ उन्होंने ऐसा ही किया। यीशु ने कहा, "तुम में से किसे तुम्हारे पूर्व पिताओ ने सताया नहीं? भविष्यद्वक्ताओं में से कौन सा कभी ऐसा आया कि पूर्व पिताओ ने अस्वीकार नहीं किया हो? " कहा, "तुम सफ़ेद लिपी हुई भीत हो।" कहा, "तुम—तुम वहां नीचे जाते हो और—और भविष्यवक्ताओं की कब्रों के ऊपर सजावट करते हो, और तुम ही वो एक हो जो उन्हें वहां उस कब्र में डालते हो।" हम्म! मेरे प्रभु!

परमेश्वर! समझे? उसने उन्हें कोई घुसा नहीं मारा। हम्म! उसने उन्हें केवल बताया।

76 "यह साँपों की पीढ़ी," यूहन्ना ने कहा, "किसने तुम्हे चेतावनी दी कि आने वाले क्रोध से भागो? यह मत कहना कि तुम्हारे पास तुम्हारा पिता अब्राहीम है।" "हम फलां, बड़े संगठनों से ताल्लुक रखते हैं।"

"क्या तुम एक मसीही हो?"

77 "ओह, मैं एक मेथोडिस्ट हूँ। मैं प्रेस्बिटेरियन हूं। मैं पेंटीकोस्टल हूं।" ये इसमें बिल्कुल भी नहीं है। इसका कोई लेना–देना नहीं है तुलना—तुलना—तुलना—तुलना—तुलना में जो बर्फ का धूप के साथ होता है। समझे? इसका इससे कोई लेना–देना नहीं है। यदि आप एक मसीही हैं, तो आप परमेश्वर के फिर से जन्मे दास हैं।

78 अब, अब, जब यूहन्ना आया, तो हमने कल रात को इसे लिया था। अब, याद रखना, जब आप इस पर आते हैं... क्योंकि इस बात के विषय में, मैंने—मैंने आपको यह तब बताया था। याद रखें, संसार को अब तक का सबसे कडा झटका मिल रहा है, ठीक अभी, जो कलीसिया का संसार है।

79 अब, याद रखें, कोई सन्देह नहीं, यूहन्ना के—के दिनों में, यीशु के दिनों में, वहां उनके दिनों में बड़े–बड़े पर्व और महान बोलने वाले वक्ता, बड़े बुद्धिजीवी पुरुष थे, और उन्होंने हजारों गुना हजारों लोगों को आकर्षित किया। कैफा क्या किया होता यदि वो एक—एक सभा को एक साथ बुलाता है? वह सारे यरूशलेम को ले आता, वह सारे इस्राएल को ले आता, एक खम्भे से लेकर चौकी तक। और वे सारे कहते, "ओह,"

"अब, यदि कैफा कुछ *फलां–और–फलां* बातें कहता है, तो यह बहुत अच्छा होगा।"

"ओह, क्या आप वचनों पर विश्वास करते हैं, रब्बी, आदरणीय, डॉक्टर, बिशप? क्या आप वचनों पर विश्वास करते हैं?"

"निश्चित रूप से, मैं वचनों पर विश्वास करता हूं, मैं एक जाना–माना विद्वान हूं!"

80 "अच्छी बात है। अब, बाइबल यहाँ कहती है कि एक समय आएगा कि वहाँ पर ऐसा होगा, 'सारे पहाड़ छोटे मेमनों की नाई उछलेंगे, सारे पत्ते ताली बजाएंगे, और सारे ऊंचे स्थानों को नीचे लाया जाएगा और

नीचा किया जाएगा, सारे नीचले स्थानों को ऊपर लाया जाएगा और ऊंचा किया जाएगा। और इसे जंगल में एक पुकारने वाले आवाज़ के द्वारा किया जायेगा।' क्या आप यह विश्वास करते हैं, रब्बी, आदरणीय, डॉक्टर, पास्टर? "

"निश्चय ही, मैं यह विश्वास करता हूँ!"

"यह किस तरह से होगा? "

81 "ओह, परमेश्वर किसी दिन धरती पर एक महान व्यक्ति को भेजेगा। ओह, वह बहुत ही विख्यात होगा। वह जंगल में पुकारने वाले की आवाज होगा, या वह आने वाले मसीहा के पहले आयेगा। और जब वह आएगा, तो मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह स्वर्ग से नीचे उतर कर आएगा और नीचे मंदिर में आएगा। वह यहाँ पर नीचे सीधे मंदिर में आएगा, और कहेगा, 'अब, हम सारे रोमी लोगो को लेंगे और उन्हें पीट–पीट कर मार डालेंगे। बस ऐसा ही है। हम सारे रोमी लोगो को मारने जा रहे हैं।' और—और उसके बाद वो कहेगा, 'नीचे आओ, मसीहा!' और मसीहा नीचे आ जायेगा, और हम हमारे सारे कटाई करने के औजारों को... मेरा मतलब अपनी तलवारों को हल के फाल और कटाई करने के औजारों के अंदर ढालने जा रहे हैं, और उसके बाद कोई युद्ध नहीं होगा।" और, उह–हुंह, यही उनका अनुवाद है।

82 लेकिन क्या हुआ जब वो आया? किस बात ने जगह ली? आकाश पर कोई प्रदर्शन नहीं था, जिसे उन्होंने कभी देखा हो; वहाँ एक चीज हुई थी, लेकिन उन्होंने इसे नहीं देखा। उन्होंने इसे नहीं देखा। देखो। सारे पहाड़ छोटे मेमनों की तरह कब उछले? सारे ऊँचे स्थान नीचे और नीचले स्थान ऊँचे कब हुए? एक पुराना भद्दे से चेहरे वाला प्रचारक जंगल में से बाहर निकलता हुआ आता है और उसे यहाँ तक उसका क ख ग भी नहीं मालूम था। इतिहास के अनुसार, वो नौ वर्ष की आयु में जंगल के अंदर चला गया और तीस वर्ष की आयु तक फिर कभी भी नहीं दिखाई दिया था। वह टिड्डियों और जंगली मधु को खाकर जीवित रहता था। टिड्डियां वे लंबे टिड्डे होते हैं, वे लंबे टिड्डे होते हैं।

83 वे उन्हें हर समय खाते है। खैर, आप उन्हें यहाँ पर खरीद सकते हैं... इसे गलत मत समझना, क्योंकि आप उन्हें यहीं पर बड़े बाजारों में

खरीद सकते हैं यदि आप उन्हें खरीदना चाहते हैं तो, भौंरा, मधुमक्खियां, टिड्डियां, विषधर सर्प, जो भी आप चाहते हैं, देखो।

84 सो वह टिड्डियों और जंगली मधु खाकर जीवित रहा। क्या ही संतुलित आहार है! लेकिन उसे परमेश्वर की सामर्थ के द्वारा रखा गया था। वो अपने ऊपर घुमे हुए कॉलर के साथ कपड़े नहीं पहनता था; जैसा कि कल रात किसी ने कहा, भाई पार्नेल या उनमें से किसी ने तो। उसने लंबा फ्रॉक जैसा कोट या औपचारिक वस्त्र नहीं पहना था और इसके बारे में जो कुछ है। जंगल से बाहर आता है अपने चारों ओर एक बड़े पुराने भेड़ की खाल के टुकड़े को लपेटे हुए। जैसा कि मैंने कहा है, हो सकता है... हमें हर दिन नहाना पड़ता है, और शायद वो हर तीन या चार महीने में एक बार भी वहां जंगल में नहीं नहाता होगा। मैं नहीं जानता। वो दिखने में ऐसा नहीं था कि उसकी ओर देखे। उसके पास कोई पुलपीट नहीं था। वह किसी बड़े–बड़े शहर में नहीं गया और ना ही उसने बड़े अभियान चलाए। वह वहाँ यरदन के तट पर खड़ा हुआ था, और उसके घुटनों तक कीचड़ था, और कहा, "तुम सर्प के वंश हो, कौन तुम्हें आने वाले क्रोध से भागने की चेतावनी देता है? " हम्म। यही है जब ऊँचे स्थानों को नीचा किया गया, देखो, और नीचले स्थानों को ऊँचा किया गया। हूँ–हुंह। जी हाँ, श्रीमान।

85 फिर, पहली बात जो आप जानते हैं, वे अपेक्षा कर रहे थे कि मसीहा दूतों और इत्यादि चीजो के साथ नीचे आएगा, और वहाँ पर छज्जे पर नीचे बैठ जायेंगा और वो मंदिर जहाँ उन्होंने उसके आगमन के लिए बनाया था (जैसे हम आज विशाल बड़े–बड़े स्थान बना रहे हैं, सारे राष्ट्र भर और इत्यादि में)। देखा? और वह कब आया? उसने उनमें से हर एक आराधनालय को दरकिनार कर दिया, उनमें से हर एक संगठनाओ को दरकिनार किया, और एक अस्तबल में आ गया। उन्होंने उसे इसमें मजबूर किया।

86 आज ऐसा ही है। उसे बातों के अंदर मजबूर किया जाता है, ऐसा करने के लिए मजबूर किया जाता है, अंतरसंप्रदाय होने के लिए मजबूर किया जाता है, क्योंकि उसका संदेश संप्रदाय के साथ मेल नहीं खाता है। आज उसका संदेश, उनके सेवको के द्वारा प्रचार किया गया, अंतरसंप्रदायिक है क्योंकि संप्रदायों ने उसे बाहर कर दिया। बाइबल ऐसा कहता है। वह बाहर की तरफ था, खटखटा रहा था, अंदर आने की कोशिश कर रहा

था (देखा?), उसकी अपनी कलीसिया में। ये वहीं पर है। देखो, आज भी ऐसा ही है।

87 इसलिए, याद रखे, जो मनुष्य के लिए बड़ा दिखाई देता है, वो परमेश्वर के सामने छोटा सा है। अब, यही कारण है कि आपके पास बहुत सारे फूल नहीं होते हैं। और जब परमेश्वर फिर से आता है, जब यीशु फिर से आता है, तो आप अचंभित रह जायेंगे, जैसे पीछे गली में वो छोटी सी बर्तन धोने वाली महिला। उह–हुंह। आप अचंभित रह जायेंगे, कि वो मनुष्य जो कुछ भी नहीं कहता है, उसके गुप्त बातों को अपने पास ही रखता है और परमेश्वर के सामने चलता रहता है, नम्र। आपको अचंभित रह जायेंगे। यह अचं–...

88 ज्यादा समय नहीं हुआ मैंने प्रचार किया था, न्याय पर... *न्याय होने पर अचंभित होना।* वहाँ पर अवैध तरीके से शराब बनाने और बेचने वाले को देखकर कोई अचंभित नहीं होंगे, वो जानता है कि वो वहां पर जा रहा है। निश्चय ही। यह अचंभित करने वाली बात नहीं होगी कि झूठे, व्यभिचारी, हर एक जन को वहाँ देखकर, हम अचंभित नहीं होंगे। लेकिन अचंभित होंगे, और निराशा होगी, उन्हें जो सोचते हैं कि वे वहां पर जा रहे थे; उह–हह, जी हाँ, और फिर ठुकरा दिये जायेंगे। वे जिन्होंने कहा, "ठीक है, एक मिनट रुकना, मेरी माँ इस कलीसिया से ताल्लुक रखती थी, मेरे पिता इस कलीसिया से थे, मेरे दादा जी और दादी। मैं जीवन भर वहां का सदस्य रहा हूं।"

89 "तू अधर्म के कार्य करने वाले, मुझ से दूर हो जा, मैं तुझे जानता भी नहीं।"

90 उन दिनों में देखो, जब छोटा सा, बूढ़ा शिमोन, अनजान मनुष्य, कोई प्रतिष्ठा नहीं, हम बाइबल में उसके बारे में कुछ नहीं जानते। लेकिन बाइबल ने कहा, "पवित्र आत्मा के द्वारा उस पर प्रगट किया गया," (वहां वो है; तुम वहां हो।) "कि वह तब तक न मरेगा जब तक कि वो उस—उस प्रभु के मसीह को नही देख लेता।"

91 तब देखें कि यूहन्ना बप्तिस्मा देने वाला कौन था, किसी तरह का एक विचित्र सा व्यक्ति, जंगल में का एक वनवासी। ये उस पर प्रकट हुआ। वह संदेश को प्रचार करने के लिए आगे आता हैं। उसकी ओर देखो!

वो छोटी हन्ना कौन थी?

92 छोटी सी कुंवारी, मरीयम, वहां नीचे उस—उस नासरत शहर में (जिसका अर्थ है जेफरसनविले) और जहां पाप और सब कुछ बहुत अधिक था, लेकिन उसने खुद को शुद्ध रखा था क्योंकि वह जानती थी कि किसी दिन मसीहा आने वाला था। समझे?

93 युसूफ, एक बढ़ई ने उसकी पत्नी को खो दिया था और—और इस छोटी लड़की से प्रेम जता रहा था। और ये उस में से वहां होते हुए उस तक पवित्र आत्मा आता है। और फिर संसार के लोग उसके पास आते है और इसे काले–नामो को देते है, जैसे "पवित्र–शोर शराबा करने वाले, पेंटीकोस्टल।" देखो, इसे काला–नाम दिया गया। "क्योंकि, वो, उसका... वो बालक पवित्र विवाह में से जन्मा था।" देखो, उन्होंने उस पर विश्वास किया, और ऐसा दिखाई दे रहा था कि ऐसा था। लेकिन परमेश्वर बुद्धिमानों और ज्ञानियों की आंखों को अँधा करने के लिए ऐसा करता है, और इसे बच्चों पर प्रकट करता है ऐसे जो सीखेंगे।

94 मुझे उम्मीद है कि जब मैं कुछ समय बाद कुछ बात को लूंगा तो इसके लिए मैंने पर्याप्त बुनियाद को डाला है। मैं आपको दिखाने जा रहा हूं। आप इस तेल को देखते हैं? अब, जो मैंने आपको बताया है, वो बुनियाद, यह देखने के लिए कि यह मनुष्य नहीं है, यह परमेश्वर है, मैं *इसकी* ओर संकेत करूंगा। तो ठीक है।

95 अब, "यहाँ ऊपर आ," ये आवाज थी। और जब उसने खोला, तो उसने तुरही की सी आवाज को सुना, और तुरंत यूहन्ना आत्मा में आ गया था—आत्मा में आ गया था, और जैसे ही वह आत्मा में आता है, वह चीजों को देखना आरंभ करता है। आप चीजों को देखना आरंभ करते हैं जब आप आत्मा में आ जाते हैं। सबसे पहले आपको आत्मा में आना होगा। क्या यह सही है?

96 अब, क्या हो यदि आप गेंद के खेल को देखने जाते हैं, और आप कहते हैं, "मैं निश्चय ही बेसबॉल को पसंद करता हूँ।" उम–हम्म। और आपको सामने की पंक्ति वाली सीट मिलती है, ठीक आगे बॉक्स सीट पर और आप यांकीज़ या बुलडॉग को देख रहे हैं, जो कोई भी वे खेल रहे होते है। और वे सभी वहां एक बड़ा खेल, खेल रहे होते हैं।

97 और आपके पक्ष के खिलाडी बस हारने वाले होते है, और अचानक ही आधुनिक बेबे रूथ अपने बल्ले को *इस* तरह हवा में घुमाता है और कहते

है, "आगे उस ओर देखा? " सीमा पर तीन लोग है। "मार झेलना!" और वह उसे दृष्टि से ओझल कर देता है; अपनी टोपी को उतारकर और खुद को हवा करते है; पहली सीमा पर चलकर जाता है और यहाँ वहां उन सारे लोगो को देखता है; दूसरी सीमा पर जाता है, दूसरे सीमा के खिलाडी से हाथ मिलाता है; चलकर, चुपचाप चलकर ठिकाने पर वापस जाता है, उसके सर को झुक... क्यों, ओह! ओह! चीखता है, कूदता है, चिल्लाता है, शोर मचाता है, "जीत गए!" क्यों, वे...

98 मैंने वास्तव में उन्हें ऐसा करते हुए देखा है... आपको याद है पहले घास–फुस की कडी टोपी होती थी? मैं एक दिन बेसबॉल के खेल में गया और देखा कि एक व्यक्ति रन मार कर लक्ष्य की ओर पहुँच गया। और यह मनुष्य जो मेरे सामने घास–फूस की टोपी लिए बैठा हुआ था, वह पूरी तरह से उत्तेजित हो गया; अपनी टोपी को निकाल दिया और बस उसे नीचे रख दिया, तब उसने *इस* तरह से कॉलर को घुमा दिया जहां कॉलर का ऊपरी भाग खड़ा हो गया। क्योंकि, वह उसके साथ एक बढ़िया समय को बिता रहा था! वो—वो अपने आपे से इतना बाहर था कि उसे नहीं पता था कि वह क्या कर रहा है। बस लात मारना और हुर्रे करना और चिल्लाना और कूदना। तो ठीक है, अब, आप जानते हैं कि मैं क्या सोचता है, उसके पास निश्चित रूप से... वो एक... वो एक... वो बेसबॉल को पसंद करता था। वो बेसबॉल के लिए पागल था, बिल्कुल जैसे सिगरेट के पागल होते है या व्हिस्की के पागल होते है।

99 मैं एक यीशु के लिए पागल हूँ। जी हाँ। मैं बस इसे प्रेम करता हूँ। मैं... यदि आप एक यीशु के लिए पागल बनते हैं, आप देखे, किसी चीज के पीछे एक पागल होना।

100 फिर क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि वह आदमी कहता है, "ओह, यकीनन, मैं बेसबॉल के लिए पागल हूं।" और उसका पक्ष के लोग हारने पर है, और वे उसे ऊपर आते देखते है और इस तरह खेल को जीतते हुए, वो यहाँ–वहां देखता है और, "हाँ, समझता हूँ कि यह ठीक था।" हूँ–हुंह। वो कहता है, "बेसबॉल से प्रेम करता है।"

"ओह, वह कुछ तो है!"

101 आप कहते है, "क्यों, आप इसे पसंद नहीं करते है, क्या आप करते है? तुम्हारे साथ कुछ तो गलत है!" हर एक अच्छा बेसबॉल का प्रेमी कहेगा,

"उस व्यक्ति के साथ क्या गलत है? उसके साथ कुछ तो गड़बड़ है। उसे देखो वहीं बैठा हुआ है।" हुह! बस ऐसा ही...

102 अब दो, दो को एक साथ रखो, देखो। ओह, जब आप यीशु के लिए पागल होते हैं, और आप महसूस करते है कि पवित्र आत्मा उन शब्दों में छिपा हुआ है, तब कुछ तो चिल्ला उठता है! ओह, आप अपने आपे से बाहर होते हो!

103 मैं आशा करता हूँ कि यह व्यक्ति मुझे क्षमा करेगा, वह यहाँ पास ही बैठा है। वो बड़ा सा, लंबा काले सिर वाला व्यक्ति यहाँ बैठा हुआ है, जो वहां एक रात हॉल के अंदर खड़ा हुआ था, और किसी ने कुछ तो कहा... उसे किसी प्रकार की सहायता मिली, आप समझते होंगे, उसे इस तरह से आशीष मिली। और उस गरीब लड़के के पास एक भयानक समय था, मैं जानता हूँ कि उसकी—उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया और तलाक के लिए मुकदमा दायर किया क्योंकि वो प्रभु यीशु से प्रेम करता था। ये सही बात है। और किसी ने यीशु के बारे में कुछ तो कहा, आप समझते होंगे, वह एक प्रकार से उन पागलो में से एक था। और वह युद्ध में रहा था, और सभी ने गोली से उड़ाया गया, और हर एक चीज को; वो जो लड़का था; उसके लिए दुःख सा महसूस हुआ। अपने बच्चों और... पत्नी के साथ घर आया। फिर उसने—उसने प्रभु से प्रतिज्ञा की कि वह उसकी सेवा करेगा, और जैसे ही प्रभु ने उसे आशीष देना आरंभ किया और वह ठीक परमेश्वर के साथ चलने लगा, उसकी पत्नी ने पीछे हट गयी, उस पर तलाक के लिए मुकदमा दायर किया और उसे छोड़ दिया। उसे बाहर ठंड में छोड़ दिया। लेकिन वह फिर भी एक पागल था।

104 और जब वह एक रात वहाँ पर खड़ा था और किसी ने यीशु के बारे में कुछ तो कहा, कुछ तो, कि वह कितना महान था, तो उसने कहा, "ओह, महिमा हो!" उसके हाथो को जोर से पीछे उछाला और यहाँ उसकी मुट्ठी से दीवार को इस तरह आर–पार कर दिया। वो नहीं जानता था कि उसने ऐसा किया है। उसकी मुट्ठी दीवार में आर–पार हुई थी। कहा, "भाई बिल, मैं इसके लिए भुगतान कर दूंगा।" मैं सोचता हूँ कि भाई वुड नीचे आये और दीवार के टुकड़े को लगा दिया, दूसरा टुकड़ा लगा दिया। इस बात से हमें कोई ऐतराज नहीं, भाई बेन, हमें बस—हमें बस खुशी है कि आप एक मसीह के लिए पागल है। देखा?

105 जब पवित्र आत्मा आपके लिए कुछ तो करता है, तो आप शांत नहीं बैठ सकते है, वहाँ कुछ तो ऊपर उमड़ने लगता है। आमीन। व्यूह! जी हाँ, कुछ तो पकड़ लेता है, मसीह के लिए एक पागल। जब आप प्रभु से प्रेम करते हो, बस आप में कुछ ऐसा है जो बढ़ने लगता है, झपटता है, भूखा होता है और प्यासा होता है, यीशु ने कहा, "धन्य हैं वे, क्योंकि वे तृप्त किये जाएंगे। धन्य हैं वे जो यहाँ तक प्यासे भी है, चाहे आपने पाया हो या नहीं।" कितने लोग परमेश्वर से अधिक चाहते हैं? अच्छी बात है। तो ठीक है, वो कारण कि आप परमेश्वर से अधिक चाहते हैं, आप बस वही होने के लिए धन्य हुए हैं। यदि आपने इसे नहीं पाया है, फिर भी आप धन्य हैं। "और धन्य हैं वे, जो भूखे और प्यासे हैं।" आप धन्य हुए हो केवल भूखे और प्यासे होने पर। क्योंकि आप इसे चाहते हैं, आप धन्य हैं। क्योंकि बहुत से लोग है जो इसे नहीं चाहते हैं।

106 एक रात को मैंने उपदेश दिया है आपको याद है? देखो, मुर्ख मनुष्य की तरह, उसने बक्से को रखा और उपहार को फेंक दिया। समझे? बक्से को ना ले, उपहार को ले। तो ठीक है।

> अब, *तुरन्त मैं आत्मा में आ गया; और क्या देखता हूं, कि एक सिंहासन... स्वर्ग में धरा है, और उस सिंहासन के* ऊपर *कोई बैठा है।*

107 अब, ध्यान दें, थोड़ी देर बाद, या, हमने इसे कल रात लिया था, मैं सोचता हूँ, कि इस सिंहासन के ऊपर... हम देखते है कि पहले सिंहासन पर कोई भी नहीं था, और अब सिंहासन पर कोई तो है, सो इसने दिखाया कि यीशु अपने कलीसिया के साथ आया वहां ऊपर महिमा में और उसके अपने सिंहासन पर बैठा था। "सिंहासन पर बैठा हुआ है, " ऐसा कलीसिया युग के बाद होता है। अब, अब, हम कुछ समय बाद उस बात को लेना चाहते हैं।

108 अब, आप कहते हो, "अच्छा, आज उसका सिंहासन कहाँ पर है? " अब, भाई नेविल, यदि मैं उस बात को भूल कर आगे निकल गया, तो आप थोड़ी देर बाद मुझसे पूछना, "उसका आज सिंहासन कहाँ पर है।" मैं सोचता हूँ कि मैं इस बात पर आगे जाऊंगा। "इस समय उसका सिंहासन कहाँ है क्या वह अभी अपने सिंहासन पर नहीं है? "

वह अब अपने सिंहासन पर नहीं है। नहीं श्रीमान।

109 तो ठीक है, अब:

और जो उस पर बैठा है, वह यशब और... मानिक पत्थर सा... दिखाई पड़ता है: और उस सिंहासन के लगभग चारों ओर... एक मरकत के समान *सा एक मेघधनुष दिखाई देता है।*

110 अब, आइए अब तीसरा पद लेते हैं, आरंभ करने के लिए। और इसलिए "यशब," यह एक जो सिंहासन पर बैठा था, उसे देखते... दूसरे शब्दों में, जब आपने उसकी ओर देखा, तो वो इतने वैभव, ऐसी सुंदरता में था! ओह, मैं उसे देखना चाहता हूँ। क्या आप नहीं चाहते?

111 एक दिन... मुझे याद है बहन कैडल, बहन हॉवर्ड कैडल, मैं सोचता हूँ आप में से बहुत से लोगो को बहन याद होगी। मैं वहाँ रास्ते के उस पार था, और अभी मेरी पत्नी वहाँ बैठी हुई है वो याद कर रही थी कि उसे कमरे में सर्दी लगी थी। और मैं उठ गया था, और मेरे पास छोटा सा, पुराना... यह एक वहां पर भट्टी थी जिसके साथ... हमने अपने लिए रोटी को ओवन में, पाइप में पकाया। और मैं... यह बहुत ही ठंड थी और हवा चल रही थी, सर्दियों का समय, जमीन पर बर्फ थी, और चिमनी के अंदर हवा जा रही थी, और मैं अपने जीवन को बचाने के लिए उस चीज़ को जला भी नहीं सकता था। और मैं इसके विषय में बहुत परेशान था। और मैंने चिमनी में कुछ डाला, यह इसे फिर से जला देता। बिली को सर्दी लगी थी और पत्नी को सर्दी लगी थी, मैं आग को जलाने की कोशिश कर रहा था। और फिर मैंने रेडियो चालू किया और (कुछ मिनट पहले चालू किया, और हम तब गर्म होना शुरू हो गये), और बहन कैडल गा रही थी, "जब मैं उस देश पर पहुंचूंगी, वहां दूर के एक किनारे पर, मैं यीशु को देखना चाहती हूँ। क्या आप नहीं चाहते? " ओह, मेरे प्रभु!

112 मैं बस फर्श के बीच में नीचे बैठ गया और बस वहीं पर बैठा रहा और रोने लगा। आप जानते होंगे कि वह किस तरह से गा सकती है, वहां, उसकी सचमुच मीठी नकलती चिड़िया आवाज में। जब मैं सीमा को पार करूंगा, वहां उस ओर, तो मैं उसे सुनना चाहूंगा; जो कहता है, "मैं यीशु को देखना चाहता हूँ। क्या आप नहीं चाहते? "

113 मैंने सोचा, "हे परमेश्वर, हाँ, मैं उसे किसी दिन देखना चाहता हूँ। जब सारे फूल वहां बीछे हुए होंगे, मैं यीशु को देखना चाहता हूँ।" कैसे... उसके सिंहासन पर उसे देखने के लिए, उसकी सुंदरता, उसका वैभव! और यदि

मैं... ओह, मैं वहां खड़ा होना चाहता हूँ जहाँ यूहन्ना खड़ा हुआ था, सो मैं बस खड़े होकर और उसकी ओर देख सकता हूँ।

114 यहाँ कुछ समय पहले, पीछे... गुलामी के समय में। मैं यह अपने अश्वेत मित्रो की ओर से कहता हूं जो आज सुबह यहां पर हैं। वहां एक बूढ़ा था, जो अश्वेत मनुष्य था और वह... एक छोटी से स्थान पर जा रहा था, जहाँ वे जाया करते थे।

115 और वहां केंटकी में ऐसा किया करते थे, गाते रहते थे। हो सकता है कि मामा कॉक्स और उनको याद होगा कि जब वे जाया करते थे और गाना गाते थे, आप जानते होंगे, बाहर घरों में जाते और वे एक ऑर्गन को बजाते, जवान लोगो का झुण्ड और सारे गाते। ऐसा यहां यूटिका में और देश के आसपास के स्थानों में हमेशा किया करते थे। अब वे एक चौथाई गेलन व्हिस्की को लेते, कहीं तो बाहर रॉक–एंड–रोल नाच की पार्टी को करते।

116 लेकिन, बाद में, वे स्तुती के गीत गाते। उन में से एक पुराने इन स्तुती के गीतों को गाते, वहां एक अश्वेत बुढा भाई था जो बचाया गया था। और प्रभु ने उसे प्रचार करने के लिये बुलाया, और अगले दिन वो यहाँ–वहां बागान के गुलामो को बताने के लिए चला गया। उसने कहा, "प्रभु ने मुझे कल रात को बचाया और मुझे अपने भाइयों को प्रचार करने के लिए बुलाया है।"

117 और अंत में ये बात वापस पशु फार्म के मालिक या बागान के मालिक के पास गयी। उसने उसे अंदर बुलाया और कहा, "सैम्बो, मैं चाहता हूं कि तुम यहां आओ।" कहा, "मेरे कार्यालय में आओ।"

उसने कहा, "जी हाँ, श्रीमान," वो कार्यालय में चला गया।

118 उसने कहा, "यह क्या है, जो मैंने सुना है, कि तुम गुलामो के बीच बात को फैला रहे हो, वहां उन लोगो के बीच में, मेरे हाथ, मेरे गुलाम को बताते हो कि प्रभु ने तुम्हें आजाद किया है? "

119 कहा, "जी हाँ श्रीमान।" उसने कहा, "मालिक, मैं आपका गुलाम हूँ।" उसने कहा, "मैं आपके पैसे से खरीदा गया था, लेकिन... " उसने कहा, "लेकिन जिस तरह से परमेश्वर ने कल रात मुझे आज़ाद किया! यीशु ने मुझे पाप और शर्म के जीवन से, और मृत्यु के जीवन से आजाद किया है। उसने मुझे आज़ाद कर दिया।"

उसने कहा, "सैम्बो, क्या वास्तव में तुम्हारा यही मतलब है? "

उसने कहा, "मेरा यही मतलब है।"

120 उसने कहा, "मैंने उन्हें यह कहते सुना है कि तुम यहाँ अपने—अपने लोगों को प्रचार करना आरंभ करने जा रहे हो बागानों और इत्यादि पर।"

121 कहा, "जी हाँ, श्रीमान!" कहा, "मैं यही करने का लक्ष्य रखता हूं, अपने लोगों को इस सुसमाचार का प्रचार करूँ।"

कहा, "वास्तव में तुम्हारा ऐसा ही मतलब है, सैम्बो? "

उसने कहा, "मेरा वास्तव में यही मतलब है।"

122 कहा, "आओ, मेरे साथ न्यायालय में—में चलो, मैं भी तुम्हें तुम्हारी आजादी को देने जा रहा हूं। तुम मुझसे आजाद हो, और तुम किसी भी और गुलामी से आजाद हो। मैंने तुम्हें खरीदा था, तुम मेरे हो, और मैं तुम्हें आज़ाद कर रहा हूँ ताकि तुम अपने लोगों को सुसमाचार का प्रचार कर सको।" वो वहां नीचे गया और आज़ादी पत्र, या घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए, और वह आजाद हो गया। वो अब गुलाम के रूप में नहीं बिक नहीं सकता था। वह सुसमाचार प्रचार करने के लिए एक आजाद व्यक्ति था।

123 उसने वर्षों तक अपने भाइयों के बीच प्रचार किया। बहुत से श्वेत लोग उसकी सेवकाई के नीचे परिवर्तित हुए थे। एक दिन वो बूढ़ा मनुष्य मरने पर आता है। उसने तीस या चालीस साल, या उससे अधिक समय तक प्रचार किया था। और जब वह मरने पर आया, तो वह कमरे में लेटा हुआ था, और उसके बहुत से श्वेत भाई लोग उस कमरे में चारो ओर एकत्र हुए थे, और उन्होंने सोचा कि वह लगभग दो या तीन घंटे के लिए चला गया था। फिर अत: जब वह उठा और कमरे में इधर–उधर देखा तो उसने कहा...

"तुम कहाँ थे, सैम्बो? "

उसने कहा, "ओह, क्या मैं फिर से यहाँ वापस आ गया हूँ? क्या मैं फिर से वापस आ गया हूँ? "

उन्होंने कहा, "क्या मामला है, सैम्बो? "

कहा, "ओह, मैं पार होकर कर दूसरे देश के अंदर चला गया।"

उन्होंने कहा, "हमें इसके बारे में बताओ।"

124 उसने कहा, "ठीक है, मैं अभी–अभी उसकी उपस्थिति में से आया हूँ।" और कहा, "जब मैं वहाँ पर खड़ा था," उसने कहा, "वहाँ एक

दूत आगे चलकर आया, उसने कहा, 'क्या तुम्हारा नाम, सैम्बो *फलां–फलां* है? '"

उसने कहा, "जी हाँ, श्रीमान, यही है।"

उसने कहा, "अंदर आ जाओ।"

"चलकर अंदर गया, और मैंने उसे वहाँ पर बैठा हुआ देखा।"

125 उसने कहा, "सैम्बो, अब यहाँ आओ, उसे देखने के बाद मैं चाहता हूँ, तुम यहाँ पर आ जाओ, हम तुम्हें तुम्हारा वस्त्र देना चाहते हैं, हम तुम्हें तुम्हारी वीणा देना चाहते हैं, हम तुम्हें तुम्हारा मुकुट देना चाहते हैं।"

सैम्बो ने कहा, "मुझसे वीणाओं, मुकुटों, और वस्त्रों के विषय में बातें न करे।"

कहा, "लेकिन तुमने एक इनाम को जीता है, हम तुम्हे तुम्हारा इनाम देना चाहते हैं।"

126 कहा, "बात ना करो... मेरे बारे... मेरे इनामों के बारे में।" कहा, "बस मुझे यहीं खड़े होकर उसे एक हजार वर्षो तक उसकी ओर देखते रहने दो। यही मेरा इनाम होगा।"

127 मैं सोचता हूँ इसी प्रकार हम सभी महसूस करते होंगे, "बस मुझे यहीं खड़े होकर और उसकी ओर देखने दो।" ओह, जो अभी मेरे पास है तब मेरे पास उससे अलग ही शरीर होगा, तुम्हारा अस्तित्व का हर एक तंतु या रेशा केवल उसकी ओर देखेगा।

128 वहाँ यूहन्ना खड़ा हुआ था और उसने उसे सिंहासन पर बैठा हुआ देखा, और वो "यशब और मानिक पत्थर के समान दिखाई पड़ता था।" अब, बाइबल में सभी चीजों और हर एक शब्द का एक अर्थ है। अब, "यशब और मानिक पत्थर।"

129 अब, यदि आप ध्यान दें, तो इसकी तुलना बाकी के वचनों से की जाती है। वचनों के पिछले भागो में, वो अल्फा, ओमेगा था, वो आदि और अंत था, वह पहला और अंतिम था, वह पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा था। वह "सब कुछ" था जो उसी में इकठ्ठा हुआ था। मत्ती 17 यह दिखाता है कि वो... वहां रूपान्तरण पर्वत के ऊपर, ये सब उसमें एकत्र हुआ था।

130 अब, "यशब" एक—एक पत्थर था, और "मानिक" एक पत्थर था। (अब, हम थोड़ी देर बाद उनके रंगों को ले लेंगे।) अब, मैं चाहता हूं कि

आप ध्यान दें कि हर एक पूर्व धार्मिक पिता जब वे जन्मे थे, जी हाँ, हर एक व्यक्ति के पास जन्म का पत्थर होता था। मेरा, मैं अप्रैल में जन्मा था, हीरा। और अलग–अलग महीने अलग–अलग पत्थरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। तो ठीक है, उसी तरह से पूर्व धर्मिक पिता थे। हर बार जब एक पूर्व धर्मिक पिता, जब उसका जन्म हुआ था, तो उसके... पास जन्म का पत्थर होता था।

131 और बस यहीं रुकते है कुछ क्षण के लिए। जब वे इब्रानी माताएँ... मैं आपको एक दैविक वचन से दिखाऊँगा, मित्रो, ताकि आपका विश्वास परमेश्वर के वचन में पक्का हो जाए। हर एक समय, वे इब्रानी माताएँ, जब वे प्रसव पीड़ा में थीं, प्रसव पीड़ा में जा रही थीं, जन्म देने के लिए... इन बालको को जन्म देंने के लिए, वही शब्द जो उसने अपने जन्म में कहे थे, वो नाम उस पुरुष को देते हैं (वह बालक जो उससे जन्मा था) उसका नाम, और उसे फिलिस्तीन स्थान में रखा गया जहां पर वो प्रभु के आगमन पर होगा। इस माँ में जो प्रसव पीड़ा होती है! जैसे, *एप्रैम* का अर्थ है "समुद्र के किनारे।" समझे? और एप्रैम को उसका बहुत कुछ समुद्र के किनारे दिया गया था। और, कहा, *यहूदा* का मतलब... मुझे नहीं पता इस शब्द का क्या अर्थ है, लेकिन मैं इसे ले सकता हूँ। अब, देखिए, यहीं मेरे पास समय नहीं है, ये छोटी–छोटी चीजें, उन चीजों को लेने के लिए। लेकिन फिर पीछे जाये, और *यहूदा,* जहां कहीं भी यहूदा का अर्थ लिखा हुआ है, उसके मतलब अनुसार इस्राएल के बच्चों के बीच उसे उस स्थान में रखा गया।

132 और उत्पत्ति 48 और 49 को लें, तो आपको वहाँ मिलेगा कि वहां याकूब, जब वह मर रहा था, उसकी लाठी के सहारे झुका हुआ था, अंधा, उसने उन बच्चों को स्थान के अनुसार बताया कि वे संसार के अंत में कहाँ होंगे। और वे ठीक अभी उसी स्थान में स्थित हैं जब से वे अपने देश में वापस चले गए हैं। यूसुफ को बताया, "तू शहरपनाह के पास फलदायी दाखलता है," देखो, "कुएं के पास," जल। वह वहां पर चला गया। उसने कहा, "तुमने प्रभु परमेश्वर पर भरोसा किया है। तूने अपने—अपने धनुष को बलवन्त बनाया है" (संयुक्त राष्ट्र। देखा?) "प्रभु में, लेकिन किसी दिन वह दाखलता शहरपनाह पर वापस आने लगी थी।" और वहां पर वो है, ठीक अभी वहीं पर है। बिल्कुल ठीक वैसे ही, जो उसने लगभग तीन हज़ार

वर्ष पहले कहा था, ठीक वापस घुमते हुए। एप्रैम से कहा कि वो अपने पांव को तेल में डुबाए हुए हैं, और एप्रैम ठीक वहीं बस गया जहां तेल के बड़े–बड़े कुएं हैं। बिल्कुल ठीक वैसे ही।

133 उन लोगों की पुकार, उन नश्वर लोगों पर क्या था? परमेश्वर उनके तत्वों को लेते हुए और उनमें से चलते हुए!

134 ऐसे दिखा जैसे जब रोमन साम्राज्य ने उन्हें तितर–बितर कर दिया, जब दूसरों ने उन्हें तितर–बितर कर दिया, जब हिटलर ने उनसे घृणा की, तो हजारों गुना हजारों, उसने उनकी नसों में बुलबुले दागे और वे मर गए, आप उनके शरीर को उनके बच्चों के साथ चहारदीवारी पर लटका हुआ देख सकते थे, और बाकी सारी चीजे और हड्डियाँ... और उन्हें उठाया और उनकी हड्डी से खाद बनाई। बस उन्हें वहाँ से लेते और उन्हें गोली मारते, उन्हें गाडियों में डाल देते। फिर उन्हें बाहर निकालते, जिस उस समय जब वे उन्हें बाहर निकालते हैं, तो यहाँ तक गाना शुरू कर देते थे, "मसीहा आयेगा और हम फिर से दाख के लहू को पीयेगे।" जब वे जाने पर होते, मरते हुए, वे यहूदी, तब वे वहां से चले जाते, जानते हुए जरा सी और धड़कन चालू है, और उनका ह्रदय बंद हो जाएगा। और वे जाते हुए, गाते रहते, "हम जल्द ही मसीह को देखेंगे।" ओह, प्रभु! उनकी हड्डियों में से खाद बनाते।

135 आप में से बहुत से सैनिक जो यहाँ है इसे जानते होंगे और इसे देखा होगा। मैं वहां उन मैदानो पर खड़ा था जहां पर उन्होंने उन्हें और बाकी हर एक को जला दिया, वहां हिटलर और उन लोगो ने। और स्टालिन और रूस और उन सभी को देखो, उन्होंने उसी काम को किया। ये सही बात है। लेकिन वह यहूदी, मामला क्या था? उन्हें अपने देश में वापस जाने के लिए मजबूर किया गया था। वही है जहाँ पर वे खड़े हैं।

136 अब, मैंने वो बेहतरीन फिल्म देखी है, *मध्य रात्रि से पहले तीन मिनट।* जब वे यहूदी देश में आए, और वे उन से पूछ रहे थे, कि, "तुम अपने देश में मरने के लिये क्यों लौट रहे हो? "

137 कहा, "हम मसीहा को देखने आए हैं।" आमीन। हम्म! हम अंत समय पर हैं।

138 उन बच्चो में से प्रत्येक जब उनका जन्म हुआ था, उनके पास एक जन्म का पत्थर था। और जब हारून, जो उन बच्चों में से हर एक बच्चे के ऊपर

महायाजक था, उसके छाती के ऊपर एक पटुका था, जो उसके वस्त्र के ऊपर था। यही है जिस पर मैं कुछ समय तक रुके रहना चाहता हूँ, जिससे कि इस 6वें पद में जा सकूँ, क्योंकि यह पुराने नियम के हर एक चिन्ह या प्रतिक को ठीक वहां इसके अंदर लाता है। हर एक... पुराने नियम का सारा सामान और हर एक चीज उसी का एक नमूना था जिसे स्वर्ग में देखा गया था, वापस मानव जाति के लिए प्रतिछाया को दिखाया।

139 और यहाँ हारून की छाती का पटुका है, वो महायाजक था। ध्यान दें, प्रत्येक गोत्र के जन्म के पत्थर को वहां पटूके में प्रतिनिधित्व किया गया था। एक, एक जन्म का पत्थर, वहां उसका पत्थर था; एप्रैम का गोत्र, मनश्शे का गोत्र, गाद का गोत्र, और बिन्यामीन का गोत्र, सब का प्रतिनिधित्व यहां हुआ था। और इस तरह... फिर वे उन जन्म के पत्थरो को लेते हैं, वे सुंदर रत्न, और इसे इस तरह से स्थान पर लटका देते। और यदि कोई भविष्यद्वक्ता भविष्यद्वाणी करता है, और वह सही दिखाई देती है या नहीं, तो वे उसे इस ऊरीम तुम्मीम के पास ले जाते और उसे उसकी भविष्यवाणी को उसे बताने के लिए कहते; यदि वहाँ उस पर एक पवित्र प्रकाश आता है और इन पत्थरों को एक साथ चमकाना आरंभ करता है, तो यह परमेश्वर बोल रहा था। यह सारे गोत्र के लिए था, उन सभी के लिए, हर एक गोत्र के लिए।

140 अब, इन पर, पहला पत्थर। पहला, कितने लोग जानते हैं कि पहला बालक कौन था? उसका नाम क्या था? रूबेन। तो ठीक है। आखिरी बालक कौन था? बिन्यामीन। ये सही है। रूबेन का जन्म का पत्थर "यशब" था, बिन्यामीन का जन्म का पत्थर "मानिक" था। उसे उस पर "रूबेन और बिन्यामीन," के नाई देखना था, पहला और आखिरी, वह जो था, जो है, और आने वाला है, उसने यूनानी अक्षर वर्णमाला में अल्फा (ए) था, यूनानी अक्षर वर्णमाला में ओमेगा (जेड) था। वह पहिला और अन्तिम था, वह बिन्यामीन से रूबेन तक, था और रूबेन से बिन्यामीन तक था। ओह, प्रभु! वहाँ वो था, "यशब पत्थर और मानिक पत्थर के नाई उस पर देखो।" वह इस सिंहासन पर बैठा हुआ था!

141 किस तरह से आप सब उसे उसकी महिमा पर बैठे हुए देखना चाहते है? आईए हम प्रकाशितवाक्य 21:10 में, ठीक जल्दी से खोलेंगे, और यहाँ बस उसे देखें। तो ठीक है, 21:10 से 11।

और वह मुझे आत्मा में, एक बड़े और ऊंचे पहाड़ पर ले गया, और मुझे बड़े नगर को दिखाया, पवित्र यरूशलेम, स्वर्ग से परमेश्वर के पास से उतरता हुआ,

परमेश्वर की महिमा उस में थी:... परमेश्वर की महिमा उस में थी: ओर उस की ज्योति बहुत ही बहुमूल्य पत्थर, अर्थात... बिल्लौर के समान... यशब की नाईं स्वच्छ थी;

142 "उसकी ज्योति।" वो उजियाला! उजियाला कौन है? "और उस नगर को सूर्य की कोई आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि मेम्ना उसका उजियाला है।"

143 "यशब, मानिक" पत्थर। परमेश्वर की महिमा यीशु मसीह है, यीशु मसीह की महिमा उसकी कलीसिया है। और वो पहला था। वो क्या था? वो समय का आरंभ था, वो समय का अंत है। वो पूर्व धर्मिक पिता में सबसे पहले था, वो पूर्व धर्मिक पिता में से अंतिम हैं। वो कलीसिया था जो कि... वो—वो आत्मा तरह जो इफिसुस की कलीसिया में था, वो लौदीकिया में कलीसिया की आत्मा है। वह पहला और अंतिम है, ए से लेकर जेड है, प्रथम, आखिरी, वह जो था और आने वाला है, दाऊद का मूल और वंश, सुबह का तारा, घाटी का सोसन, शारोन का गुलाब है! ओह, बाइबिल में चार सौ और ऐसे ही कुछ शीर्षक हैं जो उससे संबंधित हैं। जरा इसे सोचे, वह क्या था! और फिर भी वो दीन–हीन् प्रभु यीशु था जो एक चरनी में परमेश्वर की स्तुति के लिए जन्मा था।

144 जो कोई भी नम्र है, इसे देखें क्योंकि यह सही है। जो कोई भी बड़ा है वो एक रुढ़िवादी व्यक्ति है, तो उस पर ध्यान न दें; देखो, ये हवा से भरा है, और इसमें कुछ भी नहीं। तो ठीक है।

145 अब, "उसे उस पर यशब और मानिक पत्थर के नाई देखना था।" आइये पीछे जाये। क्या आप... ? हमारे पास थोड़ा समय है, क्या हमारे पास नहीं है? हमारे पास अभी भी लगभग चालीस मिनट हैं। आइए ध्यान दें, आइए हम पीछे यहेजकेल 1 की ओर जायेंगे। बाइबिल में पीछे पुराने नियम में जाये, यहेजकेल की ओर, और आइए यहाँ से पढ़ें जहाँ यहेजकेल ने भी उसे देखा था। और अब इन वचनों की तुलना करें और देखें कि हम कहाँ पर हैं। यहेजकेल पहला अध्याय, तो ठीक है, अब कुछ क्षण के लिए पढ़ते हैं। अब मैं पहले पाँच पदो को पढ़ने जा रहा हूँ, और उसके बाद हम पढेंगे,

मैंने यहाँ 26 से 28 तक चिन्हित किया है। लेकिन आइए, अब यहेजकेल, भविष्यवक्ता के 1 अध्याय के पहले पदों को पढ़ें। तो ठीक है:

> *और ऐसा हुआ कि तीसवें वर्ष के चौथे महीने के पांचवें दिन,... मैं बंधुओं के बीच—मैं बंधुओं के बीच कबार नदी के तीर पर था,...* (क्या यह सही है, कबार? सी–एच–ई–बी–बी–आर, कबार।)... और *आकाश खुल गया, तब स्वर्ग खुल गया, और मैं ने परमेश्वर का* एक दर्शन *पाया।*
>
> और *इसमें...* (अब, देखे।)... *यहोयाकीम राजा की* बंधुआई *के पांचवें वर्ष के चौथे* महीने *के पांचवें दिन को,*
>
> *यहोवा का वचन बूजी के पुत्र यहेजकेल याजक के पास पहुचा, उस देश में... कसदियों के देश में कबार नदी के तीर पर; और यहोवा का हाथ... उस पर था।*
>
> *और मैं देखने लगा, तो क्या देखता हूँ कि उत्तर दिशा से बड़ी घटा, और लहराती हुई आग सहित बड़ी आंधी आ रही है...*

146 यहाँ इस भविष्यद्वक्ता को देखना, मसीह के आने से पाँच सौ पचानवे वर्ष पहले, देखें कि उसके दर्शन की तुलना यूहन्ना के साथ कैसे की जाती है:

> *... उत्तर दिशा से बड़ी घटा, एक बड़ा बादल,... और लहराती हुई आग और लगभग चारों ओर प्रकाश था, और उस आग के बीचों–बीच से झलकाया हुआ अग्निमय रंग सा कुछ दिखाई देता था।*
>
> *फिर उसके बीच से चार जीवधारियों के समान कुछ निकले। और यह उनका रूप था; और उनका रूप... मनुष्य के समान था।*

147 ध्यान दे, परमेश्वर की आत्मा का रंग जो इन चार जीवधारियों की समानता से ऊपर था, वो अग्निमय रंग था। अग्निमय पीले–हरे रंग का होता है। अब, देखो, "पीला–हरा," *अग्निमय,* ओह, वो एक सा है कल... उसने यहेजकेल पर स्वयं को प्रगट किया; यहेजकेल के दर्शन के बीच में, ये प्रकाश जिसे उसने चार जीवित जीवधारियों के ऊपर आते हुए देखा था, वो पीले–हरे रंग का था। कब वो यूहन्ना के पास आया, वह *मरकत* रंग में प्रकट हुआ ये भी "पीले–हरे" रंग का है। वो अब पीले–हरे रंग में प्रकटकर्ता

के पास आता है। वो हमारे पास पीले–हरे के प्रकाश में आता है! उस प्रकाश में चलो, वो ही प्रकाश है।

148 आइये अब 26वें पद पर जाएं, जिससे कि हम 28वें पद को पढ़ सकें। 26वां पद:

और वो ऊपर–...

ओह, जब आप घर जाये, तो मैं चाहता हूं कि आप उसे चिह्नित करें और उसका हर एक अंश पढ़ें। समय बचाने के लिए:

और जो आकाशमण्डल उनके सिरों के ऊपर था जैसे पत्थर *के समान था, मानो कुछ* नीलम *पत्थर का बना हुआ था: और इस सिंहासन के... ऊपर जो मनुष्य के समान कोई दिखाई देता था।*

149 वो मनुष्य का पुत्र था, देखो, मसीह। अब देखो वह कैसा था, उसे यहाँ कैसे व्यवस्थित रखा गया था:

और मुझे अग्निमय रंग सा दिखाई पडा, (देखो, इस मनुष्य के पुत्र के चारों ओर) *और उसके लगभग भीतर—उसके लगभग भीतर और* चारों ओर *आग सी दिखाई पड़ती थी, कमर से ले कर नीचे की ओर...*

150 सुनना! आत्मिक बने, समझदार बने, और यहाँ अपने ह्रदय मे। मैं आपको यीशु के नाम से अनुरोध करता हूँ, इसे अपने ही पास रखे! लेकिन बस याद रखें कि कितना धन्य है!

151 "मैं स–... " आइए 27वें पद में फिर से आरंभ करें। हर एक जन, सुनना! अब अच्छी तरह से समझना!

... *और मुझे अग्निमय रंग सा दिखाई पडा* (यह पीला–हरा होता है), उसके लगभग भीतर और चारों ओर आग सी दिखाई पड़ती थी,... *यह,...*

अग्निमय–हरे रंग की चारों ओर आग थी। अब:

... *कमर से ले कर ऊपर की ओर भी,* (उसकी कमर से ऊपर की ओर।) *और उसकी कमर के ऊपर से... नीचे की ओर, मैंने देखा कुछ आग सी दिखाई पड़ती थी, और लगभग उसके* चारों ओर *प्रकाश था।* (चारों ओर आग।)

जैसे वर्षा के दिनो *में बादल में धनुष* और रंग *में दिखाई पड़ता है, वैसे ही लगभग चारों ओर प्रकाश दिखाई देता था। यह ऐसा ही दिखाई पडता था* और *समानता* और *यहोवा की महिमा थी। और उसे देख कर, मैं मुंह के बल गिरा, तब मैं ने एक शब्द सुना जैसे कोई बातें करता है।*

152 देखो! क्या आप तैयार हैं? सुनना! इसे अब अपने पास रखना, बस याद रखें, आपको बताने के लिए। (जीन, आप इस टेप को रोक सकते हैं।) सुनना! (नहीं, मुझे इस टेप को वहां रोकने की जरूरत नहीं है, यह ठीक है। मेरा मतलब है कि बस टेप में रखें; इसे कलीसिया चर्च के लिए अनुमति दें।) इसे ध्यान देना! अब, जिससे कि आप जान सकें कि प्रकाश का रंग जो प्रभु के पास है, और प्रभु का प्रकाश जो प्रभु के साथ जाता है, और यह प्रभु के नाई है, वो अग्निमय है, पीला–हरा है। यह प्रकाश का वही रंग है जो आज हमारे साथ है, जैसा कि वैज्ञानिकों ने इसका चित्र लिया है, पीला–हरा, अग्निमय।

153 जब एक छोटा लड़का, और मैंने इसे पहली बार देखा था, आपको याद होगा, जो यहाँ पर पुराने समय के लोग है। मैंने हमेशा आपको बताया था इससे पहले की उस वास्तविक तस्वीर को लिया गया, "यह पीले–हरे रंग का था, जो अग्निमय है।" अब, आपको यह बताने के लिए कि प्रभु की आत्मा...

154 उसने कहा, जब उसने उस जीवित जीवधारियों की कमर पर से देखा जो उसकी उपस्थिति में खड़ा था, "उसकी कमर से ऊपर की ओर आग की नाई था, उसकी कमर से नीचे की ओर एक प्रकाश था, जो प्रकाश से ढका हुआ था। और उसके चारों ओर मेघधनुष के समान बहुत से रंग थे।" क्या यह सही है?

155 मैं चाहता हूँ कि आप याद रखे, परमेश्वर अब भी उन्हीं रंगों में मौजूद हैं, "कमर से ऊपर की ओर, आग, अग्निमय रंग," एक चलचित्र कैमरे से तस्वीर को लिया गया या एक रंगीन कैमरे से लिया गया था, "कमर से ऊपर अग्निमय, कमर से नीचे, और हर कहीं से, बारिश के बाद, जैसे आकाश में मेघधनुष में बहुत से रंग होते हैं।" यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है! पवित्र आत्मा अब भी अपनी सामर्थ में है, इस अंतिम दिनों में अब भी उसकी कलीसिया में है। वहां है आप। मैं नहीं, मैं तो बस

वहां खड़ा हुआ था, लेकिन यह तो एक तस्वीर थी जो ली गई थी। मैं चाहते हूँ कि आप उसे देखें, ठीक वही जो यहेजकेल ने देखा था। वही रंग, उसी तरह से, और उसी तरह से कार्य को किया, और उसी तरह से जीवधारियों को पवित्र कर रहा है। यह क्या है? जीवधारी कलीसिया का प्रतिनिधित्व करते हैं, कलीसिया जो मसीह के सामर्थ और पुनरुत्थान के द्वारा जी रही है। उन्हीं अग्निमय रंगों ने इसे कमर से ऊपर की ओर, कमर से नीचे की ओर तक ढका है।

156 वहाँ अब और कोई अनुमान लगाना नहीं है, विज्ञान ने तस्वीरें को लिया हैं! उनके रंगों की ओर देखे, वहां पर अग्नि के रंगों की ओर देखे। समझे? मेघधनुष। इस पीले–मरकत रंग को देखे। अब, *इस* कैमरे पर, यह बस एक निष्कपट फोटो खीचने वाले का कैमरा था। *इस* कैमरे पर रंगीन, रंगीन तस्वीरे, कोडाक्रोम रंग निकलता था। वहां मरकत के रंग को देखें। यदि मैं इसे एक रोशनी के ऊपर कहीं तो ले जा सकता जहाँ आप इसके पीछे देख सकते है। क्या आप अब देख सकते हैं? "एक मेघधनुष की तरह," मेघधनुष की तरह आगे और पीछे आती हुई धारियों को देखें, हर एक का, एक भिन्न–भिन्न रंग है। हम कुछ ही मिनटों में उस बात पर जाने वाले हैं, वे कौन से रंग हैं और वे क्या प्रतिबिंब करते हैं?

157 ओह! ये मेरे दीन ह्रदय को खुशी से उछलने को लगाता है। और यह जानकर कि इस दिन में जिसमें हम रह रहे हैं, वो मसीह... जब अन्य सारी जमीन धसती हुई रेत हैं, अन्य सारी भूमि। मैं सोचता हूँ, "मैं इसे क्यों नहीं बता सकता हूँ? मैं संसार को इसे देखने के लिए क्यों नहीं लगा सकता हूँ?" संसार का इसे देखना मायने नहीं रखता था। संसार इसे नहीं देखेगा, वे इसे कभी नहीं देख पाएंगे! लेकिन कलीसिया को अब तक का सबसे जबरदस्त हिलावट का सामना करना पड़ रहा है!

158 उन दिनों में वे इसकी एक तस्वीर को नहीं ले सकते थे। वे अब तस्वीर को ले सकते हैं क्योंकि उन्हें यांत्रिक उपकरण–ईकाइयाँ मिल गई हैं। वे लोग जो परमेश्वर को नकारने के लिए यांत्रिकी को लेने की कोशिश कर रहे हैं, वे ठीक वापस आते हैं और साबित करते हैं कि एक परमेश्वर है। यह सही है, "मरकत।" अब, आपको याद है, मैंने इसे कभी नहीं बनाया, मैं इसे ठीक आपके लिए बाइबल में से पढ़ रहा हूं। देखो जैसा कि मैं पढ़ता

हूं, और देखता हूं, और देखता हूं कि यह वही प्रभु परमेश्वर है, इसमें कोई अंतर नहीं है। देखिए 27वां पद:

और मैंने देखा... अग्निमय रंग का, आग सा दिखाई पड़ता था...

159 देखो, जैसे धधकती आग का दमकना। समझे? अग्निमय रंग जो आग में से आ रहा है। क्या आप इसे अब देखते हैं? अग्निमय, *यह* आग से आने वाला अग्निमय रंग है। यहाँ आगे यह कहता है:

> और एक धनुष सा दिखाई दिया, या एक मेघ*धनुष* की तरह, *बारिश* के बाद के दिनों में,... मेघधनुष, *बारिश* के बाद के दिनों में दिखता है,...

160 और वहां पर एक—एक "जीवित जीवधारी" था। यूहन्ना ने जो प्रतिनिधित्व किया, संपूर्ण कलीसिया, ऊपर उठा ली गयी। मैंने आपको बताया। एक व्यक्ति यहाँ एक दर्शन में संपूर्ण मसीह की देह को प्रतिनिधित्व कर सकता है! अब, देखो:

> *और मैंने देखा... अग्निमय रंग का, आग सा दिखाई पड़ता है... इसके साथ, और उसका रूप... फिर उस मनुष्य की कमर से ले कर ऊपर की ओर भी और यहाँ तक उसकी कमर से भी नीचे की ओर, मैंने देखा कि यह आग सा दिखाई पड़ता था,...*

161 देखो, आग के छिड़काव की ओर*देखो*। किसमें से? मेघधनुष, सात रंग। अब, देखो, *वहाँ* बिल्कुल ठीक सात रंग हैं, और मेघधनुष के सात रंग होते हैं।

> *... मैंने देखा कि यह आग सा दिखाई पड़ता था, और इसके चारो ओर लगभग प्रकाश था।*
>
> *एक धनुष की नाई दिखाई पड़ता था जो वर्षा के दिन* बादलों *में होता है, उसी प्रकार चारों ओर लगभग प्रकाश दिखाई पड़ता था।* (परमेश्वर के सिंहासन के चारों ओर, देखो।) *यह प्रभु की महिमा की समानता का सा दिखाई पड़ता था।*

162 *प्रभु* नहीं, अब, प्रभु की *महिमा*। प्रभु की महिमा उसकी कलीसिया के ऊपर ढाके हुए है क्योंकि वो अपनी कलीसिया में हैं! आमीन! ओह, यह मूर्खों के लिए मूर्खतापूर्ण दिखाई पड़ता है, लेकिन यह उनके लिए कितना महान है जो विश्वास करते हैं। हूँ–हुंह।

... यह प्रभु की महिमा की समानता का सा दिखाई पड़ता था। और उसे देख कर, मैं मुंह के बल गिरा, तब मैं ने एक शब्द सुना जैसे कोई बातें *करता है...*

163 अब वह आगे बढ़कर और बताता है कि उस दर्शन का क्या मतलब था, जिसे आज सुबह उस बात को लेने के लिए हमारे पास समय नहीं है।

164 अब, ध्यान दें कि प्रभु अपनी महान दया से हमें ये चीजें किस तरह से देता हैं।

165 अब आइये एक और को लेते हैं। यहेजकेल और यूहन्ना दोनों ने उसे उसके रंगों और प्रकाश के रहस्य में देखा, और इसे "अग्निमय रंग" कहा। बाद में यूहन्ना... आप जो लिखते हैं... आप जो वचनों को लिख कर रख रहे हैं, ये पहला यूहन्ना 1:5 से लेकर 7 है। यूहन्ना, बाद में (और वो पतमुस टापू पर लगभग तीन वर्ष तक था जब उसने किताब लिखी थी), जब वह वापस आया, तो वो उसके नब्बे और कुछ वर्ष का एक बूढ़ा मनुष्य था, पहला यूहन्ना 1:5 और 7, उसने कहा, "परमेश्वर प्रकाश है।" यूहन्ना के पास एक अनुभव था, उसने उसे देखा था और वह जानता था कि वो प्रकाश था, प्रकाश, अनंत प्रकाश था; जगत संबंधी प्रकाश नहीं, ना ही बत्ती का प्रकाश, ना ही विद्युत प्रकाश, ना ही सूर्य का प्रकाश, लेकिन अनंत प्रकाश! ओह, मैं उससे कितना प्रेम करता हूँ। "परमेश्वर प्रकाश है।"

166 ध्यान दे, हम अब वापस आरंभ करने जा रहे हैं और देखंगे कि हम कहाँ पर हैं। अभी तक तीसरे पद पर है, क्या हम नहीं हैं? क्या हम इसे ले लेंगें? मैं आशा करता हूँ। तो ठीक है:

... वो... यशब और मानिक *पत्थर* सा *दिखाई पड़ता है: और उस सिंहासन के चारों ओर... मरकत सा एक मेघधनुष दिखाई देता है।* (पीला–हरा।)

167 अब, "मेघधनुष," आप ध्यान दे कि यह एक मेघधनुष था। आइए पीछे उत्पत्ति 9 में जायेंगे और देखेंगे, उत्पत्ति 9:13 में। और हम यहाँ पीछे "मेघधनुष" को देखते है, जब पहली बार एक मेघधनुष दिखाई दिया था। उत्पत्ति 9वा अध्याय, और हम 13वें पद से आरंभ करेंगे, उत्पत्ति 9:13। क्या आप सभी इसे पसंद करते है? ओह, मैं इसे प्रेम करता हूँ! मैं बस इसे पसंद ही नहीं करता हूँ, मैं इसे प्रेम करता हूँ! देखो:

कि मैं ने बादल *में अपना धनुष रखा है वह चिन्ह होगा* (देखो!), *मेरे और धरती के* बीच *में की वाचा का।*

168 किसकी? "मेरे और नूह के बीच"? नहीं। "मेरे और धरती के बीच।"

और यह पूरा होगा जब मैं धरती के ऊपर बादल को फैलाऊं जब बादल में धनुष देख पड़ेगा:

और मैं अपनी वाचा को स्मरण करूंगा, जो—जो मेरे और तुम्हारे बीच *है...*

169 अब वह उनके बीच अपनी वाचा में वापस आता है, लेकिन मेघधनुष वाचा... देखो, वाचा नूह के लिए जीवन था, जिसने उसे बचाकर रखा, लेकिन जो वाचा परमेश्वर ने स्वयं के साथ बांधी वो एक मेघधनुष था, कि वो नहीं... अब, एक मिनट में आपको दिखाऊंगा कि नूह की परमेश्वर के साथ वाचा क्या थी। लेकिन यहाँ पर यह परमेश्वर की स्वयं के साथ वाचा थी, आमीन, एक मेघधनुष।

170 अब, हम पाते हैं कि एक *वाचा* तब एक "चिन्ह," होता है, एक चिन्ह। परमेश्वर ने कहा कि यह यहाँ एक "टोकन" था, क्या उसने नहीं कहा? देखा?

मैं ने... रखा है... मैंने बादल में *अपना धनुष रखा है,* (ऐसा दुनिया के विनाश के बाद होता है, जल से नष्ट करने के बाद; नूह—नूह को छोड़कर सभी मानव देह नष्ट कर दिए गए थे।)*और यह मेरे और धरती के बीच में वाचा का चिन्ह होगा।*

171 ना ही "मेरे और दुनिया के।" *दुनिया* एक "विश्वव्यवस्था" है। समझे? लेकिन यह "मेरे और धरती के बीच" की है। परमेश्वर ने कहा, "मैंने उस धरती को बनाया है। और मैंने उससे इतनी बुरी तरह से व्यवहार किया, कि मैंने उसे उल्टा कर दिया और उसके टुकड़े–टुकड़े कर दिए। और—और हो सकता है मुझे—मुझे—मुझे—मुझे—मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था।" उसने कहा, "मुझे—मुझे यहाँ तक खेद भी था, यह क्या ही भयानक बात थी।"

172 आप क्या सोचते है कि जब वह अपने क्रोध में आएगा तो क्या होगा? सही कर लो, पापी दोस्त।

ओह, देखते रहो और उस नज़ारे की प्रतीक्षा करते रहो,
वह फिर से आ रहा है।

क्या आप यह विश्वास करते है?

वह फिर से आ रहा है।

मैं इससे प्रेम करता हूँ, क्या आप नहीं करते?

ओह, क्या आप उसके एक बैरी के रूप में गिने जायेंगे?

मैं ऐसा नहीं होना चाहता। क्या आप चाहते है? नहीं, श्रीमान। बैरी होना फिर–... या, उसके लिए बैरी बनना, उसके साथ होना ही बेहतर है। लेकिन उसके विरोध में होना!

भीतर से बेदाग रहो, देखते रहो और उस नज़ारे की प्रतीक्षा करते रहो,
वह फिर से आ रहा है। (हुम्म!)

173 अब, एक वाचा, किस बात का चिन्ह है? किस बात का चिन्ह? एक बलिदान का जिसे स्वीकार किया गया है। अब उत्पत्ति 8:20 और 22 को लेंगे। अब, उत्पत्ति 8:20 और 22, तो ठीक है, यह ठीक पूरे पन्ने पर है।

और तब नूह ने यहोवा के लिये एक वेदी बनाई; *और... सब शुद्ध पशुओं को लिया, और... सब शुद्ध पक्षियों में से, कुछ कुछ ले कर वेदी पर होमबलि चढ़ाया।*

और इस पर यहोवा ने सुखदायक सुगन्ध पाकर; और प्रभु ने उसके ह्रदय में सोचा, कि मैं फिर कभी भूमि को शाप (भूमि को शाप) *मनुष्य के कारण न दूंगा; यद्यपि* उसके *मन में बचपन से जो कुछ उत्पन्न होता है सो बुरा ही होता है; तौभी जैसा मैं ने सब* जीवों *को अब मारा है, वैसा उन को फिर कभी न मारूंगा।*

174 और अब हम अंतिम पद को पढ़ सकते हैं:

और... *अब से जब तक पृथ्वी बनी रहेगी, तब तक बोने और काटने के समय,... ठण्ड और तपन,... धूपकाल और शीतकाल,... दिन और रात, निरन्तर होते चले जाएंगे।* (एक वाचा।)

175 वही चीज जो यूहन्ना ने देखा: यीशु, परमेश्वर ने वाचा को स्वीकार किया जो आकाश के चारों ओर थी। और लगभग उसके चारों ओर एक मेघधनुष था लगभग उसके सिंहासन के चारों ओर, दिखने में एक मरकत रंग जैसा था, अग्निमय–हरा प्रकाश जो सिंहासन के चारो ओर था। परमेश्वर की स्तुति हो!

176 देखो! नूह की सबसे पहले रचना... नूह के मेघधनुष की रचना सबसे पहले सात रंगों की थी। हर कोई जानता है कि मेघधनुष के सात रंग होते हैं। अब, रंग क्या हैं? लाल, नारंगी, बैंगनी, नहीं, लाल—लाल, नारंगी... हरा, नीला, नील रंग का और बैंगनी। यही मेघधनुष के रंग है। अब, हमारे पास यहां एक गहरी बात है, और मुझे बस इसके प्रमुख बिन्दुओ को बताना होगा क्योंकि बहुत देर हो रही है। अब, याद रखें, नारंगी, या, लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नील रंग का और बैंगनी।

177 अब, यदि आप ध्यान दें, सात है। ध्यान दे। सात मेघधनुष... मेरा मतलब है सात रंग, सात रंग का मेघधनुष। इसका मतलब सात धनुष! सात धनुष, सात कलीसिया सात प्रकाश को प्रतिबिंब करते हैं, हर एक प्रकाश दूसरे के अंदर लिपटा हुआ है। ये लाल से शुरू होता है। लाल के बाद नारंगी आता है, जो कि लाल का प्रतिबिंब है। नारंगी के बाद... नारंगी के बाद—बाद पीला आता है, जो लाल और नारंगी को एक साथ मिलाकर पीले को बनाता है। उसके बाद हरा। हरा और नीला, काले को बनाता है। उसके बाद नील रंग का आता है। और फिर नील रंग से बैंगनी आता है, जो नीले रंग का भाग है। हाल्लेलुया! क्या आप देखते है? परमेश्वर, उसके सात–रंग के मेघधनुष में है, उसकी वाचा जो उसने बनाई, एक वाचा जो कि सात कलीसिया युगों, सात रंगों में से होते हुए, कि वो धरती को बचाएगा।

178 वो क्या करेगा? याद रखें, उसने इसे धरती के साथ किया, उसके रंग। लेकिन अब देखिए। यह मेघधनुष केवल, क्षैतिज रूप से, केवल ढाकता है (एक धनुष में) आधी धरती को। यही सब नूह के मेघधनुष के रंग है, केवल... जो केवल आधी धरती को ढाके हुये है। यह एक धनुष आकार या अर्ध गोलाई में था, बस इतना ही आप देख सकते हैं। लेकिन जब यूहन्ना ने *उसे* उसके मरकत के रंग में देखा, तो उसने परमेश्वर के पूरे सिंहासन को घेरा हुआ था। आधा अभी तक कभी नहीं बताया गया है। उसने ढाका हुआ

था... वो केवल... धरती पर सिर्फ एक अर्ध गोलाई को बनाता है, ये केवल उसका आधा ही है; यही वो कलीसिया युग है।

179 लेकिन जब यूहन्ना ने उसे इस अग्निमय रंग में देखा, अग्निमय रंग, तो वो एक गोलाकार तेज प्रकाश की तरह चारों ओर से घिरा हुआ था। एक गोलाकार तेज प्रकाश! अग्निमय रंग का एक गोलाकार तेज प्रकाश, इसने उसके अस्तित्व को घेरे हुये था! देखा? एक रंग, सभी के ऊपर एक परमेश्वर, सभी में से होते हुए, और सभी में, लेकिन वहां सात कलीसिया युग हैं।

180 एक महान हीरे को देखे। अक्सर उन्हें ढूंढा जाता है... आप उन्हें अफ्रीका में सड़कों पर पडा हुआ पा सकते हैं। आप एक को भी लेकर रखने की हिम्मत नहीं करते है, क्योंकि इसे काटा नहीं गया है। आपको एक हिरा मिलता है जो कटा हुआ नहीं है, तो वे आपको इसके लिए ठीक तभी दंड लगायेंगे, और आपको इसे रखने के लिए आजीवन की सजा देंगे। आपको मिलता है, तो जैसे ही आपको यह मिलता है, इसे वापस वहीं इस में रख देना है।

181 अब, वे इस हीरे को लेते हैं... ओह, यह एक कड़क चीज होती है। मैंने देखा है कि एक बड़ा चालीस टन का पीसने का उपकरण *इस* तरह से खड़ा होता है, वे वहां उस नीले पत्थर को इसमें डालते हैं, उसे हर तरफ से मसला जाता हैं, वह उस बड़े पत्थर को राख की तरह पीस देता है, लेकिन वो उस हीरे को नहीं मसल पायेगा। वो चालीस टन एक कुंडे पर लटका हुआ होता है, *यहाँ* ऊपर, उनके साथ बड़े दांतों वाले पहिये पर इस तरह से गोल–गोल लुढ़कता है, बस उस बड़े पत्थरो को टुकड़ों में मसलते है; लेकिन एक हीरा सीधे इसमें से होकर जाएगा, यह उस चालीस टन ढलाई से आगे जाएगा। ओह! जब ये पीसकर बाहर निकलता है और एक छलनी के जरिये से नीचे आता है, अन्य छन्नीयो से छानबीन कर नीचे आता है, नीचे धुलाई होती है और फिर अंत में एक सरकती हुई लंबी पट्टी पर चला जाता है।

182 उस बड़े किम्बरली डायमंड माइन्स के प्रबंधक, जो पंक्ति में वहां मेरे संचालको में से एक थे, बहुत ही नम्र, प्यारे भाई है।

183 और फिर उस पानी के ऊपर लगभग तीन फीट तक, जहां यह हिरा ढकेला जाता है, वहां कॉस्मोलिन पदार्थ को डाला जाता है। (आप जानते

हैं, आप इस वस्तु को क्या—क्या कहते हैं? वो... मेडा, वह क्या है जो हमारे पास वहां अलमारी में बर्तन में रखा हुआ है? वैसलीन!) और हम उस वैसलीन को, लगभग एक इंच की गहराई में, यहाँ ऊपर चिकनी सतह पर डालते हैं। और यह नीचे आता है, और ध्यान दें, हर बार जब वो बड़े पत्थर ऊपर आते है, तो ये उस वैसलीन से सीधे लुढ़क जायेंगे; लेकिन जब कोई हीरा उसके ऊपर आ जाता है, तो यह चिपक जाता है। एक हीरा सूखा होता है और वह उसी पर चिपक जायेगा। मैंने उन्हें ऊपर उठाते हुए देखा हैं, यहाँ तक कि छोटे–छोटे टुकडे भी, और उन्हें आँखों पर चश्मा पहनकर अलग करते हैं। और मैंने उनसे पूछा कि वे इसे ऐसा किस लिए कर रहे हैं, उन्होंने कहा वे उन टुकडो को अमेरिका को बेचते हैं जिससे वे उनकी विक्ट्रोला की सुईयां और इत्यादि बनाते है; वे घिसेंगी नहीं, देखो।

184 लेकिन वे बड़े हीरे, अब, वे वहाँ पर हैं, बस एक बडा गोला। लेकिन जब... वे उन्हें लेते हैं और बिजली की मशीनो को लेते हैं और उन्हें काटते हैं, और एक कटा हुआ हीरा बनाते हैं। उसके बाद जब वे इसे काटते हैं, तो ये इसके कैरेट के अग्निमय रंगों को प्रतिबिंबित करता है, और यह सात रंगों को भी प्रतिबिंबित करेगा।

ओह, वह किस तरह से यीशु...

185 ओह, आपके पास बहुत सारा पैसा हो सकता है, आपके पास कैडिलैक की एक फ्लीट गाडी हो सकती है, आप किसी बहुत बड़े मुर्दाघर मतलब किसी आराधनालय के पास्टर हो सकते हैं, आप एक बिशप या आर्कबिशप हो सकते है, लेकिन, ओह भाई, जब आप उस रत्न को, उस हीरे को देखते हो, एक मनुष्य अपनी सारी संपति को बेच देता है, बाकी का सब कुछ दे देता है।

186 सोई हुई कुंवारी की ओर देखो। ओह, उसने क्या किया? उसे अपने लिए तेल खरीदने के लिए कुछ बेचना था। उसे क्या बेचना था? उसके पुराने संस्था और संप्रदाय और इत्यादि को। उसने मसीह को पाने के लिए, उसने अपना सब कुछ बेच दिया, मसीह, जो महान रत्न है। यीशु, वो शरीर... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... ? ... मेरे पास स्वर्ग जाने का टिकट है जब ट्रेन आती है, इन अंधेरी सुबहों में से एक सुबह। ओह, क्या ही आशीष होगी!

ओह, बहुमूल्य है जो बहता है
जो मुझे हिम सा सफ़ेद बनाता है;
मैं कोई और सोता नहीं जानता,
कोई नहीं सिवाये यीशु के लहू के।

187 ना ही लोकप्रियता, ना ही कोई बड़ी चीज, नहीं कुछ भी नहीं, कोई धन–दौलत नहीं, नहीं—नहीं कुछ भी नहीं, बस मुझे वह बहुमूल्य धारा दे दो। बस इतना ही!

मेरे हाथो में कुछ भी नहीं जो मैं लाऊं,
बस तेरे क्रूस से मैं चिपकता हूँ।

188 वो महान रत्न! यह क्या था? यह सिद्ध था। ऐसा साढ़े तैंतीस वर्ष की उम्र में था जब परमेश्वर ने इसे बड़ी तराशने वाली मशीन में से होकर जाने के लिए डाला, जब वो इसे वहां पर लेकर गया और इसे आकार देना आरंभ किया। उसने इसे काटा, उसने उसे मसला, उसने उसे कुचला।

... उसे हमारे अपराधों के कारण घायल किया गया,... हमारे अधर्म हेतु कुचला गया: हमारी ही शांति के लिए उस पर ताड़ना पड़ी; कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाए।

189 परमेश्वर ने उस सिद्ध मनुष्य के साथ क्या किया? संसार में उनमें से केवल एक ही है, संसार में केवल एक ही है, और वही वो था! और परमेश्वर ने उसे यहां पर तराशा, "वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल हुआ।" क्योंकि मैं एक पापी था, उसने अपने सात कलीसिया युगों के मेघधनुष के प्रकाश को मुझ पर चमकने दिया, यह जानने के लिए कि वह मेरे अपराधों के लिए घायल हुआ था।

190 वहां आपका सात रंगों का मेघधनुष है। "उसे हमारे अधर्म के हेतु कुचला गया, हमारी ही शांति के लिए उस पर ताड़ना पड़ी, कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाए।" परमेश्वर ने उसे काटा, और उसे कुचला, और उसे मसला, और उसे काटा, जिससे कि वो अपने मरने वाले घावों में होते हुए प्रतिबिंब कर सके, पाप की क्षमा, आनंद, शांति, धीरज, भलाई, नम्रता, कोमलता। परमेश्वर की सात आत्माएं, आत्मा के सात फल हैं जो उसके लोगों में वापस प्रतिबिंबित होंगे। उसे कुचला गया, आकार दिया गया और बनाया गया, जिससे कि परमेश्वर का प्रकाश उस एक मनुष्य के शरीर में से होकर चमके जिससे सारे संसार को छुड़ा सके; "और मैं यदि

पृथ्वी पर से ऊंचे पर चढ़ाया जाऊंगा, तो सब को अपने पास खीचूंगा।" उन मेघधनुष के रंगों को देखें जब वे प्रतिबिंबित करते हैं।

191 लेकिन जब यूहन्ना ने उसे यहाँ देखा, तो ये क्या था? छुड़ाये जाने का दिन पूरा हुआ था। यह सब पूरा हुआ था, इसलिए उसने उसे वापस उसकी मूल स्थिति में देखा, एक अग्निमय रंग का। ना ही केवल आधी दुनिया, ये केवल... सूर्य, एक समय में आधी दुनिया पर ही चमक सकता है, देखो, जैसे वह घूमता है। लेकिन जब यूहन्ना ने उसे देखा, तो वो उस पर बैठा हुआ यशब और मानिक पत्थर सा दिखाई पड़ता है, अग्निमय रंग का; दोनों को एक साथ मिलाएं, आपको अग्निमय रंग मिलता है। "और सिंहासन के चारों ओर एक अग्निमय रंग था!" ओह, प्रभु! ओह, मैं—मैं आपसे कहता हूं, कि बस... हम बस आगे और आगे जा सकते हैं।

192 सात आत्माये, सात रंग, सात कलीसिया युग, सात सेवक, सात प्रकाश, हर एक चीज सात में है। परमेश्वर "सात" में सिद्ध है। परमेश्वर ने छ: दिन कार्य किया; सातवें दिन, उसने विश्राम किया। संसार छह हजार वर्ष अस्तित्व में होगा, और सातवां हजार वर्ष सह–शताब्दी है।

193 ध्यान देना, *आधे घेरे में,* "आधा अभी तक नहीं जाना गया है।" अब, निश्चित रूप से ये चीजें कुछ तो दर्शाती हैं।

194 अब, निर्गमन 23:13 में और इब्रानियों 6:12 में, परमेश्वर ने अपने साथ एक वाचा बाँधी और स्वयं की शपथ खाई। इब्रानियों :13 हमें यह बताता है, या 9, :13, कि "उसने अपनी ही शपथ खाई।" जब उसने अब्राहम और इसहाक को बताया, तो उसने शपथ खाने के लिए खुद से बड़ा किसी को न पाया था, वहां उसने अब्राहम से कहा था, कि वह उसके साथ एक वाचा बान्धेगा, जो एक सदा की वाचा है। परमेश्वर...

195 एक वाचा हमेशा शपथ के द्वारा की जाती है, इसलिए वहां कोई नहीं है... आप शपथ लेते हैं आप अपने से किसी बड़े की लेते है; अपनी माता की शपथ लेते है, अपने राष्ट्र की शपथ लेते है, किसी चीज की शपथ लेते है, परमेश्वर की शपथ लेते है। लेकिन आप तब तक शपथ नहीं ले सकते है जब तक कि ये आपसे बड़ा कोई न हो।

196 और वहां परमेश्वर से बड़ा कोई नहीं था, इसलिए उसने खुद ही से खुद की शपथ ली। आमीन! स्वयं ही से शपथ लेते हुए कि वह इस वाचा की पुष्टि करेगा। आमीन। ओह! व्युव! इसकी शपथ खाई, कि वो "अब्राहम के बीज

को बचाये रखेगा।" अन्यजातियों के लिए अब्राहम का बीज क्या है? पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, अब्राहम का एक बीज। अपने आप की शपथ ली, "मैं उन्हें ऊपर उठाऊंगा, हर एक को। मैं उन्हें अनन्त जीवन दूँगा और उन्हें वापस यहाँ धरती पर रखूँगा।" हमें किस... बारे में सोचना है?

197 तो हम उसे हरे, अग्नीमय रंग के गोलाकार धनुष में देखते हैं। ये हरे रंग का, हरा क्या दर्शाता है? जीवन को। हरा सदाबहार होता है, हमेशा ही हरा बना रहता है, जो जीवन है। इसका क्या मतलब है? उस परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की, जैसा कि उसने उत्पत्ति में शपथ ली थी, कि वह "नहीं करेगा... " (आकाश में मेघधनुष को रखा।) कि वो "इस दुनिया को फिर से पानी से नष्ट नहीं करेगा।" वो भी उसकी शपथ को लेता है और स्वयं की शपथ लेता है कि वो अब्राहम के सारे बीज को खड़ा करेगा, और यह संसार उसके सारे हिलाने वाले न्याय के लिए खड़ा होगा। वे न्याय जिसमें से होकर हम जा रहे हैं भविष्य के दंड जो संसार पर आने वाले है, जो आपको दिखाएंगे कि यह संसार को कहाँ पर उगला जायेगा और ज्वालामुखी में बदल जाएगा, और टुकड़े–टुकड़े हो जाएगा, और उलट जायेगा और इत्यादि। लेकिन वो स्वयं की शपथ लेता है कि वह इसे नष्ट नहीं करेगा, लेकिन वह उसे फिर से समतल कर देगा और उसकी संतान को उस सह–शताब्दी के लिए धरती पर रख देगा। ओह, प्रभु!

मैं उस आने वाले आनंदित सह–शताब्दी के दिन के
लिए प्रतीक्षा कर रहा हूं,
जब हमारा धन्य प्रभु आयेगा और अपनी प्रतीक्षा करती
हुयी दुल्हन को लेकर जाएगा;
ओह! मेरा ह्रदय तरस रहा है, उस मधुर दिन के आरंभ
होने के लिए पुकार रहा है,
जब हमारा उद्धारकर्ता फिर से धरती पर वापस आएगा।

198 ओह, किस तरह से हम उस दिन को देखने के लिए तरस रहे हैं, उसने प्रतिज्ञा की है कि वो महान सह–शताब्दी आएगी। और दूसरी बात, जिस कारण से वो घेरे हुये था, वह वाचा को पूरा करने वाला परमेश्वर है। वो उसकी वाचा को बनाए रखेगा!

199 अब आइये किसी भी तरह से अगले पद को ले। ओह, हम एक और लेना चाहते हैं, और हमारे पास इसे लेने के लिए लगभग दस, पन्द्रह मिनट

का समय है। क्या आप बहुत थके हुए हैं? आप आगे सुनना चाहते हैं? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] तो ठीक है, आइये चौथा पद लेते हैं:

> *और उस सिंहासन के* चारों ओर *चौबीस सिंहासन थे: और इन सिंहासनों पर चौबीस प्राचीन श्वेत वस्त्र पहिने हुए बैठें हैं; और उन के सिरों पर सोने के मुकुट हैं।*

200 हम हो सकता है उस पद में होते हुए पूरी तरह से नहीं ले पाए। तो ठीक है, आइये शुरू करते हैं। चौथा पद, अब देखे, जब यूहन्ना ने उसे देखा, उसके चारों ओर वो मरकत रंग था, हमने मेघधनुष के सारे रंगो को लिया, और इत्यादि, और यह सब क्या था। अब, चौथे पद पर, पहली बात जो वो यहाँ बताता हैं, चौथे पद पर–...

> *और उस सिंहासन के* चारों ओर...

201 ध्यान देना! ये यहाँ क्या ही सुंदर तस्वीर है, इससे चूकना मत, "वो सिंहासन।"

202 आप जानते होंगे, आइये मूसा के पास वापस जाते हैं। मूसा... हमारे पास इसके अंदर जाने का समय नहीं है, इसलिए आप बस वही लें जो मैं कह रहा हूं। मूसा, जब वो उसे सीनय पर्वत पर दर्शन को दे रहा था...

203 मैं चाहता हूं कि आप इस पर ध्यान दें कि यह अब अनुग्रह का सिंहासन नहीं रहा था। वहाँ, लहू जा चूका था, और फिर से बलिदान वापस आया था और उन्हें स्वीकार कर लिया गया था, और लहू दया के आसन से जा चूका था। और वो अब न्याय का आसन था, क्योंकि उस में से गर्जनाये हो रही थी और बिजलीयां चमक रही थी। क्या यह सही है?

204 याद रखे, यह सीनय पर्वत जैसा था। जब मूसा सीनय पर्वत पर गया, तो क्या हुआ? गर्जनाये, बिजली चमकने लगी। और यहाँ तक यदि गाय वा बछड़ा, या भेड़, या कोई भी, यहाँ तक पर्वत को छू भी लेता है, तो वह निश्चय ही मर जाएगा। बाइबल कहती है, "भूकंप इतना भयानक था कि यहाँ तक मूसा भी इससे डर गया था।" और मु–... उसने कहा, "यहाँ अपने जूते उतारो, तुम पवित्र भूमि पर हो।" यहोशू वो महान योद्धा, बच्चों को वहां उस ओर ले जाना था और उनकी विरासत को विभाजित करना था, पहाड़ पर केवल आधे रास्ते तक आ सकता था।

205 यहाँ मूसा ऊपर खड़ा हुआ था, परमेश्वर के चमकते रंगों के साथ और बिजलीयां और मरकत रंग उसके चारो ओर थे उन आज्ञाओं को ध्यान से देखते हुए जो लिखे जाने थे। परमेश्वर की उपस्थिति में खड़े हुए, वो आवाज जो वापस बोल रही थी, "मूसा, तुम कहाँ हो? अपने जूते उतारो, तुम पवित्र भूमि पर हो।"

206 ये अब एक न्याय का आसन था, वहाँ पर छुड़ाये हुये के अलावा कोई भी नहीं खड़ा हो सकता था। पापी इसके पास बिल्कुल भी नहीं जा सकते है (यह समाप्त हुआ है), ये न्याय का आसन है। तो ठीक है।

207 अब, मूसा ने धरती पर चीजो को बनाया, आराधनालय को बनाया, उन चीजो के समान बनाया जो उसने स्वर्ग में देखीं। हम यह जानते हैं, क्या हम नहीं जानते? हम पाते हैं कि पौलुस ने भी ऐसा ही किया था। अवश्य ही... इब्रानियों 9:23, कि मूसा ने चीजों को वैसा ही बनाया जैसा उसने बनाया था। और पौलुस उसके दर्शन में जब वह स्वर्ग में गया (जब उसने इब्रानियों की उस महान किताब की शिक्षा दी), तो उसने अवश्य ही अपने दर्शन में उसी बात को देखा होगा जो मूसा ने देखा था, क्योंकि उसने कहा था कि (उसने इब्रानियों की उस अद्भुत किताब की शिक्षा दी), किस तरह से वो मसीहत पुराने नियम की प्रतिछाया थी। वो एक महान शिक्षक था, मू–... जो पौलुस था। अब, *तब* ये उसका सिंहासन था। तब वो...

208 आईए बस... वहां कोई फायदा नहीं है, मैं नहीं कर सकता... मैं इसे छोड़ने जा रहा था, लेकिन मैं बस ऐसा नहीं कर सकता। ब्लैकबोर्ड कहाँ पर है? क्या आपने इसे वापस निकाल लिया? क्या इसे वापस निकाला, डॉक? कोई बात नहीं, शायद मैं आपको इसे यहाँ से दिखा सकता हूँ। मैं—मैं... अब अपनी कलम और कागज को उठा ले, क्योंकि मैं यहाँ पर कुछ कहना चाहता हूँ। मैं—मैं आज सुबह बैठा हुआ था जब मेरे पास कुछ तो आया। अब मैं आपको बताऊंगा कि मैंने क्या किया, यदि आप ध्यान दें, तो मैंने इसे यहाँ की पीछे चित्रित कर लिया है। देखा? बिल्कुल वैसा ही इसे चित्रित किया जैसा कि आत्मा ने मुझे बताया था, देखो, यहाँ पर चित्रित किया कि यह किस तरह होगा। लेकिन मैं—मैं ठीक यहाँ पर कुछ तो कहना चाहता हूं।

209 अब, परमेश्वर, जब वो सिंहासन पर बैठा होता है, तब वह न्यायी होता है। क्या यह सही है? न्यायी कब न्याय को करता है? जब वह अपने न्याय

के आसन पर आता है, एक सिंहासन पर। अब, मैं चाहता हूं कि आप देखें कि पुराना नियम कैसे बनाया गया था, कैसे उसके सिंहासन के समीप आने वाले आंगन बनाए गए थे, और यूहन्ना ने यहां किस तरह से देखा। हम आज सुबह इस बात को नहीं लेंगे, इस सब बातों को। लेकिन कैसे यूहन्ना ने उन्हीं आंगनो को देखा जो उसकी ओर समीप ले जाते है, और उसके आंगनो के लिए कैसे प्रवेश करना है। अब, ओह, मुझे यह पसंद है।

210 अब, पुराने नियम में, वहां पर जिसे "सभा," कहा जाता था जहाँ लोग एकत्रित होते थे। पहली बात, इससे पहले वे सभा में आते, वहां पर प्रवेश करने के लिए, उन्हें बहाए हुए लहू के नीचे से आना पड़ता था, बाहरी आंगनों से। पहले वे अलगाव के जल में आते, जहां लाल बछड़ा मारा जाता था और अलगाव के जल को बना दिया जाता था। यह पापी होता है जो आता है और वचन को सुनता है।

211 ऐसे ही इस बड़े यहूदी रब्बी को अभी–अभी प्रभु के पास लाया गया, जिसने मुझे उस पर प्रचार करते हुए सुना... तुलसा में। ये तुलसा में हुआ था। हम वहां तुलसा, ओक्लाहोमा में थे। और वह वहाँ पर आया था, वो सिर्फ एक दर्शक ही था। और वह सभा के बाद चला गया, उसने कहा, "मैं जानता हूँ!" कहा... वह उन दुनिया के सात प्रमुख रब्बीयों में से एक था। और वह वहाँ पर आया, उसने कहा, "मैं देखना चाहता हूँ कि वे मसीही व्यवसायी... वे उन्हें, 'पेंटीकोस्टल' कहकर बुलाते है। मैं चाहता हूं कि आप उधर जाकर, बैठ जाये, सुने।"

212 और जब प्रभु ने मुझे उस लाल बछडे के बलिदान पर बोलने को कहा था, तो सभा खत्म होने के बाद वो वहाँ पीछे कुछ भाइयों से मिला, कहा, "मैं उस व्यक्ति से मिलना चाहता हूँ। मैं जानता हूँ कि उसने यहाँ तक कोई शिक्षा भी नहीं पाई है लेकिन... " कहा, "मैं एक यहूदी रब्बी हूं जो उन सभी अलग–अलग दृष्टिकोण को और इस तरह की चीजों को जानता हूँ," कहा, "मैंने अपने पूरे जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा।" कहा, "मैंने ऐसा कभी नहीं देखा।"

213 और अब वो एक पेंटीकोस्टल रब्बी है, जो पवित्र आत्मा से भरा हुआ है, जो हर जगह जाता है, सुसमाचार का प्रचार करता है। "पेंटीकोस्टल रब्बी," वो खुद को कहता है। वो वहां वाशिंगटन के यूरी होटल में गया, एक दिन जब हमने भाई जैक के यहाँ एक साथ मुलाकात की, और वो महिला

उसे जानती थी, उस महिला ने कहा, "रब्बी," उसने कहा, "हमने आपके लिए एक अच्छा कमरा रखा है, लेकिन" कहा, "हमारे पास वहां उसमें कोई टेलीविजन नहीं है।"

214 उसने कहा, "वे चीज़ें 'नरक का दर्शन हैं,' उन्हें निकाल बाहर फेंको! मैं किसी भी तरह की उन चीजो को वहाँ नहीं चाहता हूँ; ये वहाँ पर होती है, तो मैं तुम्हें इसे बाहर फेंक दूंगा।"

महिला ने कहा, "रब्बी!"

उसने कहा, "मैं एक पेंटीकोस्टल रब्बी हूं।" हाल्लेलुया!

215 उसने कहा, "अब, जब आप इस्राएल जाओगे, भाई ब्रन्हम, तो मैं आपके साथ जाना चाहता हूँ।" कहा, "हम इसे हमारे लोगों तक ले जा सकते हैं।"

216 मैंने कहा, "अभी नहीं, रब्बी, अभी नहीं। अभी नहीं, अभी तक वो घडी नहीं आई है, थोड़ा समय रुकिए।"

217 अब, इन पवित्र स्थानों पर ध्यान दें। अब, जब आप आंगन में आते हैं, तो पहले आंगन होता था, बाहरी आंगन। उसके बाद अगला वेदी थी, जहाँ पर बलिदान को भेंट किया जाता था, वो पीतल की वेदी थी। उसके बाद पीतल की वेदी के बाहर, यहां एक पर्दा लटका हुआ होता था, जो परमपवित्र स्थान की ओर जाता था; वहाँ इसमें दया का आसन था, उसमें करूब होते थे। यही है जो मैं अपने अगले विषय में लेना चाहता हूं, वे करूब, जो दया के आसन पर छाया किया करते हैं। ओह प्रभु! मैं... हम उस बात पर बस महीने भर बने रह सकते हैं, देखो, उस करूब पर।

218 अब, अब ध्यान देंना, जब वे भीतर गए। सभा के लोग *वहाँ* पर आ सकते थे; याजक *यहाँ* खड़े हो सकते थे; लेकिन केवल महायाजक ही वर्ष में एक बार लहू को साथ लेकर *वहां* उसमें जा सकता था।

219 और उसे एक विशेष तरीके का वस्त्र पहनना होता था, एक विशेष पोशाक; उसमें एक–एक घंटी लगी होती है और एक–एक अनार का बूटा, जो एक के पास दूसरा लगा हुआ होता था। और जब वह चलता, उसे एक विशेष तरह से चलना होता था। जब वो चलता, वह बजता, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए। पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए," उन घंटियाँ और अनार एक साथ बजते रहते, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए!" क्यों?

वो वाचा के लहू को हाथ में लिये हुए परमेश्वर के पास पहुंच रहा था, उसके सामने जाते हुए, लहू को लिये हुए।

220 अभिषेकित होकर (ओह, प्रभु!) किसी विशेष इत्र के साथ। उसके कपड़े पवित्र आत्मा से भरे हाथो के द्वारा बनाये हुए होते थे, ठहराये हुए हाथ उसके कपडो को बनाते थे। शेरोन का गुलाब, अभिषेक का तेल, उसके सिर पर उंडेला हुआ होता, जो पूरी तरह से उसकी दाढ़ी ने नीचे बहकर और फिर नीचे उसके स्थान पर शाही इत्र के साथ गिरता; एक अनार का बूटा और एक घंटी; एक निर्दोष मेमने के लहू को लिए हुए; और वो उस परदे के बाहर जाने की हिम्मत नहीं करता, वो ठीक वहीं मर जाएगा, जहां वह खड़ा हुआ था। इसलिए उसे एक विशेष तरह से चलकर जाना होता था, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए। पवित्र, पवित्र, पवित्र," (परमेश्वर की ओर पहुँचते हुए) "प्रभु के लिए। पवित्र, पवित्र, पवित्र!"

221 और वह वहाँ चला जाता और वर्ष में एक बार दया के आसन पर लहू को चढ़ाता। और जब वह वहां पर होता था, तो उसे तेजोमय महिमा को देखने का सौभाग्य मिलता; जब अग्नि का स्तंभ, वो अग्निमय प्रकाश जो नीचे आया था, जिसने उन बच्चों को इस्राएल से बाहर ले आया। वो यहाँ तक मंदिर में धुंवा भी कर देता ताकि कोई इसे देख न सके। यहोवा की महिमा तब तक गिरती रही, जब तक कि ये सब धुंए से नही भर जाता। और वह स्वयं में आया, परदे के पीछे चला गया और परम पवित्र स्थान में दया के आसन पर नीचे बैठ गया। "सबसे पवित्र स्थान," इसे कहा जाता है, परम पवित्र स्थान। और उसे एक विशेष तरीके से तैयार होना होता था, एक विशेष तरह से चलना होता था, एक विशेष तरह से अभिषेक होना था। वह वहाँ जाने के लिए एक विशेष व्यक्ति था। किस तरह से सभा के लोगो ने उससे अवश्य ही ईर्ष्या की होगी!

222 लेकिन जब यीशु मरा, तो मंदिर का पर्दा फट गया। न ही केवल एक महायाजक, बल्कि "जो कोई भी चाहे" उसके पास वही तेजोमय महिमा का अभिषेक हो सकता है और पवित्र जीवन को चल सकता है, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए," और उसके सामने यीशु मसीह के लहू के जरिये से उसी परमेश्वर की उपस्थिति में पहुंच सकता है। उसे साथ लेकर: "प्रभु यीशु, यहाँ एक बीमार मनुष्य है, वो मेरा भाई है। वह ठीक अभी मरने

के लिए मृत्युशय्या पर है। मैं आपके पास आ रहा हूँ, 'पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए।'"

"किस लिए? "

"एक महायाजक के नाईं।"

"किस लिए? "

"मेरे भाई की ओर से। 'पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए।'"

223 वहाँ पर आप है! आपका रोजाना का चलना, आपका रोजाना का बोलना, आपका रोजाना का व्यवहार, आपका हृदय, आपका प्राण, और सब, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए।" ना ही कोई कड़वाहट की जड़, और कुछ भी नहीं, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए। पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए," जैसा कि हम अपने भाई की ओर से आगे बढ़ने लगते हैं। जो कोई भी चाहे वो आ सकता है, अभिषेकित, लहू उसके सामने है, उसके आगे–आगे लहू जाता है, बजता रहता है "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिए।"

224 अब, वह बाहरी आंगन था, पवित्र स्थान था। और परम पवित्र स्थान, वह धरती पर परमेश्वर का पवित्र मंदिर था। देखो, वो जो एक स्वर्ग में था इसे उसके अनुसार प्रतिरूप किया गया था। अब, हम ठीक इसी वचन पर फिर से वापस आयेंगे। ओह, सारे जब हम प्रकाशितवाक्य में से होकर जाते हैं, तो हम सीधे इस पर वापस आ सकते हैं। समझे?

225 अब वो... यूहन्ना, यूहन्ना कहाँ पर खड़ा है? आंगनो में। आइये जरा यहाँ पर थोड़ा और आगे पढ़ेंगे जिससे कि आपको वो चित्र मिल जाए:

> *और उस सिंहासन में से बिजलियां...* गर्जनाये... *आवाजे निकल रही थी: और आग के सात दीपक थे,* (रुकना जब तक हम उसे नहीं लेते!) *सिंहासन के साम्हने जल रहे हैं, ये परमेश्वर की सात आत्माएं हैं।*

226 परमेश्वर के प्रकाश को कलीसिया में प्रतिबिंब कर रहे थे, सीधे परमेश्वर के सिंहासन से, ना ही एक धर्मविद्यालय के जरिये से, ना ही किसी बिशप के जरिये से, लेकिन परमेश्वर के सिंहासन से, उसके पुनरुत्थान की सामर्थ के प्रकाशन के द्वारा, उसे एक सा बनाते हुए कल और युगानुयुग के लिए; वे सात तारे वहाँ खड़े थे उस प्रकाश को प्रतिबिंब करते हुए, वो तेजोमय

प्रकाश, जो तेजोमय महिमा से परम पवित्र स्थान से है। सात दीये जल रहे हैं, इन धुपदानो के ऊपर स्थापित हैं, जो उसके प्रकाश को प्रतिबिंब कर रहे है, उसके रंगों को, उसके पुनरुत्थान की उसकी सामर्थ को, ठीक कलीसिया के अंदर। आमीन! हुम्म!

और और उस सिंहासन के साम्हने... मानो बिल्लौर के समान कांच का सा समुद्र है: और सिंहासन के बीच में और सिंहासन के चारों ओर चार प्राणी हैं, जिन के आगे पीछे आंखे ही आंखे हैं।

227 और वह आगे जाता है और इसे देना आरंभ करता है... ये पशु, इसी बात को यहेजकेल ने देखा; वे पहरुवे... एक मनुष्य के समान था, एक सिंह के समान, और एक उकाब के समान। यह क्या था? अब, देखो, जब हम उन बातों को लाते हैं और दिखाते हैं कि यहूदा के गोत्र का सिंह और उनके गोत्रों में से वे जो सारे अलग–अलग हैं, जो चार दीवारों पर स्थित हैं, और वे इस दया के आसन का पहरा दे रहे थे। ओह, क्या तस्वीर ही है! ओह, मैं बस... वहां आगे बहुत अच्छे दिन हैं।

228 जैसा हमने उन्हें देखा, अब, यह स्वर्ग में परमेश्वर का सिंहासन था, मूसा ने इसकी धरती पर प्रतिछाया की, जो परमेश्वर का सिंहासन था क्योंकि उसके न्याय के आसन ने यहां धरती पर परम पवित्र स्थान में प्रधिनिधित्व किया था। परमेश्वर... सारा इस्राएल दया को पाने के लिए उस एक स्थान पर आता हैं, क्योंकि परमेश्वर केवल बहाए गए लहू के नीचे ही भेंट करता था।

229 अब, ध्यान से सुनना। फिर एक दिन तेजोमय महिमा उस दया आसन से ऊपर आई, और वो दूसरे मंदिर पर स्थापित हो गई (आमीन!), यह एक, "पिता किसी का न्याय नहीं करता है, लेकिन उसने पुत्र को न्याय सौपा है।" परमेश्वर का न्याय का आसन। व्यूह! "तुम मेरे विरोध में बोलते हो, ये तुम्हें क्षमा कर दिया जायेगा," एक और—एक और जो आ रहा है, एक और दया का आसन। "बोलते हो... तुम मनुष्य के पुत्र के विरुद्ध बोलते हो, तो मैं तुम्हें क्षमा कर दूंगा; लेकिन किसी दिन पवित्र आत्मा आकर लोगों के हृदयों में वास करेगा, उसके विरुद्ध एक भी बात को कभी भी क्षमा नहीं किया जाएगा।"

230 ये हर समय और अधिक गंभीर और अधिक गंभीर होता जाता है, वो न्याय, क्योंकि परमेश्वर निरंतर अपने धैर्य को धारण किये हुए है, पापीयो

को लेने का प्रयास करते हुए कि वे उसके पास आकर मेल मिलाप को करे। पहले, वो ऊपर आकाश में था और तारों में से होकर चमक रहा था। दूसरा, वह धरती पर तेजोमय महिमा में से होते हुए चमक रहा था। इसके बाद, वह आया और देहधारी हुआ और हमारे बीच वास किया, अब भी वो उसके धैर्य को धारण किये हुए है। फिर उसने मनुष्य को उसके लहू के द्वारा छुड़ाया, पवित्र आत्मा के रूप में उसके कलीसिया में आया, और उसके विरुद्ध बोलते है तो यह समाप्त हुआ है, खत्म।

231 अब आप देख सकते हैं कि हिलावट कहाँ पर आती हैं। किस समय, वे नहीं समझ पाते। लोग समझ नहीं सकते हैं कि इसका क्या मतलब है।

232 अब, पहला सिंहासन स्वर्ग में था, न्याय का आसन। दूसरा सिंहासन मसीह में था। तीसरा सिंहासन मनुष्य में है।

233 अब, मुझे इस छोटी सी बात को लेने दो जो मैंने यहाँ चित्रित कर के रखी है। हम बनाने जा रहे हैं... मैं सोचता हूँ मेरे पास एक ब्लैकबोर्ड होता, जिससे कि मैं इसे बना पाता तो हो सकता है आपके लिए और अधिक समझ को देता। हम इसे लेने जा रहे है और आंगन को चित्रित करेंगे, इसे केवल एक गोलाकार में बनायेंगे, या इस तरह से, या तो एक। अब हम लेने जा रहे हैं... मेरा *इस* तरह से विश्वास है, हो सकता सबसे अच्छा होगा, हम लेने जा रहे है और आंगन को बनायेंगे।

234 अब, एक मनुष्य क्या है? वह एक त्रिगुणात्मक जीव है; शरीर, आत्मा और प्राण। यह कितने जानते हैं? परमेश्वर की ओर पहुँच को देखें। उसका ह्रदय क्या है? आपको मेरा संदेश याद है, *परमेश्वर अपने नियंत्रण गढ़ के लिए एक मनुष्य के ह्रदय को चुनता है?* शैतान अपने नियंत्रण गढ़ के लिए मनुष्य के दिमाग को चुनता है; देखो, वह उसे चीजें दिखाता है, उसकी आंखों में से होकर देखता है। लेकिन इसमें... परमेश्वर उसके ह्रदय में उसे उन चीजों पर विश्वास करने को लगाता हैं जिसे वो नहीं देख सकता। क्या उसने किया? देखो, परमेश्वर उसके हृदय पर, मनुष्य के हृदय में परमेश्वर का सिंहासन है। आपने इसे समझा? मनुष्य! परमेश्वर ने मनुष्य के हृदय में अपना सिंहासन बनाया।

235 अब, ध्यान दे। मनुष्य का पहला भाग क्या है? मनुष्य का पहला भाग *शरीर* है। अगला भाग उसका *प्राण* है, जो उसकी आत्मा का स्वाभाव है जो उसे वो बनाता है जो वह है। वह अब समीप जाता है। अब, मनुष्य का

तीसरा भाग उसकी *आत्मा* है, और उसकी आत्मा उसके हृदय के केंद्र में है, और हृदय के केंद्र में ये वो स्थान है जहां परमेश्वर सिंहासन के लिए आता है।

236 आप याद रखें, हाल ही में, लगभग चार वर्ष पहले शिकागो में उस—उस अखबार में दिया था, जब वो पुराना विश्वासी... मेरा मतलब पुराना अविश्वासी, वो हमेशा कहता था कि परमेश्वर ने सुलैमान के जरिये से एक गलती की, जब उसने कहा, "जैसा एक मनुष्य अपने हृदय में सोचता है।" कहा, "हृदय में सोचने के लिए कोई मानसिक क्षमता नहीं है। वो भला अपने हृदय से कैसे सोच सकता है? उसे करना है... उसका कहने का मतलब उसका दिमाग था।"

237 यदि परमेश्वर का मतलब उसके दिमाग से होता, तो वो कहता, "उसका दिमाग।"

238 जैसे मूसा, क्या हो यदि मूसा से... परमेश्वर ने कहा होता, "मूसा, अपने जूते उतारो, तुम पवित्र भूमि पर हो"; उसने कहा होता, "ठीक है, क्यों नहीं मैं अपनी टोपी को उतारू, यह उतना ही अच्छा है"? उसने कहा, "जूते।" उसने ये नहीं कहा, "टोपी," उसने कहा, "जूते।"

239 और जब उसने कहा, "पश्चाताप करो, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लो," उसका मतलब "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" नहीं था। उसका मतलब वही था जो उसने कहा था।

240 जब उसने कहा, "तुम्हे फिर से जन्म लेना *अवश्य* है," उसने यह नहीं कहा, "तुम्हे लेना *चाहिए*।"

241 उसने कहा, "ये चिन्ह उनके पीछे *जायेंगे* जो विश्वास करते हैं," उसने कभी नहीं कहा, "*शायद* वे जायेंगे।"

242 वो कहता है जो उसका मतलब है! और वो परमेश्वर है और वो इसे वापस नहीं ले सकता। वो जानता है कि क्या सही है, इसलिए वह इसे इस तरह से बनाता है, और इसी तरह से वो—वो इसे करने का इरादा रखता है। और आपको ऊपर उस तक पहुंचना होगा। वह आपके विचार पर नहीं आता है, आपको उसके विचार पर ऊपर आना होगा। यही वो अंतर है।

243 अब, अब, इस शरीर, प्राण की प्रणाली पर... अब, यदि आप *प्राण* शब्द को लेंगे और इसे देखेंगे, तो यह आपको बाइबल शब्दकोश या वेबस्टर में—में, इनमें से किसी में भी बताएगा, ये "आत्मा का स्वाभाव" है।

244 अब, यहाँ एक मनुष्य है, हम कहेंगे, *यहाँ* जॉन डो है। तो ठीक है, जॉन डो। और *यहाँ* पर सैम डो है। तो ठीक है। अब, जॉन डो एक मनुष्य है, शरीर, वो सैम डो का भाई है। अब, जॉन एक आत्मा, प्राण, शरीर है; और सैम डो भी वही बात है (शरीर, प्राण, आत्मा) जैसा कि वो है, शरीर, प्राण, आत्मा। अब, *यह* मनुष्य दुष्ट है, बुरा है, छल करता है, चोरी करता है, झूठ बोलता है, व्यभिचार करता है, कोई भी बुरा काम जो वो कर सकता है; लेकिन *यह* मनुष्य प्रेम, शांति, आनंद से भरा हुआ है। वे दोनों ही प्राण, शरीर और आत्मा हैं। तो ठीक है, क्या फर्क है? *यह* मनुष्य वापस पीछे जा सकता है और कह सकता है, "मैं अपनी माँ को याद करता हूँ, मुझे वो बातें याद है जो हमने की थी जब हम लड़के थे"; दोनों कह सकते हैं। दोनों के पास आत्मा है, दोनों के पास प्राण है, दोनों के पास शरीर है।

245 लेकिन *इस* मनुष्य की आत्मा का स्वाभाव दुष्ट है; *इस* मनुष्य की आत्मा का स्वभाव अच्छा है। देखा? तो आत्मा का स्वभाव मनुष्य का प्राण है। समझे? तो, अब, परमेश्वर किसमें जाने की कोशिश कर रहा है? मनुष्य की आत्मा और हृदय। जहां आत्मा बसती है वो हृदय में होता है।

246 आप जानते है, और विज्ञान ने कहा (जैसा कि मैं इसे कभी खत्म नहीं कर पाऊंगा), वह मनुष्य अपने ह्रदय से नहीं सोच सकता था। और विज्ञान यह पता लगाना आरंभ करता है कि वहां मनुष्य के हृदय में छोटा सा कक्ष है (ना ही जानवरों के हृदय में, लेकिन मनुष्य के हृदय में), वहां यहाँ तक एक लहू की कोशिका भी नहीं है, न ही वहां कुछ भी है। उन्होंने कहा, "यह अवश्य ही वो स्थान होगा जहां प्राण रहता है, मतलब आत्मा रहती है।" अब—अब उन्हें ऐसा ही छोड़ दो, वे अपनी ही मूर्खतापूर्ण बातें करेंगे और परमेश्वर को साबित करेंगे। ये सही बात है। परमेश्वर बस मूर्खों को उसकी गवाही देने को लगाता है।

247 अब, वहाँ यह है, अखबार में बड़ी–बड़ी सुर्खियाँ है। भाई बोज़ की छोटी लड़की ने कहा, "भाई ब्रन्हम, आप जानते हैं कि आप उस दिन

क्या कह रहे थे?" कहा, "देखो, देखो, विज्ञान पहले से ही पता लगा चुका है।"

248 कहा, "तो ठीक है, परमेश्वर धन्य हो! मुझे वह चाहिए, बहन, मुझे चाहिए—मुझे वो चाहिए।"

249 मनुष्य का प्राण आत्मा का स्वभाव है, और वो आत्मा मनुष्य के हृदय में वास करती है।

250 अब, अब, बाहरी आंगन क्या हैं? वो देह है। देखा? वही वो पहली चीज है जिस पर आप आते हैं, वो देह। आपको उस पहले को भस्म करना होगा। आपको, देह के पार जाना होगा। "मुझे—मुझे ऐसा नहीं महसूस हो रहा है जैसे उठकर और कलीसिया जाऊं, सड़कें बहुत ही चिकनी हैं। मैं—मैं... बहुत ही गर्मी है। ओह, कलीसिया, मैं नहीं जानता।" यही देह है। तो ठीक है। अब, आपको भस्म करना होगा और उसमें से होकर चलना है, परमेश्वर को इसमें से होकर जाना है।

251 अगली बार जब वो आता है, तो उसे प्राण में आना है, यही स्वभाव है। "ओह, जोन्सस मेरे बारे में क्या कहेगी? ओह, प्रभु! आप जानते हैं, मेरी कलीसिया मुझे बाहर निकाल देगी यदि मैं—यदि मैं ऐसा कुछ करता हूं। समझे?" लेकिन आपको इसमें से होकर चलना होगा।

252 और जब आप उसमें से होकर चलते हैं, तब वो हृदय में जाता है और यही है जहाँ पर उसका सिंहासन होता है। यही पवित्र आत्मा आप में होता है। यीशु ने कहा, "ये उसके लिये भला होता, कि बड़ी चक्की का पाट उसके गले में लटकाया जाता और तुम्हे गहिरे समुद्र में डुबाया जाता, यहाँ तक कि मुझ पर विश्वास करने वाले इन छोटों में से एक को भी ठेस पहुँचाने के लिए।" ना ही उनकी कोई हानि करना; बस यहां तक कि उनका अपमान करने के लिए लाते हो, बस उन्हें किसी बात पर परेशान करते हो। भला होता कि तुम खुद आप ही डूब जाते थे, या धरती पर कभी जन्म नहीं लेते थे, यहां तक कि एक का अपमान करने पर भी। ये उसका मतलब है? क्या वो झूठ बोल सकता है? क्या प्रेरितों ने ऐसा कहा था? नहीं, नहीं। यीशु ने ऐसा कहा! यीशु ने कहा, "पर जो कोई यहाँ तक इन छोटों में से, जो मुझ पर विश्वास करते हैं, एक को भी ठोकर खिलाए।"

"ये चिन्ह उनके पीछे–पीछे जायेंगे जो विश्वास करते हैं!"

253 कोई महान, बडा व्यक्ति कहता है, "ओह, मैं उस पर विश्वास करता हूँ! हाल्लेलुया!"

254 "क्या तुमने कभी अन्य जुबान में बोला हैं, अन्य जुबानो का अनुवाद किया है, शैतानो को निकाला है, दर्शनों को देखा है, और इत्यादि, जैसा कि उसने प्रतिज्ञा की थी? "

"नहीं, वह दिन बीत चुके है।" वो एक विश्वासी नहीं है, वो एक ढोंगी विश्वासी है।

255 यीशु ने कहा, अन्तिम शब्द जो उसने कहा, "ये चिन्ह विश्वास करनेवालों के पीछे–पीछे जायेंगे, सारे जगत में और हर एक सृष्टि के लिए।" ये सही है। "मेरे वापस लौटने तक विश्वासीयो के पीछे–पीछे जायेगे।" यही वो अंतिम शब्द है जो उसने कहे थे। यह कितने लोग जानते हैं? बाइबिल में, मरकुस 16।

अब, देखिए, वो एक ढोंगी–विश्वासी है।

256 लेकिन जब आप एक विश्वासी को पाते हैं जो वास्तव में विश्वास करता है, चिन्ह उसके पीछे–पीछे जाते है, और आप उसके जीवन की नम्रता को देखते हैं, न कि एक नाटक करने वाला, जानते हैं कि वे एक मसीही है, एक वास्तविक, सच्ची पत्री, वे बस शांत रहते है। आपको जो काम करना चाहिए, वह ये है आप उनके साथ जुड़ जाये, उनके साथ चलना आरंभ करे, क्योंकि आप राजा के राजमार्ग पर ठीक ऊपर जा रहे हैं।

257 अब, क्या होता है? इसे देखो। बाहरी आंगन को देखे: जो लूथर का युग था, जैसा कि हम अन्यजातियों के कलीसिया के देह में आरंभ करते हैं।

258 आपको याद होगा, वे लगभग ए.डी. 606 के—के समय तक, वे यहूदी थे जब ये थुआतीरा में आया, यह लगभग सारे यहूदी परिवर्तित हुए थे। लेकिन यहूदी के बाद, यह यहां यहूदी और अन्यजाति दोनों पर आ गया। (लेकिन ज्यादातर यहूदी थे)। लेकिन जब यह वास्तव में अन्यजाती युग में आता है, इस ओर आता है, देखो, मार्टिन लूथर, जॉन वेस्ली, और आदि आते हैं। देखा?

259 अब, उस अंधकार युग के बाद इन अंतिम तीन को देखें, युग के मध्यांतर तक आये और पार हो गए। जब ये आता है, तो इस बाहरी आंगन को देखें। देखो: देह, प्राण, आत्मा। समझे? वो बाहरी आंगन, देह। पवित्र

स्थान: नाज़रीन, पिलग्रिम होलीनेस, फ्री मेथोडिस्ट। देखा? और उसके बाद परम पवित्र स्थान: पेंटीकोस्टल में वापस, जहां से इसकी शुरुआत में आरंभ हुई थी, देखो, वापस शुरुआत में।

260 अब, यदि आप इसे चित्रित कर रहे हैं, तो मैं चिह्नित करना चाहता हूं। अब, वहां पाँच द्वार हैं जो देह में जाते हैं, जो देह को नियंत्रित करते हैं। आप यह जानते हैं। क्या वहां नहीं है? यही पांच चेतनाये हैं। कितनी चेतनाये देह को नियंत्रित करती हैं? पांच: देखना, चखना, महसूस करना, सूंघना, सुनना। क्या यह सही है? यही देह है, बाहरी आंगन, यही वो चीजें हैं जिन पर आप निर्भर नहीं रह सकते क्योंकि यह देह है।

261 फिर अंदरूनी आंगन, हमारे पास अंदरूनी आंगन हैं, जो कि अगली वेदी है। और जो अगली वेदी आती है, और वो विवेक, कल्पनाये, याददाश्त, मनोभाव और स्नेह के साथ—साथ आती है। यही वो पांच चेतनाये हैं जो अंदरूनी आँगनो को नियंत्रित करती हैं। यह वो प्राण है। स्नेह की चेतनाये, यही प्राण है, प्रेम है, और इत्यादि है। और उसके बाद अगला इस ज्ञानेंद्री में यहाँ, वहां पर भी याददाश्त, और विवेक, और दया होगी, और इत्यादि, और—और—और कल्पना भी होगी। आप बैठकर और चीजों की कल्पना करते है, आप क्या कर रहे है? आप इसे अपने देह में नहीं करते हैं, आपकी चेतनाये कल्पना नहीं करती हैं। यह आपके भीतर का अंदरूनी आंगन है।

262 इसके तीन द्वार है। हम क्या कर रहे हैं? हम अब तोड़ रहे हैं, इससे चूकना मत। देह से आते हुए, पांच चेतनाए; अगले के लिए, वो प्राण, अंदरूनी आंगन; लेकिन अब आप ह्रदय के अंदर आ जाते है। देखा?

263 अब, वहाँ पर जहाँ आप अच्छे पिलग्रिम होलीनेस और मेथोडिस्ट उस वेदी पर *वहां* बने हुए थे। देखिए, आप आंगन में हैं। आप लूथरन और इत्यादि जो वहां पीछे देह में, वहां पीछे पांच चेतनाओ के साथ, आंख जो देख सकती है और समझ सकती है। समझे?

264 यहाँ पिलग्रिम होलीनेस आये जो केवल फ्री मेथोडिस्ट ही थे, अगले आगन में आएं और पवित्रता में विश्वास किया, क्योंकि इसे पवित्र स्थान कहा जाता था जहां बलिदान किया जाता था।

265 लेकिन वर्ष में एक बार महायाजक परम पवित्र स्थान के अंदर जाता था जो दोषी था। वहां लूथरन युग था; उसके बाद मेथोडिस्ट युग; उसके

बाद *ये* युग, कलीसिया का प्रकाश आ रहा है, जो मनुष्य जाति की डील–डौल की तरह है।

266 फिर कैसे—कैसे हम *इसके* अंदर जाते हैं? अब, याद रखना, वहां एक परदा था, एक परदा जो पवित्र और परम पवित्र स्थान के बीच लटका हुआ था। परम पवित्र स्थान में, यह वो स्थान है जहाँ मसीह आकर आपके हृदय के सिंहासन पर बैठता है, मसीह सिंहासन पर बैठा है। वो धर्मीकरण में से होकर आता है (क्या यह सही है?); पवित्रीकरण; "और फिर एक के द्वारा... " (जल... एक कलीसिया के द्वारा... एक संस्था के द्वारा... नहीं!) "एक आत्मा के द्वारा, " यहाँ से हम सभी एक शरीर में बपतिस्मा लेते हैं जो कि मसीह का शरीर है। किस के द्वारा? पवित्र आत्मा के।

267 कौन अंदर आता है? मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, पेंटीकोस्टल, जो कोई भी चाहे। वो पर्दा, आप जानते हैं कि वह पर्दा क्या है जो आपके ह्रदय को इससे पर्दा करता है? क्या आप तैयार हैं? परदे को "स्वयं की इच्छा" कहा जाता है। क्या आप अब तस्वीर को समझ पा रहे हैं? *वहां* पर जो चेतनाये है, शरीर पर की चेतनाये और प्राण के लिये चेतनाये, और वो पर्दा जो पवित्र स्थान परम पवित्र स्थान के बीच में है। और केवल एक ही तरीके से आप वहां अंदर जा सकते हैं, वह है स्वयं की इच्छा! "क्योंकि जो कोई भी... " क्या? जो कोई भी हाथ मिलाता है? जो कोई भी जल के अंदर डूबा है? जो कोई भी कलीसिया से जुड़ता है? जो कोई भी अपने ज्ञान को देता है? जो कोई भी करता है... ? नहीं! "जो कोई भी *चाहे* परदे के पार आये।"

268 मसीह मेरे चेतनाओ के अंदर आने दो; कहते है "ठीक है, मुझे करना चाहिए। मैं नरक में नहीं जाना चाहता, यही एक बात है। मैं कलीसिया से जुड़ जाऊंगा।" तो ठीक है, लूथरन।

269 "तो ठीक है, मैं आपको बताऊंगा कि क्या, मेरा विश्वास है कि मुझे एक अलग जीवन जीना चाहिए, जो मैं कर सकता हूं।" वेदी पर पवित्रीकरण। तो ठीक है, मेथोडिस्ट।

270 तो ठीक है, और उसके बाद जो कोई भी *चाहे,* उसे चीरे हुए परदे को पार करने दो। ओह, परमेश्वर की महिमा हो! मैं दूसरी तरफ हूँ। उसके नाम के लिए हाल्लेलुया! ओह, प्रभु! जो कोई भी चाहे, इसे उसे फाड़ने दो, उसकी स्वयं की इच्छा के परदे को, और परमेश्वर उसके ह्रदय के अंदर में

आने दो। वहां पर मनुष्य के हृदय में उसके न्याय के आसन पर मसीह है! क्या होना है?

271 आप कहते हैं, "मुझे करना... ओह, मैं—मैं गंदे चुटकुले सुना सकता हूं, ये मुझे दोषी नहीं ठहराता है।" क्यों? उनके पास कुछ भी ऐसा नहीं है जो इसे दोषी ठहरा सकता हैं। इन बातों को बाहर निकालने के लिए—के लिए वहां कोई नहीं है। आपको दोषी ठहराने के लिए—के लिए वहां कोई नहीं है। "तो ठीक है, मैं आपको बताऊंगा," महिलाये कहती हैं, "मैं बाल छोटे कर सकती हूँ, ये मुझे दोषी नहीं ठहराता है।" कोई आश्चर्य नहीं! समझे? "ओह, मैं छोटे कपडे पहन सकती हूं... मैं *ऐसा* कर सकती हूं। मैं... " पुरुषों ने कहा, "सिगार पीने से मुझे कोई दुःख नहीं पहुंचता है, और न ही इससे मुझे कोई दुःख होता है कि कुछ—कुछ ताश को खेलना और कुछ पासे फेंकना," और जो कुछ भी वे करते हैं। "इससे मुझे दुःख नहीं पहुँचता है।" और वे अभी भी कलीसिया से संबंध रखते हैं, देखो, "*ऐसा* करने के लिए मुझे दुःख नहीं पहुंचता।" क्यों? क्यों? आपको जांचने के लिए वहां पर कुछ भी नहीं है।

272 लेकिन जब मसीह अंदर आता है, तो आप अपने हृदय में एक वेदी बना लेते है और आपके पापो को प्रतिदिन लिया जाता हैं। महान संत पौलुस ने कहा, "मैं हर रोज मरता हूं। तौभी मैं जीवित हूं, लेकिन *मैं* नहीं जीता, मसीह मुझ में जीता है।" वहां अंदरूनी पर्दा है। ओह, भाईयो, बहनो!

273 जल्दी करेंगे, मैं जानता हूँ... ओह, नहीं, मैं... मैं इसे खत्म नहीं कर सकता, मैंने समय से ज्यादा लिया है। आइये देखते हैं, मुझे बस... नहीं, मैं बेहतर होगा नहीं। देखो, मैं चौबीस प्राचीनो को लेना चाहता हूं, और मैं जानता हूँ कि मैंने आप सभी को आपके रात के खाने से रोक कर रखा है। हम बस... आइये देखते हैं, कि... कितने लोग कहते हैं चौबीस प्राचीनो को लूं? केवल... [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] तो ठीक है, बस एक मिनट। तो ठीक है, बस एक मिनट। "चौबीस प्राचीन," तो, आइये उन्हें अभी जल्दी से ले लेंगे, "सिंहासन के चारों ओर, और चौबीस–... सिंहासन के चारों ओर थे।"

274 अब आप देखते हैं क्या... अब वो सिंहासन कहाँ पर है? ह्रदय में। किसके ह्रदय में? सात कलीसिया युग के सदस्य के, मसीह! "उनकी कार्य के विरुद्ध एक शब्द भी बोलते है, तो आप दोषी हैं," आपको न्याय के दिन

इसके लिए उत्तर देना होगा। और धरती का न्याय कौन करेगा? संत धरती का न्याय करेंगे।

275 दानिय्येल ने दसियों हज़ार गुना दस हज़ार के साथ किसे आते हुए देखा? उन संतो को। किताबें खोली गईं, पापीयो की। एक और किताब खोली गई थी, जो जीवन की किताब थी, सोई हुई कुंवारी की। ओह, प्रभु, क्या वे यह नहीं देख सकते? सोई हुई कलीसिया, वे जो दूल्हे से भेंट करने को निकले, उन्होंने उनके दीये में से तेल को ख़त्म कर दिया; उन्होंने इसमें कभी भी प्रवेश नहीं किया, कभी भी मसीह को नियंत्रण करने नहीं दिया जिससे कि वह अद्भुत कार्यो को कर सके और अन्य भाषाओं से बोल सके और चमत्कार और चीजो को कर सके यह साबित करने के लिए कि वो अपनी कलीसिया में रहता है।

276 क्या होता यदि यीशु धरती पर आकर और कहता, "मैं यीशु हूँ, मैं परमेश्वर का पुत्र हूँ," कभी भी कुछ भी नहीं करता, वह बस ऐसे ही कहता, "मैं—मैं यहाँ पर जाऊंगा और कलीसिया से जुड़ जाऊंगा"? क्या यह परमेश्वर का पुत्र होगा?

277 उसने क्या कहा? "यदि मैं अपने पिता के काम नहीं करता हूँ, तो मेरी प्रतीति न करना।"

278 ओह, प्रभु! क्या आप देखते है? परमेश्वर खुद को घोषित करता है, वो इसे करना पसंद करता है। वो यहोवा है। वह खुद को ज्ञात करवाना पसंद करता है। ओह, मैं इससे बहुत ही खुश हूं। जी हाँ, श्रीमान। उसने अपने आप को मुझ पर प्रकट किया है, मैं जानता हूँ, कि उसे आपके लिए प्रकट करना है। आप में से कुछ नौजवान लोग ने अभी–अभी परिवर्तित हुए है, अब तक आप नहीं... हो सकता है उसे उसकी सामर्थ में नहीं जानते होंगे और महान कार्यों के बारे में नहीं जानते होंगे जो पुराने समय के मसीही करते थे, लेकिन आप सीधे इसमें आ रहे हैं। आप सीधे राजा के राजमार्ग के ऊपर आ रहे है। ना... केवल देखते रहे और जितना हो सके केवल आगे की ओर बढ़ते रहे। दौड़ो, दौड़ो, जितना हो सके उतनी तेजी से दौड़ो। किसी बात के लिए ना रुके, बस आगे बढ़ते रहें।

279 जैसे वो बेचारी बूढ़ी बहन स्नेलिंग अक्सर कहा करती थी:

मैं दौड़ रहा हूं, दौड़ रहा हूं, दौड़ रहा हूं, मैं बस वहां पहुँच गया हूँ;
मैं दौड़ रहा हूं, दौड़ रहा हूं, दौड़ रहा हूं, मैं बस वहां पहुँच गया हूँ;
दौड़ रहा हूं, दौड़ रहा हूं, दौड़ रहा हूं, और आप बस बैठ नहीं सकते।

बेचारी बूढ़ी प्राण, वह आज वहाँ पर है।

280 तो ठीक है, अब, और वहाँ—वहां सिंहासन थे और वहाँ पर, वहाँ चौ–... वहाँ चौबीस आसन थे। अब, ये कितने होंगे, चार और बीस? चौबीस। तो ठीक है:

... चौबीस आसनो:और आसन पर... आसनो पर मैंने चौबीस प्राचीनो को देखा (एक आसन पर एक), *श्वेत वस्त्र* पहिने *हुए बैठें हैं; और उन के सिरों पर सोने के मुकुट हैं।*

281 अब, "चौबीस प्राचीन।" मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें कि वे दूत के जैसे जीव नहीं थे। दूत सम्मिलित नहीं होते हैं, स्वर्गीय जीव मुकुट और सिंहासन के साथ सम्मिलित नहीं होते हैं। देखो, वे कभी भी सम्मिलित नहीं हुए हैं, वे तो दूत हैं, उन्होंने कभी भी जय प्राप्त नहीं की। यदि आप थोड़ी देर बाद ध्यान देंगे, जो गीत उन्होंने गाए और इत्यादि, इसने साबित किया कि वे सम्मिलित नहीं थे। देखा? उन्होंने छुटकारे का गीत गाया; इसलिए, दूतों को छुटकारे की आवश्यकता नहीं है। देखा? तो ठीक है। लेकिन वे छुड़ाए हुए मनुष्य थे।

282 मैं नहीं... आप लोग, मेरे पास इसे लेने का समय नहीं होगा। लेकिन आप जो लोग लिख रहे हैं, यदि आप जानना चाहते हैं कि वे छुड़ाए गए पुरुष थे, तो मत्ती 19:28 को लें, तो ठीक है, 19:28, मत्ती, प्रकाशितवाक्य 3:21, उसके बाद उन्हें लिख ले, प्रकाशितवाक्य 20:4, प्रकाशितवाक्य 2:10, पहला पतरस 5:2 और 4, दूसरा तीमुथियुस 4:8। इससे आप जान जायेंगे कि वे छुडाये हुए है। मैं आज सुबह उस में होकर जाना चाहता हूँ, आप देखे। और आप इसे हफ्तों तक अच्छी तरह से ढूँढ़ सकते हैं, आप देखना। वे ना ही—वे ना ही दूत के समान जीव थे, वे स्वर्गीय जीव नहीं थे, वे छुड़ाए हुए पुरुष थे। समझे? आप उनके कपड़ो पर विचार कर सकते हैं, जिस तरह से उन्होंने कपड़े पहने थे; आप उनकी स्थिति पर

विचार कर सकते हैं कि उनके पास क्या था; आप उन गीतों पर विचार करे, जो उन्होंने गाए थे; और जान जायेंगे कि वे दूत के समान जीव नहीं थे। हम्म।

283 मैं इस बात पर आने से घृणा करता हूँ, लेकिन आइए एक और वचन को पढ़ें। आप क्या पढेगे? तो ठीक है। आइए हम दानिय्येल 7 पर वापस जाएँ, बस एक क्षण के लिए, यहाँ वापस, दानिय्येल 7 के लिए, और यहाँ केवल एक वचन को पढ़ें। मैं चाहता हूँ... तो यह आपकी सहायता करेगा बहुत कुछ आज सुबह के शेष संदेश में। मुझे यकीन है कि यह—यह आपको बहुत बेहतर महसूस कराएगा इसे आपके पढ़ने और इसे देखने के बाद, देखो दानिय्येल, दानिय्येल का 7वां अध्याय क्या है, और आइए अब आरंभ करते हैं... दानिय्येल 7, आइए 9वें अध्या... 9वा पद लेंगे। अब इन बातों को ध्यान से सुनिए:

> और... *मैं ने देखते देखते अन्त में क्या देखा, कि सिंहासन रखे गए, और कोई अति प्राचीन विराजमान हुआ, उसका* वस्त्र *हिम सा उजला, और* उसके *सिर के बाल... निर्मल ऊन सरीखे* थे: *उसका सिंहासन जैसे अग्निमय धधकती हुई आग,* (आप फिर से देखते हैं, वापस उसी मरकत रंग की आग।)*और उसके पहिये जलती हुई आग से देख पड़ते थे।*

> और... *उस प्राचीन के सम्मुख से एक आग की धारा निकल कर बह रही थी: फिर* हजारों हजार *लोग उसकी सेवा टहल कर रहे थे, और लाखों लाख लोग* (यहाँ आपके छुडाये हुए आते है।) *उसके साम्हने हाजिर थे:* और *फिर न्यायी बैठ गए, और पुस्तकें* (पुस्तकें, बहुवचन है) *खोली* गई थीं।

284 अब, ध्यान दे, न्यायी बैठ गए। देखा? अब, देखो। दानिय्येल, जब उसने न्याय पर सिंहासनों को देखा, तो वे खाली थे, उसने देखा कि "सिंहासन नीचे उतरे हुए हैं, स्वर्ग से नीचे उतरे हुए, जो प्राचीन समय स्वर्ग से नीचे उतर आया।" लेकिन जब यूहन्ना ने इसे देखा, तो सिंहासन पर पहले से ही यीशु बैठा हुआ था, और चेले और धार्मिक प्राचीन पिता, छुडाये हुए के लिए सिंहासन पहले ही भर चुके थे। समझे? दानिय्येल ने इसे मसीह के समय से पांच सौ वर्ष पहले देखा था। और फिर मसीह के बाद, पच्चीस सौ वर्ष होते है, और यूहन्ना उस युग में रह रहा था जो आने वाला

था, और उसने यह सब होते हुये देखा था। कहाँ, दानिय्येल ने इसे नहीं देखा, (समझे?) उसने तभी प्राचीन काल को आते देखा है; उसने उसे आते देखा। लेकिन जब यूहन्ना ने उसे देखा, तो सिंहासन भरा हुआ था, देखो, सिंहासन प्राचीन काल के साथ नीचे उतारा गया था, और न्यायी बैठ गए। लेकिन जब यूहन्ना ने उसे देखा, यूहन्ना के समय तक वे प्राचीन चुने नहीं गए थे... मेरा मतलब दानिय्येल के समय तक, लेकिन वे अंत समय में पहले से ही छुड़ाये गए थे... ? ... ओह, प्रभु! ओह, क्या ऐसा नहीं है... क्या यह अद्भुत नहीं है?

285 सो, दानिय्येल 7, वह... दानिय्येल ने क्या किया? उसने न्याय को पहले से ही देख लिया, देखा कि रखे हुए सिंहासन खाली थे। देखो, उन्हें खाली होना चाहिए था। जब यूहन्ना अपने समय में, कलीसिया के रेपचर के बाद, उन सिंहासन को छुटकारा पाए हुए प्राचीनों के द्वारा भरा गया था। हम्म।

286 एक *प्राचीन* का क्या मतलब होता है? यदि आप *प्राचीन* शब्द को लेते हैं, मैंने लगभग... ये सभी परिभाषाओ को यहाँ लिख कर रखा है, मैं बस छोड़कर आगे जा रहा हूँ। *प्राचीन* का अर्थ होता है "एक शहर का प्रधान" या "एक गोत्र का प्रधान।" एक *प्राचीन*, "कोई तो चीज़ का प्रधान।" जैसे मैं—मैं होता... भाई नेविल अभी इस कलीसिया के एक प्राचीन है। वो क्या है? वह इस स्थानीय देह के प्रधान है। समझे? और नगर का महापौर वो इस नगर का एक प्राचीन होगा; देखो, शहरों के प्राचीन। आपको याद है वहां पहले बाइबल के समय में, शहर के प्राचीन होते थे? *प्राचीन* का अर्थ होता है "एक शहर का प्रधान" या "एक गोत्र का प्रधान।"

287 अब, वे कितने थे? चौबीस, चौबीस प्राचीन थे। क्या यह सही है? अब... ओह, प्रभु! ये कौन थे? बारह प्रेरित और इस्राएल के बारह गोत्र, बारह धार्मिक प्राचीन पिता। वो... अब, हम इसे नीचे ले लेंगे जब तक हम दूसरे विषयों में नहीं आते हैं, और इसे सही होने के लिए साबित करते है, तो आप, मुझे खुशी है कि आप इसे अभी लिख रहे हैं। देखा? धार्मिक प्राचीन पिता और इस्राएल के बारह गोत्र! अब, ध्यान दे। यीशु ने यह कहा...

288 पतरस ने एक दिन पूछा, "हमें क्या मिलेगा? हमने पिता को छोड़ दिया है, माता, पति, पत्नी, बच्चे, बाकी का सब कुछ, हम हर एक चीज़ छोड़ आये हैं।" पतरस ने कहा, "हमने अपनी पत्नियों को छोड़ दिया है, हमने

अपने बच्चों को छोड़ दिया है, हमने अपने माता–पिता को, अपने घरों और जमीनों को छोड़ दिया है, जिससे कि हम तुम्हारे पीछे चले।"

289 उसने कहा, "मैं तुम से सच सच कहता हूं, कि तुम बारह सिंहासनों पर बैठकर बारह गोत्रों का न्याय करोगे।" वहाँ आप हो, यही छुड़ाये हुये है, छुड़ाये हुये प्राचीन।

290 दाऊद की ओर देखो—देखो मसीह को चित्रित कर रहा है। समझे? जब दाऊद सामर्थ में आ रहा था, सबसे पहली बात, सामर्थ में आने से पहले उसके पास एक भयानक समय था। तौभी उस पर अभिषेक था, जी हां, उस पर वो अभिषेक था। और बहुत से लोगों ने सोचा "वो बस एक छोटा स्वधर्मत्यागी था, एक छोटा सा लड़का जो अलग ही था, कुछ नष्ट करने की कोशिश कर रहा था।" लेकिन वहां कुछ लोग जानते थे कि वो राजा होने जा रहा था, वे उसके साथ ही बने रहे। भाई, मेरा मतलब है कि आप उन्हें उससे दूर नहीं कर सकते थे, जैसे वे आगे चलते रहे।

291 एक उस दिन वो वहां पहाड़ पर खड़ा हुआ था, और नीचे देखा, और उसके अपने छोटे, प्रिय शहर को शत्रु से घिरा हुआ देखा। और वो वहीं खड़ा रहा और उसने याद किया कि जब वह छोटा लड़का था, तो वो भेड़ों को वहाँ से लेकर जाता था और उन्हें जल पिलाता था, ये वास्तविक जल था। (यहाँ पर ज्यादा समय नहीं हुआ हमने इसके बारे में बताया है, *वो जीवन का जल*।) और वहाँ वो है, "सोचता हूँ, मुझे उसमें से पीना है।"

292 और उसकी छोटी से छोटी इच्छा किसी भी पुरुष के लिए एक आदेश था। भाई, उन में से दो पुरुषो ने अपनी तलवारो को पकडा और पंद्रह मील होते हुए पलिश्तियों से लड़े, उन्हें दाएं से बाएं काटते चले गए, कि उसके लिए उस कुएं से जल को उसके पीने के लिए ला सके। वे जानते थे कि वो सामर्थ में आने वाला हैं। जी हाँ, श्रीमान। एक समय, उनमें से एक, उसे बचाने के लिए, एक गड्ढे में कूद गया और उसने अकेले ही एक सिंह को मार डाला। वे योद्धा थे। और जब—जब वो सामर्थ में आया, तो आप जानते हैं उसने क्या किया? उसने उनमें से प्रत्येक को किसी न किसी एक नगर का अधिकारी बनाया।

293 वहाँ मसीह को देखा? "जो जय पाए वो एक नगर पर प्रभुता करेगा।" जय पाने वाले! आज जब हम देखते हैं कि वह सामर्थ में आ रहा है, तो मसीह इस संसार में शासन करेगा। जर्मनी, और संयुक्त राज्य अमेरिका,

और सभी को अवश्य ही पराजित होना है, प्रत्येक राष्ट्र को अवश्य ही पराजित होना है। इस संसार के राज्य हमारे परमेश्वर और उसके मसीह के राज्य बन चूके हैं, और वो राज्य करेगा और उन पर अधिकार करेगा। ये सही है।

294 हम जानते है कि वह सामर्थ में आ रहा है, इसलिए उसकी छोटे से छोटी इच्छा हमारे लिए एक आदेश है! "वह चाहता है कि मैं उसका प्रतिनिधित्व एक छोटे से टिम्बकटू में करूं जहां पर पचास सेंट पैसा नहीं है, जहां कुछ भी नहीं है, या कुछ गरीब लोगों का झुण्ड रहता है," यही एक इच्छा है। आमीन!

295 "आपको बहुतो को लेने की आवश्यकता नहीं है, आपको *ऐसा* करने की आवश्यकता नहीं है, बस मुझे बताएं कि वो चाहता है कि जाऊं।" आमीन। बस इतना ही।

296 "यदि वह चाहता है कि मैं अलग करूं, अलग ही काम करूं," इन बहनों और इत्यादि की तरह, "यदि वो चाहता है कि मैं एक विशेष काम को करूं, परमेश्वर धन्य हो, तो इसे करना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है।" वहां आप हैं! हम जानते है वो सामर्थ में आ रहा हैं, कोई फर्क नहीं पड़ता संसार चाहे कुछ भी कहे। "यदि मुझे हर एक बोझ को हर तरफ रखना पड़े और पाप नि:संदेह मुझे घेर लेता हैं, तो मैं उस दौड़ में सब्र से दौडू जो मेरे सामने है। मैं हमारे विश्वास के रचयिता और समाप्त करनेवाले यीशु मसीह की ओर देखूं।" सामर्थ में आ रहा है!

297 वह "प्राचीन जन," चौबीस प्राचीन। तो ठीक है। बारह... प्रकाशितवाक्य में, हम इसे पाते हैं। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में, लगभग 21वें अध्याय में, हम पाते हैं कि यरूशलेम शहर की बारह बुनियादे थीं। क्या सही है? और उसके बारह फाटक थे, जो हर एक ओर तीन फाटक थे, तीन चौके बारह होते हैं। बिल्कुल ठीक वैसे ही जैसे जंगल में वो आराधनालय स्थापित किया गया था, क्योंकि यूहन्ना ने ठीक ऐसा ही कहा और ठीक उसी बात को देखा, जो मूसा ने वहां देखा जब वो वहां पर था, उसी बात को पौलुस ने देखा था।

298 और अब हम देखते हैं कि वे बारह बुनियाद प्रेरितों के नाम पर थी। और उन बारह फाटकों के फाटक पर एक–एक गोत्र का नाम था। हम इसे किस तरह से देखते हैं और उन बारह प्राचीनो को, बारह गोत्रों को, बारह

प्रेरित, बारह बुनियाद, बारह फाटको को देखते हैं! ओह, प्रभु! परमेश्वर के उन अंको को ले और आप इसे कहीं भी चूक नहीं कर सकते, वो हर बार, हर जगह सीधे एक दुसरे से आ मिलेंगे।

299 यही कारण है, आप देखे, हमारे पास ये छह दिन हैं, जिसमें संसार ने परिश्रम किया है, और अब हम इस सातवें दिन के नजदीक आ रहे हैं। पहले दो हजार वर्ष, परमेश्वर ने जल को नष्ट... संसार को जल से नष्ट किया। दूसरे दो–हज़ार वर्ष, मसीह आया। यह 1961 है, ठीक द्वार पर, बस थोड़ा सा ही समय है। और देखो, यीशु ने कहा, "अब, यह पूरी तरह से नहीं चलेगा," उसने कहा, "क्योंकि मुझे काम को घटाना होगा। यदि मैं नहीं करता हूँ, तो परमाणु बम सारे देह को नष्ट कर देंगे। हूं–हुंह। क्योंकि चुने हुओ की खातिर, मैं धार्मिकता में काम को घटा दूंगा। इसे काट दूंगा, समय के हिस्से को।" देखो, फिर हज़ार वर्ष सह–शताब्दी, वो महान दिन।

300 जबकि कलीसिया ने छह हजार वर्षों तक पाप के विरुद्ध काम किया है, और सातवां हजार वर्ष सह–शताब्दी है। जैसे परमेश्वर ने छह हजार वर्ष संसार को बनाने के लिये लगाये, और सातवें हजार को उस ने अपने सब कामों से विश्राम किया। और कलीसिया छह हजार वर्ष तक पाप के विरुद्ध काम करती है, और सातवें हजार में कलीसिया विश्राम करती है।

301 सफेद वस्त्र जो प्राचिनो पर था, वो संतों की धार्मिकता है। *सफेद* का अर्थ है "धार्मिकता।" और क्योंकि वे *वस्त्र* पहने हुए थे, इसने दिखाया कि वे "याजक या न्यायी" थे, सफेद वस्त्र पहने हुए, याजक, न्यायी, भविष्यद्वक्ता, इत्यादि थे; देखो, वे क्या थे। वे सफ़ेद वस्त्र पहने हुए, चौबीस प्राचीन थे। वहां चौबीस प्राचीन होंगे। इस्राएल के बारह गोत्रों के लिए उनमें से बारह होंगे; कलीसिया के लिए बारह प्रेरित।

302 और वे उस महान राजा के आंगन में बैठे हुए थे। याद रखे, वे वहां बाहर बैठे हुए है, *ये* है। और *यहाँ* दुल्हन और मसीह उसके सिंहासन पर बैठे हैं, और उसकी पत्नी उसके पास बैठी हुई हैं, वो कलीसिया। चौबीस प्राचीन... मंदिर के एक लाख चौवालीस हज़ार खोजे जो उसकी सेवा कर रहे थे। जहाँ–जहाँ वो उठकर जाता है, उसकी पत्नी उसके साथ जाती है। ओह, ओह, मेरे प्रभु! उस महान युग में से होते हुए जो आने वाला है, जब सारा पाप और पापों का प्रतिरूप...

303 सारी बड़ी, बढ़िया इमारतें जिन्हें लोग आज बहुत ही संजो कर रखते हैं, सारा पैसा और अभिलाषा और सारा पाप और सुंदर महिलाएं और पुरुष, और जो कुछ भी वे उनके शरीर के लिए बनाने की कोशिश करते हैं, कुछ ना कुछ तो और, शैतान का एक जाल होगा जो कि उनके प्राण को अधोलोक भेजे, नष्ट करेगा और सडा देगा, और खाल के कीड़े इसे खा जाएंगे। और पहली बात, खाल के कीड़े... वे सब जो कुछ भी वे थे, वे बस ज्वालामुखी की आग के अंदर चला जायेंगे, वापस आने के लिए कुछ भी नहीं सिवाय नाश के और—और सब ज्वालामुखीय राख के।

304 लेकिन इनमें से एक सुबह, दोस्तों, इनमें से एक सुबह, जब यह सब खत्म हो जाएगा, तो वो फिर से खिल उठेगी। इसकी सफेद तीन पतियां और वो—वो गुलाब की निकलती सुगंध जो खिलती कलियां के साथ मिश्रित हो जाएगी जो जीवन के पेड़ की है, और मसीह किसी सुबह वापस लौट आयेगा। जब बड़े–बड़े पक्षी, पिंडुक, पेड़ों पर बैठेंगे और कू–कू करेंगे, और न तो कोई मृत्यु होगी और न ही कोई दुःख होगा। मसीह और उसके छुड़ाये हुये धरती पर लौट आयेंगे; बूढ़े के नाई नहीं, बल्कि हमेशा के लिए नौजवान। अमरहार, हम उसकी समानता में खड़े रहेंगे, सूर्य और तारे जिन्हें हम चमकाएंगे।

मैं उस सुन्दर नगर के लिये बाध्य हूँ
मेरे प्रभु ने उसके अपनों के लिए तैयार किया है;
जहां सारे युगों के सभी छुड़ाए हुए
गायेंगे "महिमा!" उस सफ़ेद सिहासन के चारों ओर।
कभी–कभी मैं स्वर्ग के लिए आतुर हो जाता हूं
और महिमा को निहारने के लिए;
यह क्या ही आनंद होगा जब मैं अपने उद्धारकर्ता को
देखूंगा,
उस सोने के सुंदर नगर में!

मैं उसे देखने के लिए कितना तरस रहा हूँ! ओह, मैं उसे देखना चाहता हूँ!

मैं उस सुन्दर नगर के लिये बाध्य हूँ।

305 यूहन्ना ने पतमुस के टापू पर इसे देखा, अपने पति के लिए सजी हुई दुल्हन के रूप में उसे उतरते हुए देखा। इसकी महिमा को मैं किसी दिन देखना चाहता हूं।

मैं उसे देखना चाहता हूँ, और उसके चेहरे की ओर देखना चाहता हूँ,
वहां युगानुयुग के लिए उसके बचाए जाने के अनुग्रह को गाना;
महिमा के रास्तो पर मुझे अपनी आवाज को उठाने दो;
सारे अतीत की चिंता, अंत में घर, हमेशा आनन्दित होने के लिए।

306 बर्फ में थोड़ा फिसलना और खिसकना, थोड़ी गर्मी और दिन के कठिन परिश्रम; मेरी इच्छा है मेरी पत्नी और माबेल सामने आते और मेरे लिए उस गीत को गाते, यदि मैं—मैं कर सकता, "मार्ग के कठिन परिश्रम कुछ भी नहीं दिखाई देंगे, जब मैं रास्ते के अंत में आऊंगा।" ये सही है।

307 मैं उस रात को याद करता हूँ जब मैं कलीसिया से निकलकर सुसमाचारक का काम आरंभ करने के लिए निकला था, जब आप सभी रो रहे थे; मुश्किल से उनमें से कोई बचा है, शायद आप में से कुछ ही यहाँ पर हैं। बहन और भाई स्पेंसर, और हो सकता है, कुछ एक—एक पुराने समय के लोग चले गए है, जब वे यहां पर रोए थे। लेकिन जब पवित्र आत्मा ने कहा, "तुम्हें अवश्य ही जाना होगा!"

308 और मुझे अपनी पहली सभा याद है जब मैं महीनों के लिए चला गया था, मेडा वहां जोन्सबोरो के लिए आयी थी, बेकी एक छोटी सी बच्ची ही थी, पुरानी कॉटनबेल्ट ट्रेन में वहां पर आये, उन्हें वहां पहुंचने के लिए कुछ दिन लगे। और जब वह उस रात वो आई तो मैं वहीं पर खड़ा हुआ था। हमने सभागार में जाने की कोशिश की, जो तीन विभाग दूर था, पुलिसकर्मी लोग रास्तो को इस तरह से रोके हुए थे। यहाँ तक रास्ते भी खचाखच भरे हुए थे। मुझे रास्तो में से होकर जाना था और उस स्थान में जाने के लिए घुमावदार मार्ग से हो कर आगे बढ़ना था। मेडा ने कहा, "क्या वे आपका प्रचार सुनने आए थे, बिल? "

309 मैंने कहा, "नहीं।" फिर हमने गाया:

वे पूरब और पश्चिम से आये,
वे दूर देश से आये,
हमारे राजा के साथ भोज करने के लिए, उनके अतिथि
के रूप में भोजन करने के लिए;
कितने धन्य हैं ये यात्री!
उसके पवित्र चेहरे की ओर निहारते हुए
जो दिव्य प्रेम के साथ जगमगाता है;
उसके अनुग्रह के धन्य भागीदार,
उसके मुकुट में रत्नों के नाई चमकने के लिए।

ओह, यीशु जल्द ही आ रहा है,
हमारी परीक्षाएं तब समाप्त हो जायेगी।
ओह, क्या हो यदि हमारा प्रभु इसी क्षण पर आ जाए
उन लोगों के लिए जो पाप से आज़ाद है?
ओह, तो क्या ये तब आपके लिए आनंद को लायेगा,
या दुख और गहरी निराशा को लाएगा?
जब हमारा प्रभु महिमा में आता है,
तो हम उससे ऊपर हवा में मिलेंगे।

310 आमीन! ओह, मैं उससे प्रेम करता हूँ! क्या यह आपके लिए दुःख और गहरा क्लेश लाएगा, या ये आपके लिए आनंद को लायेगा? जब हमारा प्रभु महिमा में आता है, तो हम उससे ऊपर हवा में मिलेंगे। आइए उन विचारों को मन में लेकर हमारे सिरो को झुकाएं। प्रभु ने चाहा तो, मैं इस सभा को किसी और समय समाप्त करूंगा।

311 हमारे स्वर्गीय पिता, ओह, वे पूर्व और पश्चिम से आएंगे, वे दूर–दूर के देश से आएंगे। मैं उस महान रेपचर के बारे में सोच रहा हूँ। जिन लोगों को मैंने अफ्रीका, भारत और दुनिया भर में प्रचार किया है, किस तरह से मैं उनके चेहरो को फिर से देखूंगा। उनमें से बहुत से रो रहे थे, हवाई जहाज में जाने तक, और वे यहाँ से वहां चहारदीवारी पर झुके हुए थे और चिल्ला रहे थे और रो रहे थे। मैं सोच रहा हूँ कि जब वे एक बार पौलुस के साथ बाहर गए, उन्होंने घुटने टेके और उन्होंने प्रार्थना की। उसने कहा, "मुझे यकीन है कि आप में से कोई भी नहीं... आप में से बहुत से लोग अब मेरा चेहरा नहीं देखेंगे।"

लेकिन वे पूरब और पश्चिम से आएंगे,
वे दूर–दूर देशो से आएंगे,
हमारे राजा के साथ भोज करने के लिए, उसके अतिथि के रूप में भोजन करने के लिए;
कितने धन्य है ये यात्री!
उसके पवित्र चेहरे को निहारते हुए (उस मरकत रंग की महिमा में,)
जो दिव्य प्रकाश से जगमगाता है;

न केवल एक दीये का प्रकाश या एक मोमबत्ती का प्रकाश, लेकिन—लेकिन दिव्य प्रकाश।

जो दिव्य प्रकाश से जगमगाता है;
उसके अनुग्रह के धन्य भागीदार,
उसके मुकुट में रत्नों नाई चमकने के लिए।

हे परमेश्वर!

जब कोयले के अंगारे ने नबी को छू लिया था,
और उसे उतना शुद्ध बना रहा है जितना शुद्ध हो सकता है,
जब परमेश्वर की आवाज ने कहा, "कौन हमारे लिए जाएगा? "
तब उसने उत्तर दिया, "मैं यहां हूं, मुझे भेज।"

312 ओह, आज सुबह दूत को भेजे, उन करूबों को, जिनके छ: पंख हैं, जैसे यशायाह ने उन्हें देखा, भवन में से उड़ते हुए, पुकारते हुए, "पवित्र, पवित्र, पवित्र, प्रभु के लिये।" और उस नौजवान भविष्यद्वक्ता ने कहा, "मैं अशुद्ध होंठ वाला हूँ, और अशुद्ध लोगों के बीच में से हूं, और मेरी आंखों ने प्रभु की महिमा को देखा है।" मंदिर से खंभे सरक गए। और एक दूत ने चिमटे को वेदी पर से लिया, और कोयले के अंगार को लेकर और इसे उसके होठों पर रख दिया, कहा, "मैं तुम्हारे होंठो को शुद्ध करता हूं। अब भविष्यद्वाणी कर, मनुष्य के पुत्र।" आज सुबह दूत को भेजे, प्रभु, हमारे होठों को हर प्रकार की दुष्टता से शुद्ध करे। हमारे ह्रदय को साफ करे, और अंदर आये, प्रभु। स्वयं की इच्छा को तोड़ डाले। उस... मेरी इच्छा को (तेरी में) तेरी इच्छा हो जाये, प्रभु। ओह, तेरी इच्छा मुझ में होगी, हे

परमेश्वर। और मैं और मेरी कलीसिया और मेरे लोग आपके होने दो, हे प्रभु। हम अपने आप को आपको समर्पित करते हैं।

313 और जैसा कि कवि ने आगे कहा, पिता:

लाखों अब पाप में, लज्जा में मर रहे है;

वहां अफ्रीका में, आगे भारत में, दुनिया भर में, हजारों एक घडी में, और आपको जाने बिना आपसे मिल रहे है।

अब लाखों पाप और लज्जा में मर रहे हैं;

अब भी, परमेश्वर, इसे सोचकर मेरा प्राण टुकड़े–टुकड़े हो जाता है।

उनकी दु:ख भरी और पीड़ादायक पुकार को सुनकर;
हे भाई, फुर्ती से उनके आश्रय में जा;
तुरंत उत्तर दे, "स्वामी मैं यहां पर हूं।"

314 इसे प्रदान करे, प्रभु, इसे फिर से प्रदान करे। मैंने हर तरह की गलतियाँ की हैं, पिता, इस बीते वर्ष में से होते हुए, मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे उनके लिए क्षमा करें। और इस नए वर्ष में, प्रभु, मेरा नए सिरे से अभिषेक किजीये। मैं उन लाखों लोगों के पास जाऊं जो पाप और लज्जा में यहाँ–वहां बैठे हुए हैं, मर रहे हैं, उन्हें आपके सत्य के इस महान प्रकाशन के पास लेकर आऊं, उन्हें पवित्र आत्मा के अभिषेक के लिए लाते हुए; कि उस दिन पर वे पूरब और पश्चिम से आ सके आपके मुकुट में रत्नों की नाईं चमकने के लिए। मेरी सहायता करे, प्रभु, कि वहां जाकर और खोज करूँ और उन्हें जमीन से बाहर खोद कर निकालूं, धरती का कीचड़, वो कीचड़ और गंदगी जिसमें कि वे जी रहे हैं। और वे एक पवित्र परमेश्वर को देखने पाए जो उन्हें साफ करता है और मसीही की तरह जीने को लगाता है, पवित्र करता है और आपके साम्हने शुद्ध होता है; बुराई से मुंह मोडते हुए, सभी प्रकार के सांसारिक सुख विलास से, और एक जीवित परमेश्वर की ओर फिरते हुए, और उन्हें उस महान दिन के लिए आपके राज्य का प्रतिनिधि बनाते हुए।

315 इस छोटी सी कलीसिया को आज सुबह पवित्र करे, प्रभु। आपकी आत्मा से यहाँ के प्रत्येक व्यक्ति को पवित्र कीजिये, और पवित्र आत्मा उनके ह्रदय में आ जाये, हम में से प्रत्येक जन के लिए। उनमें आत्मा को तरो ताजा करे जिन्होंने पहले से ही... उनकी स्वयं की इच्छा से उनके

ह्रदयो को खोल दिया है, उनकी स्वयं की इच्छा को इनकार कर चुके है और आपकी इच्छा को जान चुके है।

316 वे जो छोटे बच्चे है, प्रभु, उनमें से बहुत से बस छोटे से बालक ही हैं। आप उन्हें अपनी बाहों में किस तरह से पालन–पोषण करते हैं! किस तरह से एक माँ अपने छोटे बच्चो की देखभाल करती है, उनकी आँखों से आँसू को पोंछती है और—और उन्हें विशेष चीजों को देती है क्योंकि वो उनसे प्रेम करती है। इसी प्रकार से आप अपने नए जन्मे बालको से प्रेम करते हैं, प्रभु। वे अभी तक चल नहीं सकते, वे बात भी नहीं कर सकते है। केवल एक चीज है जो वे कर सकते हैं वो है रोना और माँ की ओर देखना। हे परमेश्वर, उन्हें अपनी बाहों में ले लीजिये, कोमलता से, छोटे मेमनों की तरह, और जब तक वे परिपक्वता में न आ जाएं, तब तक उनका नेतृत्व करें ताकि वे चल सकें। तब, उनकी अगुवाई करे, प्रभु, सेवा के मार्गों में से होते हुए। इसे प्रदान करे।

317 हमें हमारे पापों के लिए क्षमा करे, जैसा कि हम उन लोगों को क्षमा करते हैं जो हमारे विरुद्ध पाप करते हैं। और हमें परीक्षा में न डाले, लेकिन बुराई से बचाये। क्योंकि यीशु मसीह के नाम के द्वारा राज्य, और सामर्थ, और महिमा युगानुयुग आपकी ही हैं। आमीन।

318 परमेश्वर आपको आशीष दें! मेरा विश्वास है कि प्रभु ने आज सुबह आपके लिए कुछ तो किया है ताकि आप नए वर्ष का आरंभ इस एक चीज से कर सकें, कि आप यीशु मसीह से प्रेम करते हैं, और किसी दिन आप उसे देखना चाहते हैं और उससे प्रेम करना चाहते हैं और हमेशा के लिए उसके साथ रहना चाहते हैं। यही मेरी इच्छा है कि आप में से कोई एक भी ना खो जाये, कि आप में से हर एक जन बचाया जाये और पवित्र आत्मा से भर दिया जाये, और उसके आगमन के दिन तक संरक्षित किया जाये, क्योंकि मैं विश्वास करता हूँ कि यह बहुत ही नजदीक है।

अब मैं सभा को वापस भाई नेविल को सौपता हूँ।

प्रकाशितवाक्य, अध्याय चार भाग 2 HIN61-0101

(Revelation, Chapter Four Part II)

यीशु मसीह के प्रकाशन की श्रृंखला

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 1 जनवरी, 1961 को, ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org